आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 111, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इमरान खान और बुशरा बीबी फिर गिरफ्तार 18

रवि के साथ काम करेंगी उर्वशी 17

अल्काराज फिर बने चैंपियन

लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हराकर स्पेन के कार्लोस अल्काराज (बाएं) ने लगातार दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। ● एजेंसी

राहुल को सत्ता मिलती तो हिंदू बोलने पर भी लग जाता प्रतिबंध

- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा भाजपा अकेली पैन इंडिया पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में नेताओं, पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि पार्टी की तरफ से किए अथक परिश्रम के बावजूद लोकसभा चुनाव में हम विपक्ष के फैलाए भ्रमजाल की काट न निकाल सके। कहा गया कि, आरक्षण समाप्त करने, संविधान खत्म करने और महिलाओं के खाते में 8500 रुपये भेजने जैसे विपक्ष के भ्रामक प्रचार के कारण भाजपा को आशातीत सफलता न मिल सकी। राहुल गांधी को निशाने पर रखते हुए पार्टी के बड़े नेताओं ने कहा कि अगर सत्ता में राहुल आ जाते तो हिंदू शब्द बोलने पर ही प्रतिबंध लग जाता। राहुल गांधी के हिंदू धर्म विरोधी होने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय आशियाना के अंबेडकर सभागार में रविवार को आयोजित भाजपा कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि इन चुनाव के नतीजों ने ये बता दिया कि अकेली भाजपा ही है जो पैन इंडिया पार्टी है, जो पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण हर जगह है। हम 140 करोड़ देशवासियों के प्रतिनिधि हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस आज परजीवी पार्टी हो गई है। ये दूसरों के वोट पर खड़ी है। इस चुनाव में इन्होंने संविधान पर खूब चर्चा की, लेकिन ये बताना हमारी जिम्मेदारी है कि संविधान के साथ खिलवाड़ किसने किया। इन्होंने 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिराया है। वो राम मंदिर की बात करते हैं, लेकिन राम मंदिर हमारे लिए आस्था का मुद्दा है। 1987-88 में भाजपा ने कहा था कि हम राम मंदिर बनाने के रास्ते को प्रशस्त करने का कार्य करेंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक : ओवरकॉन्फिडेंस से लोस चुनाव में नहीं आए आपेक्षानुरुप परिणाम

दीप प्रज्जवलित कर बैठक का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

अति आत्मविश्वास से अपेक्षाओं को चोट : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 और उसके बाद के चुनावों में जितना मत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में था, 2024 में भी भाजपा उतना वोट पाने में सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई है। बावजूद इसके 2027 में भाजपा का ही परचम फिर फहरेगा।

अखिलेश को ठिकाने लगा देगी कांग्रेस : चौधरी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने अपने संबोधन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को यह कहते हुए सावधान किया कि, कांग्रेस भस्मासुर है और बहुत जल्दी आपको ठिकाने लगा देगी। कांग्रेस की नजर आपके मुस्लिम वोट पर पड़ गई है। कांग्रेस की सोच एवं उनकी कार्यशैली में लोकतंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है।

एक नजर

आतंकी लांडा के पांच सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़। कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि उनके पास से तीन पिस्तौलें बरामद की गईं। उन्होंने कहा कि लांडा गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या अब 13 हो गई है।

सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए सेना ने रविवार को तीन अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर जारी घुसपैठ रोधी अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही हथियार और अन्य युद्ध सामग्री भी बरामद की गई हैं।

17.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के विभिन्न हिस्सों से करीब 17.5 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की गई है और चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस के सीपीआरओ प्रणबज्योति गोस्वामी ने कहा कि गोलाघाट जिले में दो स्थानों से 1.732 किग्रा हेरोइन जब्त की गई है।

चुनावी रैली में ट्रंप की हत्या का प्रयास

हमले में एक की मौत, सांसद समेत दो घायल, सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को मार गिराया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान जानलेना हमला हुआ। हालांकि पूर्व राष्ट्रपति इस हमले में बाल-बाल बच गए। इस हमले में दर्शक दीर्घा बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई और रिपब्लिकन सांसद के संबंधी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार ट्रंप पेंसिल्वेनिया के बटलर में शनिवार शाम लगभग सवा छह बजे अज्ञात बंदूकधारी की गोलीबारी में घायल हो गए। उनकी सुरक्षा में तैनात अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ट्रंप के कान से खून बहता देखा जा सकता है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं। बटलर काउंटी के जिला अटॉर्नी रिचर्ड गोल्डिंगर ने कहा कि संदिग्ध बंदूकधारी को मार गिराया गया है।

ट्रंप को सुरक्षित स्थान की ओर ले जाते अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के एजेंट। ● एजेंसी

सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने एक बयान में कहा कि पिट्सबर्ग से लगभग 30 मील उत्तर बटलर में शाम करीब सवा छह रैली स्थल से बाहर ऊंचे स्थान से अचानक गोलियां दागी गयीं। इस दौरान ट्रंप ने अपना हाथ अपने दाहिने कान पर रख लिया और पोडियम पर झुक गए।

सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और मंच से नीचे ले गए। पूर्व राष्ट्रपति का चेहरा खून से लथपथ था। अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने हमले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय मीडिया ने रविवार तड़के बताया कि हमलावर की पहचान पेंसिल्वेनिया थॉमस मैथ्यू क्रुक्स (20) के रूप की गई है।

टेक्सास के रिपब्लिकन सांसद रोनी जैक्सन के भतीजा भी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। जैक्सन ने कहा कि एक गोली उनके भतीजे की गर्दन को पार कर गई जिससे उसकी गर्दन से खून बह रहा था। अमेरिकी प्रतिनिधी सभा के मुख्य जांच बोर्ड ओवरसाइट कमेटी ने पूर्व राष्ट्रपतियों और वर्तमान राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक किम्बर्ली चीटल को ट्रंप पर हुए हमले को लेकर को तलब किया है। ओवरसाइट कमेटी ने 22 जुलाई को चीटल से पूछताछ करेगी। पैनल ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति की हत्या के प्रयास के बारे में हमें जवाब चाहिए।

- बंदूकधारी ने ऊंचे स्थान से पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को लक्ष्य कर चलाई थी गोलियां
- अमेरिकी प्रतिनिधी सभा ने अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक चीटल को तलब किया

बाइडेन, मोदी समेत कई हस्तियों ने की निंदा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत विश्वभर की महत्पूर्ण हस्तियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। बाइडेन ने कहा है कि यह जानकर उन्हें बहुत अच्छा लगा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जानलेवा हमले में बाल-बाल बच गए और वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए गहरी चिंता जताई। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासिचव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने हमले की कड़ी निंदा की है और कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है।

एफबीआई ने शुरू की घटना की जांच

संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एफबीआई के विशेष एजेंट केविन रोजेक ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि सीक्रेट सर्विस द्वारा मारे जाने से पहले बंदूकधारी मंच पर गोलियां चला चुका था। एफबीआई इस बात की जांच करेगा कि ऐसा कैसे हुआ, लेकिन जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से सीक्रेट सर्विस पर है। उसका एक ही काम है - अमेरिका के वर्तमान और पूर्व राष्ट्रपतियों की रक्षा करना और इसमें वे कल रात बुरी तरह से विफल रहे।

अब चालान-सीज नहीं, सीधे कबाड़ में कटेंगी डग्गामार बसें

मंगल सिंह, लखनऊ

- बिना फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट के सड़कों पर नहीं दौड़ पाएंगीं
- दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर परिवहन विभाग का बड़ा निर्णय

अमृत विचार : एक्सप्रेस-वे पर दौड़ रहीं डग्गमार बसें चेकिंग के दौरान फिट नहीं मिलीं तो कबाड़ में कटने के लिए तैयार हो जाएं। बस का फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट अपडेट नहीं होने पर ऐसे वाहन स्वामी बस का संचालन नहीं कर पाएंगे। परिवहन विभाग ने प्रदेश में होने वाली बस दुर्घटनाओं में कमी लाने और अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के सख्त तेवर के बाद परिवहन विभाग में हलचल सी मच गई है।

परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह के नए आदेश के मुताबिक अब रोड पर बिना फिटनेस, इंश्योरेंस, परमिट के सवारियां लेकर डग्गामार बसें दौड़ती मिलीं तो बस को चालान व सीज की कार्रवाई करने के बजाय आरटीओ की प्रवर्तन की टीम कबाड़ में कटवाने की कार्रवाई करेंगी। बसें बंद करने की बजाय कबाड़ में भेजी जाएंगी। इसके लिए टोल टैक्स केंद्र के इंट्री पर राउंड द क्लॉक सघन चेकिंग की जा रही है। परिवहन आयुक्त ने यह भी बताया कि हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर रोड दुर्घटना की जिम्मेदारी एनएचआई की होती है। आरटीओ प्रवर्तन टीम को एक्सप्रेस-वे पर चेकिंग करने का अधिकार नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) रोड इंजीनियरिंग, ब्लाइंड स्पॉट की जिम्मेदारी तय करेगा। हाईवे पर होनी वाली दुर्घटनाओं के लिए एनएचआई की ही जवाबदेही होगी।

> सुरक्षित यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से तत्पर है। प्रदेश के सभी रूटों पर अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। नियम विरुद्ध वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।
> -दया शंकर सिंह, परिवहन मंत्री।

कारोबारी की चाकू से गोदकर नृशंस हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक बजे उधारी के पैसे देने के बहाने घर का दरवाजा खुलवाकर घुसे बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर पीतल कारोबारी की नृशंस हत्या कर दी। घंटों तक लहूलुहान शव घर में ही पड़ा रहा।

वारदात में घायल एक हमलावर ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की 13 वर्षीय बेटी ने सो रही अपनी मां को जगाया। इसके बाद शोर मचाने पर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर डीआईजी मुनिराज जी मौके पर पहुंचे। पुलिस 13 वर्षीय बेटी को घटना का चश्मदीद मानकर जांच कर रही है। कारोबारी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कारोबारी अनिल

हमलावर आमोद

थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी अनिल चौधरी (30) पीतल कारोबारी हैं। उनकी फर्म में दो और पार्टनर हैं। अनिल अपनी पत्नी तन्नू चौधरी और दो बेटियों के साथ गाड़ीखाना स्थित मकान में रहते थे।

अनिल के भाई सोनू ने बताया कि थाना क्षेत्र के बीच होली का मैदान निवासी आमोद के मकान में बहजोई का मोहित किराये पर रहता था। शनिवार रात एक बजे आमोद और मोहित उधारी का पैसे देने के बहाने घर पहुंचे। अनिल ने जैसे ही दरवाजा खोला आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। आवाज सुन अनिल की 13 वर्षीय बेटी जाग गई। उसने मां को जगाया कि पापा को किसी ने चाकू से मार दिया। अनिल की पत्नी तन्नू के शोर मचाने पर दोनों आरोपी भाग खड़े हुए। घटना में चाकू लगने से घायल हमलावर आमोद गुप्ता के लिए एंबुलेंस को फोन करने के बाद दूसरा हमलावर मोहित मौके से फरार हो गया। अस्पताल में आमोद गुप्ता (45) ने भी दम तोड़ दिया। डीआईजी मुरादाबाद रेंज ने बताया कि मृतक की 13 वर्षीय बेटी ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान की है। आमोद और मोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

डीआईजी मुनिराज ने बताया कि वारदात में एक हत्यारोपी आमोद के हाथों पर चाकू लगे थे। उसको बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरे आरोपी मोहित की पुलिस तलाश कर रही है।

- रात एक बजे उधारी देने के बहाने घर में घुसे थे दोनों आरोपी
- वारदात के दौरान एक हत्यारोपी की भी मौत, हाथ में लगे थे चाकू
- सीसीटीवी फुटेज से बेटी ने आरोपियों को पहचाना

मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, एक जवान शहीद, 3 घायल

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में रविवार सुबह संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया जबकि सीआरपीएफ का एक जवान और मणिपुर पुलिस के दो जवान घायल हो गए। सभी को जिरीबाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक की पहचान बिहार के अजय कुमार झा (43) के रूप में की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि काफिले का वाहन चला रहे जवान के सिर में गोली लगी थी, अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता मंजूर नहीं

कार्यालय संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अधिवेशन में सुप्रीम कोर्ट के तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के फैसले को ख्वातीन की जिंदगी और खराब करने वाला बताया गया। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कहते हुए बोर्ड के प्रस्ताव में कहा गया कि जिस तरह हिंदुओं को हिंदू कोड लॉ के मुताबिक जिंदगी जीने का अधिकार है, उसी तरह मुसलमानों के लिए भी शरीयत एप्लीकेशन एक्ट 1937 मौजूद है। संविधान ने मजहब के मुताबिक (आर्टिकल 25) जिंदगी गुजारने का बुनियादी हक दिया है।

मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के राष्ट्रीय अधिवेशन में ऐलान

उत्तराखंड के समान नागरिकता कानून को देंगे चुनौती

एक प्रस्ताव में कहा गया कि अल्पसंख्यकों को जो अधिक दिए गये हैं, उन्हें समान नागरिकता कानून खत्म कर देगा। केंद्र या राज्य सरकार को समान नागरिकता कानून की बात नहीं करनी चाहिए। ये मुसलमानों को कबूल नहीं है। उत्तराखंड सरकार के समान नागरिकता कानून के खिलाफ बोर्ड अदालत जाएगा।

रविवार को मस्जिद झील पियाऊ, बहादुर शाह जफर मार्ग पर आयोजित बोर्ड के अधिवेशन में कई मुद्दों पर नाराजगी जताते हुए कहा गया कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह का परिणाम आया था, उससे लगा कि मुसलमानों के खिलाफ नफरत कुछ कम होगी, लेकिन माब लिंचिंग जैसी घटनाएं अब भी हो रही हैं। बोर्ड इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। अधिवेशन में बोर्ड ने 9 प्रस्ताव पारित किए। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी और संचालन राष्ट्रीय महामंत्री मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी ने किया।

कहा गया कि, वक्फ जायदाद दीनी और खैराती उद्देश्य से मुसलमानों के जरिए दिए गए हैं। मुसलमान ही इसके मुतवल्ली और सरपरस्त हैं, वही हकदार हैं। बोर्ड को कानूनी अधिकार दिए जाएं।

बेकाबू कैंटर ने सड़क किनारे खड़े 8 लोगों को रौंदा, युवती की मौत, सात घायल

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

अमृत विचार : गजरौला-हसनपुर मार्ग पर अनियंत्रित कैंटर ने सड़क किनारे खड़े 8 लोगों को रौंद दिया। जिसमें युवती की मौत हो गई जबकि 7 लोग घायल हो गए। लोगों ने कैंटर चालक को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से तीन लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कैंटर से मिस्त्री की दुकान के बाहर खड़ी सात बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

हापुड़ जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के उपेड़ा गांव निवासी पिंटू व उसकी बेटी मधु (18) समेत परिवार के लोग टाटा मैजिक से रविवार सुबह ढबारसी थाना क्षेत्र के गांव सांथलपुर बीच की मढ़ैया रिश्तेदारी में जा रहे थे। गजरौला में हसनपुर मार्ग के किनारे सभी लोग खरीदारी करने के लिए उतर गए। तभी चौपला की ओर से तेजगति से जा रहे दूध के कैंटर ने इनको रौंद दिया। मधु की कैंटर से कुचलकर मौत हो गई, जबकि पिंटू व शिवम, मोनिका, दीपक, अक्षय, एकता, रिषीका घायल हो गए। घटना के गुस्साए लोग कैंटर चालक को पीटने लगे। सीओ श्वेताभ भास्कर ने नाराज लोगों के चंगुल से कैंटर चालक प्रेमपाल निवासी पाठकपुर जनपद संभल को छुड़ाया।

कैंटर की टक्कर से क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलें।

- घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, तीन गंभीर
- मिस्त्री की दुकान के बाहर खड़ी सात बाइकें भी क्षतिग्रस्त

46 साल बाद खोला गया पुरी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया। ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था।

आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत के लिए खोला गया

- उड़ीसा हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश समेत 11 लोगों की देखरेख में पूरी होगी प्रक्रिया

जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार खोले जाने पर जमा श्रद्धालु।

रत्न भंडार को दोपहर 1:28 बजे शुभ घड़ी में खोला गया। खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, एएसआई के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा के एक प्रतिनिधि शामिल थे।

संदूकों में भरकर रखे जाएंगे रत्न

पाधी ने बताया कि रत्न भंडार के बाहरी कक्ष की तीन चाबियां उपलब्ध थीं जिनमें से एक गजपति महाराज के पास, दूसरी एसजेटीए के पास और तीसरी एक सेवक के पास थी। उन्होंने बताया कि आंतरिक कक्ष की चाबी गायब है, हालांकि उसे नई चाबी से खोलने के बाद सील कर दिया जाएगा तथा जिलाधिकारी की निगरानी में नई चाबी को जिला कोषागार में रखा जाएगा। रत्न भंडार में रखे गए कीमती सामान को ले जाने के लिए लकड़ी के छह संदूक मंदिर में लाए गए हैं। सागवान की लकड़ी से बने ये संदूकें 4.5 फुट लंबी, 2.5 फुट ऊंची और 2.5 फुट चौड़ी हैं, अंदरूनी हिस्से में पीतल लगा है।

बहुमूल्य वस्तुओं की बनेगी डिजिटल सूची

मंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने बताया कि तीन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई हैं जिसमें से एक रत्न भंडार को फिर से खोलने से संबंधित है, दूसरा अस्थायी रत्न भंडार के प्रबंधन के लिए है और तीसरा कीमती सामान की सूची से संबंधित है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सरकार ने रत्न भंडार में मौजूद बहुमूल्य वस्तुओं की डिजिटल सूची तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें उनके वजन और निर्माण आदि का विवरण दिया जाएगा।

एक नजर

17 जुलाई से चार माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

बरेली, अमृत विचार : 17 जुलाई से 12 नवंबर तक लगने वाले चातुर्मास में सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। कालीबाड़ी मंदिर के पुजारी व ज्योतिषाचार्य पं. बृजेश गौड़ ने बताया कि इस दौरान नियमित पूजा-अर्चना और अनुष्ठान विधिवत होते रहेंगे। पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी 16 जुलाई को रात 8:35 बजे से अगले दिन 17 जुलाई को रात 9:04 बजे तक रहेगी। इस दौरान चातुर्मास में होने वाले अनुष्ठान भी शुरू हो जाएंगे, जो कार्तिक शुक्ल पक्ष की देव प्रबोधिनी एकादशी 12 नवंबर तक चलेंगे। देवशयनी एकादशी से देवप्रबोधिनी एकादशी तक साधु, संत और विष्णु उपासकों को चार महीनों तक सभी यम, नियम, संयम और व्रत रखने चाहिए। पं. मुकेश मिश्रा ने बताया कि चातुर्मास में विवाह, सगाई, मुंडन, नामकरण, गृहप्रवेश आदि मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए। इस दौरान भगवान विष्णु की उपासना के साथ विशेष अनुष्ठान, मंत्र जाप, गीता का पाठ आदि करना उत्तम फलदायी होता है।

शादी समारोह में रसगुल्ले को लेकर मारपीट और पथराव

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में शनिवार रात शादी समारोह में खाने के दौरान रसगुल्ले को लेकर भातियों और ग्रामीणों में नोकझोंक के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायल कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव झुरेरी में खाने के दौरान रसगुल्ले ने शादी समारोह में हंगामा करा दिया। गांव झुरेरी निवासी किसान मोहन पुत्र प्रसादी की बेटी विरो की बरात शनिवार शाम आदमपुर के गांव पुरसल से आई थी। बरात की चढ़त के बाद खाना चल रहा था। शादी में दुल्हन के जनपद बुलंदशहर के पलवाड़ा निवासी मामा व अन्य रिश्तेदार भी शामिल थे। बताया जाता है कि इस दौरान मामा पक्ष के व्यक्ति ने भोजन परोसने वाले से एक रसगुल्ला अधिक मांग लिया। इस बात को लेकर नोकझोंक के बाद मारपीट हो गई। इसके बाद दुल्हन के घर पर पथराव की बात भी कही जा रही है। जिसके चलते घर की छत पर लगी टिन की चादर भी टूट गई। इससे मौके पर अफतातफरी मच गई। मारपीट में दुल्हन की रिश्तेदार चमेली, विद्यावती एवं चरन सिंह घायल हो गए। मौके पर मची अफरातफरी के बीच घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मामले में कोतवाली में तहरीर दी गई है।

पुलिस का कहना है कि मारपीट में बरात पक्ष का कोई लेना देना नहीं था। जिस पक्ष से मारपीट हुई वह दुल्हन के रिश्तेदार हैं। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सदभावना पार्क में रोपे पीपल व आंवला के पौधे

मुरादाबाद, अमृत विचार : वन महोत्सव के तहत अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सद्भावना पार्क में पौधरोपण किया। पदाधिकारियों ने नीम, पीपल और आंवला के पौधे लगाकर इनके संरक्षण पर जोर दिया।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि समय-समय पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है। यह बात सबको समझना जरूरी है। हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि एक पौधा जरूर लगाएंगे और उसकी देखभाल भी करेंगे।

इस दौरान महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सक्सेना, राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना, केबी सक्सेना, अनिल सक्सेना, रजनी सक्सेना, अरविंद सक्सेना, बीके सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

बढ़िया बरसात होने से लहलहाईं खरीफ की फसलें, किसानों के चेहरों पर छाई खुशी

रामपुर, मुरादाबाद और बरेली में हुई सामान्य से अधिक वर्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जून के अंतिम सप्ताह से 14 जुलाई तक पश्चिमी रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, अलीगढ़, औरैया, बदायूं व बिजनौर में सामान्य से अधिक वर्षा हुई। इससे किसानों की मौज हो गई है। खरीफ की फसलें लहलहा उठी हैं। जबकि, मेरठ और उसके आसपास के जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि जून के अंतिम व जुलाई के प्रथम सप्ताह मे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अच्छी वर्षा दर्ज की गई। जुलाई के दूसरे सप्ताह से इसकी गति धीमी पड़ गई। अब तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समान्य से 23 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। लेकिन खेती के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण समझे जाने वाले मेरठ व उसके आसपास के जिलों मे सामान्य से कम वर्षा हुई है। आईएमडी के आकड़ों के अनुसार एक जून से 14 जुलाई तक मेरठ जिले में सामान्य से 31 प्रतिशत कम वर्षा हुई। इसके अलावा बागपत में 47, बुलंदशहर में 20, हापुड़ में 42, मुजफ्फरनगर में 43, सहारनपुर में 77 एवं शामली में 86 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई है।

रविवार को आसमान में मंडराते बादल।

> आने वाले दो सप्ताह में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा के संकेत हैं, जो चिंता का विषय है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहने का अनुमान है। -डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

उमस भरी गर्मी में पसीना-पसीना हुए लोग

मौसम का मिजाज बदलने और बारिश होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली थी। रविवार को बादल छाए रहे। दोपहर में काली घटाएं घिरकर आईं लेकिन, बारिश नहीं होने से उमस काफी बढ़ गई और लोग गर्मी से हलकान होते रहे। किसान होरी लाल ने बताया कि मेंथा, गन्ना, धान की फसलों के लिए बारिश की जरूरत है। लेकिन, बादलों के अलावा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।

डिलीवरी के बाद जच्चा-बच्चा की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा, अस्पताल सील

नोडल अधिकारी ने अस्पताल संचालिका के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद जच्चा बच्चा की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने महिला चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया है। नोडल अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बहजोई के गांव लहरावन निवासी ग्रामीण खेमपाल की पत्नी मनीषा को शनिवार की रात प्रसव पीड़ा उठी तो उसने अपनी पत्नी को बहजोई सीएचसी में भर्ती कराया। सरकारी अस्पताल से महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे बहजोई के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां पर रविवार की सुबह 6 बजे के लगभग महिला ने बच्चों को जन्म दिया। 1 घंटे बाद ही नवजात शिशु की मौत हो गई। उसके बाद महिला की भी मौत हो गई। जैसे ही परिजनों को नवजात शिशु व उसकी मां की मौत की खबर लगी तो उन्होंने हंगामा काटना प्रारंभ कर दिया। हंगामा को देखकर अस्पताल के स्टाफ में हड़कंप मच गया। वहां से अस्पताल का स्टाफ व चिकित्सक अस्पताल में ताला डालकर फरार हो गए। इसकी सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर कोतवाल योगेश कुमार यादव पुलिस बल के साथ पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया। कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्वास्थ्य विभाग के टीम नोडल अधिकारी शुभम अग्रवाल ने अस्पताल को सील कर दिया। नोडल अधिकारी की ओर से अस्पताल की संचालिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

जच्चा-बच्चा की मौत के बाद पूछताछ करते कोतवाल योगेश यादव।

> एक अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत की खबर मिली। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। मौके पर नोडल अधिकारी को भेजा गया। जिन्होंने जांच करते हुए अस्पताल को सील कर दिया है। वहीं अस्पताल संचालिका के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।
> -डा. तरन्नुम रजा, सीएमओ, संभल

- सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

12 वर्षीय बच्चे से तीन किशोरों ने किया कुकर्म

टांडा, अमृत विचार : शनिवार की रात तीन किशोरों ने 12 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शनिवार की रात करीब नौ बजे एक मोहल्ला निवासी 12 वर्षीय बालक घर के बाहर खेल रहा था। तभी मोहल्ले के तीन किशोर उसे बहला फुसलाकर ई-रिक्शा में बैठाकर झंडा चौक के पास स्थित राइस मिल में ले गए। आरोप है कि वहां तीनों किशोरों ने बालक के साथ सामूहिक रूप से कुकर्म किया। हालत बिगड़ने पर आरोपी उसे वहीं छोड़कर भाग गए। पीड़ित किसी तरह घर पहुंचा और सो गया। रात में जब वह पेशाब के लिए उठा तो दर्द के कारण उसे चलने में दिक्कत हुई। तब उसने अपनी मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद पंचायत का सिलसिला शुरू हो गया। इसी दौरान बालक की हालत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उसे रेफर कर दिया गया। इस पर परिजन उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया है।

जुलूस में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार

हजरत अब्बास अलमदार की याद में निकाला अलम का जुलूस

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार : रविवार को जोहर की नमाज के बाद इमामबाड़े से हजरत अब्बास अलमदार की याद में मोहर्रम की सातवीं तारीख को अलम का जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व जगह-जगह सबील लगाए गए। जुलूस मुख्य मार्गों से होते हुए बाजार में पहुंचकर संपन्न हुआ।

माहे मोहर्रम की सात तारीख को जोहर की नमाज के बाद इमामबाड़े से हजरत अब्बास अलमदार की याद में अलम का जुलूस निकाला। इसमें मुस्लिम समुदाय के लोग ढोल ताशों के साथ चल रहे थे। इससे पूर्व अनेक लोगों ने सबील लगाई और लोगों को शर्बत तकसीम किया। हजरत अब्बास अलमदार की याद में इमामबाड़े से निकाला गया जुलूस नगर के अनेक मोहल्ले में होता हुआ बाजार में संपन्न हुआ। इस दौरान सीओ टांडा केएन आनंद, कोतवाल टांडा ओमकार सिंह, चौकी इंचार्ज प्रशांत कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। अलम के जुलूस में इस्लाम अली, हाफिज अकबर अली, विधायक प्रतिनिधि इकराम अंसारी, कबीर अली, जाकिर अली, शाकिर अली सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

शिक्षकों के समर्थन में मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हसनपुर, अमृत विचार : शिक्षक संगठनों के आंदोलन के समर्थन में सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं कांठ विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। विधायक ने पत्र में कहा है कि ऑनलाइन अटेंडेंस से पहले विद्यालय एवं शिक्षकों की मूलभूत सुविधाओं को सरकार पूरा करे।

कांठ विधायक कमाल अख्तर ने शिक्षकों के समर्थन में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। विधायक ने कहा है कि शिक्षकों पर विश्वास करने से ही अच्छी पीढ़ी जन्म लेती है। कोई शिक्षक देर से स्कूल नहीं पहुंचाना चाहता है, लेकिन कहीं सार्वजनिक परिवहन देर से चलना, कहीं मौसम का अत्यधिक खराब होना और कहीं घर से स्कूल के बीच 50 किलोमीटर की दूरी आदि बातों में मानसिक रूप से उलझा अध्यापक कभी भी जल्दबाजी में दुर्घटनाग्रस्त भी हो सकता है। इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। यह आदेश अव्यवहारिक है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पहले सरकार प्रादेशिक विद्यालयों एवं शिक्षकों की मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण करें उसके बाद ऑनलाइन उपस्थिति का नियम लागू करें।

लगातार हुई बारिश और डैम से पानी छोड़े जाने से मुरादाबाद में भी रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते लोगों को नदी पार स्थित खेतों से पशुओं का चारा लाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। ● अमृत विचार

हरिद्वार में हाईवे से नीचे पार्किंग में गिरी मुरादाबाद डिपो की बस

ब्यूरो, हरिद्वार

अमृत विचार : देहरादून से आ रही मुरादाबाद डिपो की रोडवेज बस हर की पैड़ी के सामने अनियंत्रित होकर हाईवे की सुरक्षा दीवार तोड़कर नीचे पार्किंग के गेट पर गिर गई। बस के नीचे गिरते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में करीब 20 यात्री घायल हुए हैं।

मुरादाबाद डिपो की रोडवेज बस देहरादून से आ रही थी। शाम करीब साढ़े पांच बजे हर की पैड़ी के सामने हाईवे पर बस एकाएक अनियंत्रित हो गई और हाईवे की सुरक्षा दीवार को तोड़ते हुए नीचे गिर गई। जिस स्थान पर बस गिरी वह हाईवे की नीचे से दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग का एंट्री गेट है। हर की पैड़ी पर आने वाले वाहन हाईवे के अंडरपास से होकर इसी पार्किंग में खड़े होते हैं। बस नीचे गिरते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना होते ही पास ही स्थित पुलिस कंट्रोल रूम से पुलिस जवान व अन्य लोगों ने यात्रियों को बस से निकाला।

कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के मुताबिक बस में 35 से 40 यात्री सवार थे। इनमें से 20 से 25 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को 108 एंबुलेंस व स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में पार्किंग में खड़ी कई कारें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। संयोग से कोई वाहन अंडर पास से नहीं गुजर रहा था वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

हाईवे से नीचे गिरी मुरादाबाद डिपो की बस। ● अमृत विचार

- सुरक्षा दीवार तोड़कर नीचे पार्किंग के गेट पर गिरी अनियंत्रित बस

हादसे के बाद चालक हुआ फरार, मोबाइल बंद

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तराखंड के हरिद्वार में मुरादाबाद डिपो की बस हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में लगभग 30 यात्री घायल हुए हैं। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया और उसका मोबाइल भी बंद है। देर रात तक पुलिस और रोडवेज स्टाफ चालक की तलाश करते रहे। रविवार को मुरादाबाद रोडवेज डिपो की बस संख्या यूपी 21 एएन 3497 सवारियां लेकर देहरादून के लिए रवाना हुई थी। बताया गया कि बस जब हरिद्वार में पहुंची तो हर की पौड़ी इलाके में हाईवे की सुरक्षा दीवार तोड़कर की बस दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग के एंट्री गेट पर जा गिरी। इस हादसे में लगभग 30 यात्री घायल हुए, जिसमें पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मुरादाबाद डिपो की बस चालक बबलू चौधरी चला रहा था, जबकि परिचालक शिवा चौहान था। हादसे में परिचालक घायल हो गया है और चालक मौके से फरार हो गया। मुरादाबाद परिक्षेत्र की आरएम ममता सिंह ने बताया कि उत्तराखंड में मुरादाबाद डिपो की बस हादसे का शिकार हुई है। हादसे के तुरंत बाद ही नगीना डिपो के एआरएम और अन्य स्टाफ को घटना स्थल के लिए रवाना कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बस की स्पीड कम थी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। इस हादसे में ज्यादातर लोगों को मामूली चोटें आई हैं। जबकि पांच लोगों को उपचार के लिए ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि बस को बबलू चौधरी चला रहा था। हादसे के बाद से चालक लापता है और उसका मोबाइल भी बंद है। फिलहाल स्टाफ व पुलिस चालक की तलाश कर रहे है।

सिविल लाइंस में टाइटस स्कूल को नगर निगम ने कब्जे में लिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर निगम की टीम ने सिविल लाइंस स्थित टाइटस स्कूल परिसर को कब्जे में ले लिया। इसके पट्टे की अवधि समाप्त हो गई थी। पुलिस की मौजूदगी में हुई कार्रवाई के दौरान भारी विरोध झेलना पड़ा।

नगर निगम प्रशासन पट्टे की अवधि समाप्त होने के बाद सिविल लाइंस स्थित टाइटस स्कूल और परिसर को कब्जे में लेने के लिए पहुंची। लोगों ने टीम का विरोध किया। लेकिन निगम के प्रवर्तन दल और पुलिस की सख्ती के चलते लोग पीछे हट गए। निगम प्रशासन ने परिसर में रहने वाले लोगों को दो माह में परिसर खाली करने का नोटिस दिया है।

नगर निगम ने पूरे परिसर में पांच स्थानों पर अपने कब्जे का बोर्ड भी लगा दिया है। तहसीलदार सदर की अगुवाई में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की। 1940 में लीज पर ली गई इस भूमि का अनुबंध निरस्त कर दिया गया। मौके पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार भी मौके पर पहुंचे।

तैयारी जिला अस्पताल में कांवड़ियों के लिए बनेगा 10 बेड का वार्ड, जनपद के आठ अस्पतालों में लगाई जाएगी ड्यूटी

कांवड़ यात्रा के दौरान 14 जगह तैनात रहेंगी एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को है। सावन में होने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांवड़ियों के लिए एंबुलेंस से लेकर अस्पताल तक व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं।

जनपद में बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेने के लिए ब्रजघाट व हरिद्वार जाते हैं। इसके अलावा अन्य जनपदों के कांवड़ियों का रेला भी हाईवे से गुजरता है। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन के अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। कांवड़ यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 14 एंबुलेंस प्वाइंट बनाए हैं। जहां हर समय कांवड़ियों के लिए एंबुलेंस मौजूद रहेगी। जिला अस्पताल समेत आठ अस्पतालों में दो-दो डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। वहीं 10 बेड भी जिला अस्पताल में कांवड़ियों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने बताया कि कांवड़ियों के स्वास्थ्य के लिए सीएचसी मिलक, शाहबाद, बिलासपुर, स्वार-टांडा सहित पीएचसी चमरौआ और रजपुरा में स्वास्थ्य अधिकारी के अलावा एक-एक डॉक्टर की ड्यूटी लगाने और स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय तथा स्वीपर सहित कर्मचारी लगाने का खाका तैयार किया गया है। इन सभी अस्पतालों में प्राथमिक उपचार के लिए 16 किट मौजूद रहेंगी। ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने पर कांवड़ियों को तुरंत उपचार दिया जा सके। एंबुलेंस के लिए 102 और 108 नंबर डॉयल करना होगा।

जिला अस्पताल में कांवड़ियों के लिए आरक्षित वार्ड। ● अमृत विचार

> सावन में कांवड़ियों के स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए डॉक्टरों और अन्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी प्रमुख शिवालयों पर रविवार व सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगेंगे।
> -डॉ. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

शिवालयों पर लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

सावन में सोमवार को शिवालयों पर भक्तों की काफी भीड़ रहती है। इसलिए यहां रविवार व सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। ताकि कांवड़ियों और भक्तों को आकस्मिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके। जीरो प्वांइट, दढ़ियाल, टांडा, धमोरा, मिलक में रविवार व सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगेगा।

कारोबार में मुनाफा देने का झांसा देकर हड़पे 35.54 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी

अमृत विचार : कारोबार में भारी मुनाफा देने का झांसा देकर महिला से 35.54 लाख रुपये हड़प लिये। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी द्वितीय में राजेंद्र खरे का परिवार रहता है। उनकी पत्नी डॉली का आरोप है कि शहर के मोहल्ला शफतपोता में रहने वाले आसिफ उस्मानी से उनकी मुलाकात किसी कार्यक्रम में हुई थी। इस दौरान आसिफ उस्मानी ने कारोबार में पैसा लगाकर मुनाफा देने का लालच दिया। उसने डॉली से 29 लाख 54 हजार आरटीजीएस के जरिए खाते में ट्रांसफर करा दिए। इसके अलावा 5.62 लाख रुपये नगद भी लिए।

करीब चार महीने के बाद डॉली ने कारोबार के बारे में पूछा तो आसिफ उस्मानी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। कुछ दिन बाद दोबारा पूछने पर उसने जान से मारने की धमकी दी और रुपये लौटाने से साफ मना कर दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को शिकायती पत्र देकर की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी आसिफ उस्मानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कच्चे मकान की छत गिरने से मां-बेटी घायल

टांडा, अमृत विचार : रविवार की दोपहर ग्राम सेंटाखेड़ा में असलम के कच्चे मकान की छत अचानक गिर गई। इसके मलबे में दबकर गृहस्वामी की पत्नी हसीन जहां व उसकी बेटी आफिया घायल हो गई। घायलों को परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। असलम मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता है। हादसे की सूचना पर नायब तहसीलदार अमित कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि मुआवजे की कार्रवाई की जाएगी।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration • Society Registration • Trust Registration • Section 8 Company Registration • Project Report • Audit Report • Annual Report
• 12A Registration • 80G Registration • Website for Ngo • Niti Ayog Registration (NGO Darpan) • E-Anudan, FCRA & MHRD • One Person Company Registration • LLP Company Registration
• Private Limited Company Registration • MSME Registration & CSR • Service Tax & DSC • 35AC Registration • Pan Card for Ngo • PAN Registration • Trade Mark Registration
• Copy Right Registration • Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम

मध्यम बारिश का अनुमान है।

33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:26 | सूर्यास्त 07:15

एक नजर

निर्यातक रजत सिंघल को मिला सम्मान

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के निर्यातक रजत सिंघल को अमेरिका स्थित मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से डॉक्टरेट की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। यंग एंटरप्रिन्योर सोसाइटी के डायरेक्टर रजत को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। डॉ. रजत सिंघल ने पिछले 15 वर्षों में यशोदा व आरके आईटीआई में 10 हजार अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया। सम्मान समारोह दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर पर आयोजित किया गया। यस के नेशनल चेयरमैन विशाल अग्रवाल समेत कई निर्यातकों ने रजत सिंघल को बधाई दी।

जरूरतमंदों की सहायता करना क्षत्रियों का कर्तव्य

मुरादाबाद, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक रविवार को अरविंद राठौर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना क्षत्रियों का कर्तव्य है। अशोक कुमार कठेरिया ने कहा कि महासभा ने 27 नवंबर को दो लड़कियों की शादी का संकल्प लिया है। संचालन संजय राघव ने किया। इस दौरान मनोज कठेरिया, अमित कुमार, राजीव कुमार, रजत कुमार, सौरभ, सुरेश कुमार, मनोज कुमार, बृजेश कुमार, आशीष प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, प्रशांत कुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि मनाएगी समिति

मुरादाबाद, अमृत विचार : सांस्कृतिक समिति की बैठक डॉ. प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें हिंदी फिल्मी गीतों के सुप्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर 31 जुलाई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि उनकी पुण्यतिथि पर फिल्मी गीतों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रविष्टि निशुल्क होगी। संचालन मोहम्मद अहमद ने किया। इस अवसर पर सुशील शर्मा, हाजी अशरफ अली, नाजिम, बिलाल अहमद, सुनील शर्मा मौजूद रहे।

मृतक कारोबारी की बेटी ने पहचाने आरोपी

फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की टीम बहजोई रवाना, जल्द हो सकती है गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक बजे हुई पीतल कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस मुख्य साजिशकर्ता की तलाश में जुटी है। दंपति की 13 वर्षीय बेटी ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान की है। जिसमें एक की मौत हो चुकी है। दूसरा आरोपी मोहित फरार है। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश के लिए बहजोई रवाना हुई है।

मृतक अनिल का परिवार रामपुर के शाहबाद लोधीपुर में रहता है। अनिल के भाई सोनू ने बताया है कि उनकी भाभी तन्नू चौधरी शादी के बाद से ही अलग रहना चाहती थी। घरेलू विवाद के चलते अनिल ने कटघर में पीतल का कारोबार शुरू किया था। सोनू ने बताया कि सुबह अनिल के पड़ोसी ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी थी। इसी दौरान परिवार के साथ वह कटघर के लिए निकल लिए। अनिल का शव देख परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटनास्थल पर पहुंचे डीआईजी मुनिराज जी ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कटघर में विलाप करती मृतक अनिल की पत्नी व बच्चे। ● अमृत विचार

घटनास्थल पर पहुंचे डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

कार्रवाई

- पुलिस तांत्रिक की भूमिका को मान रही संदिग्ध
- घटना की सूचना से मृतक के परिजनों में मचा कोहराम

अन्य लोगों से भी हो रही पूछताछ

घटना के समय घर में मौजूद दंपति की 13 वर्षीय बेटी को पुलिस ने चश्मदीद माना है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की शिनाख्त की है। पुलिस ने बेटी को आसपास के सीसीटीवी कैमरे दिखाए। जिसमें आरोपी घर में घुसते नजर आ रहे हैं। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं मृतक आरोपी आमोद के परिजनों ने बताया है कि आमोद लंबे समय से कैंसर से पीड़ित था। वह खाना भी ठीक से नहीं खा पाता था। आरोपी आमोद के परिजन भी घटना को संदिग्ध मान रहे हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया है कि मृतक आरोपी आमोद के मकान में मोहित और तांत्रिक युवक किराये पर रहता था। तांत्रिक युवक के साथ अनिल की पत्नी तन्नू चौधरी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालती थी।

वहीं अनिल के भाई सोनू ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से सोशल मीडिया से वीडियो हटा दी गईं हैं। फिलहाल पुलिस घटना में शामिल मुख्य साजिशकर्ता की तलाश में जुटी है। 13 वर्षीय बेटी के चश्मदीद व पिता की शिकायत पर मृतक आमोद और मोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं घटना में तांत्रिक की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। बहजोई निवासी मोहित और तांत्रिक की तलाश के लिए पुलिस टीम रवाना हो गई है।

यातायात अभियान में रविवार को 20 वाहनों के काटे गए चालान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जागरूकता अभियान में 114 वाहनों की चेक की गई फिटनेस

अमृत विचार: नाबालिगों के वाहन चलाने पर यातायात पुलिस सख्ती कर रही है। यह अभियान 20 जुलाई तक चलेगा। ट्रैफिक पुलिस नाबालिगों के वाहन चलाने पर पांच हजार रुपये का शमन शुल्क और अभिभावकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज होंगे। साथ में जागरूक भी किया जा रहा है।

टीआई अनुराधा सिंघल ने बताया है कि रविवार को भी अभियान के दौरान कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया है कि 114 वाहनों को चेक किया गया। जिसमें से 20 वाहनों को चालान काटे गए हैं। इसके बाद अभिभावकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि 16 साल से 18 साल के बीच नाबालिगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पांच जुलाई से शुरू हुआ है, 20 जुलाई तक चलेगा। दोपहिया वाहन स्वामियों के खिलाफ हाथों-हाथ 5000 रुपये व पेडिंग में दस हजार रुपये का शमन शुल्क वूसला जाएगा।

बता दें, यातायात नियमों के बारे में अब तक 7842 छात्रों को जागरूक किया गया है। वहीं 1355 स्कूल वाहनों की फिटनेस की गई है। जिसमें से 163 वाहनों के चालान काटे गए हैं। साथ ही ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने छात्रों को यातायात नियमों को भी पाठ पढ़ाया है।

महानगर में अभियान के दौरान वाहन चालक को जागरूक करतीं टीआई अनुराधा सिंघल व अन्य। ● अमृत विचार

पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करने वाले दो गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर के संवेदनशील इलाके में पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गोलीबारी में लोगों में भगदड़ मच गई थी। बाल-बाल लोगों की जान बची थी।

थाना क्षेत्र के प्रभात मार्केट के गुलाबबाडी रोड पर 9 जुलाई को दो अज्ञात बाइक सवारों ने खड़े वाहन में टक्कर मार दी थी। फिर वाहन स्वामी से मारपीट करने लगे थे। अचानक पहुंचे पुलिसकर्मियों को देखकर दोनों आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। आसपास के लोगों की भगदड़ में बाल-बाल जान बची थी। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है घटना में शामिल थाना क्षेत्र के पीतलनगरी निवासी जतिन पुत्र सुरेश और इन्द्रा कालौनी निवासी कृष्णा पुत्र बन्टी सैनी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास बाइक और एक तमंचा बरामद किया है। उन्होंने बताया है कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

1240 करोड़ से स्मार्ट होगी महानगर की बिजली व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रीवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के अंतर्गत विद्युत निगम मंडल में बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए 1240 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहा है। इसमें नए ट्रांसफार्मर लगाने से लेकर नए बिजलीघर बनाने व पुराने जर्जर तारों को बदलकर ने एबी केबिल डालने का काम किया जाएगा। पहले चरण में ने एबी केबिल डालने का काम मुरादाबाद महानगर में चल रहा है।

इस समय महानगर में 10 सड़कों पर एबी केबिल डालने का काम चल रहा है। हालांकि इसी चाल बहुत धीमी है। बारिश ने तो इसमें ब्रेक लगाने का काम किया है। अधिकारियों की माने को एबी केबिल डालने का काम लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। जोन के मुख्य अभियंता आरके बंसल का कहना है कि मुरादाबाद में तीन, रामपुर में एक, अमरोहा में एक, संभल में दो व बिजनौर में तीन बिजलीघर बनाने का प्रस्ताव भी भेजा गया था। 20 स्थानों पर नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं। इससे ओवरलोडिंग कम होगी और महानगर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो सकेगी।

गांवों में अलग किए जा रहे नलकूप फीडर

आरडीएसएस योजना के तहत गांवों में नलकूप फीडरों को घरेलू फीडरों से अलग किया जा रहा है। कई गांवों में यह कार्य पूरा हो चुका है। इससे गांवों में ओवरलोडिंग कम होगी और नलकूप उपभोक्ताओं को आठ घंटे व घरेलू उपभोक्ताओं को 18 घंटे बिजली मिल सकेगी। इसके अलावा ओवरलोडिंग वाले फीडरों को भी दो हिस्सों में बांट दिया जाएगा। एमडीए की जद में आने वाले गांवों को शहरी फीडरों से बिजली दी जाएगी।

महानगर में सितंबर तक लगाए जाएगे प्रीपेड मीटर

स्मार्ट सिटी के लिए बिजली विभाग प्रीपेड मीटर लेकर आया है। इस समय महानगर में मीटर लगाने के लिए सर्वे हो रहा है। अधिशासी अभियंता प्रथम सुधाकर ने बताया कि उनके क्षेत्र में 68 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। इस समय प्रीपेड मीटर लगाने के लिए सर्वे का काम किया जा रहा है। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत मंडल में बिजली व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए 1240 करोड़ रुपये का बजट है। नए एबी केबिल डालने का काम चल रहा है। वहीं शुरुआत में शहरी क्षेत्र में मीटर लगाए जानें हैं। प्रथम चरण में 50 हजार मीटर लगेंगे। अगस्त सितंबर तक शहरी क्षेत्र में शत प्रतिशत प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य है। इन मीटरों में रीचार्ज करने पर ही बिजली मिलेगी।

- आरडीएसएस योजना के तहत खर्च होगी धनराशि
- महानगर में चल रहा एबी केबिल डालने का कार्य

बारिश के बाद भी नहीं रुक रहे फाल्ट महानगर में बिजली संकट बरकरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- असालतपुरा, हरथला, दीनदयाल नगर में फाल्ट होने से घंटों गुल रही बिजली

अमृत विचार: बारिश के बाद भी लोकल फाल्ट रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। महानगर में कई इलाके तो ऐसे हैं। जिनमें रोज घंटों बिजली गुल रही है। लेकिन, विभाग की ओर से फाल्ट न हों इसके पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

कहने को तो महानगर में स्मार्ट सिटी के तहत बिजली व्यवस्था पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं। प्रीपेड मीटर से लेकर नए ट्रांसफार्मर रखने की तैयारी चल रही है। लेकिन, इसके बाद भी लोकल फाल्ट से लोग रोज घंटों परेशान होते हैं। लेकिन, विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है। मुफ्ती टोला, असालतपुरा जैसे इलाकों में रोज बिजली घंटों गुल रहना आम बात है। असालतपुरा निवासी विपिन ने कहा कि शनिवार को ट्रांसफार्मर में आग लगने की वजह से घंटों बिजली गुल रही। रविवार को भी ऐसे ही हालात रहें। दोपहर में करीब 1 घंटा बिजली गायब रही। इसका कारण नहीं पता चला। वहीं हरथला, दीनदयाल नगर में भी बिजली कटौती की जा रही है। लोगों का कहना है कि शायद ही कभी 24 घंटे पूरे बिजली आई है। रोज बिजली का आना जाना लोगों को परेशान कर रहा है। अधिशासी अभियंता द्वितीय का कहना है कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार ग्रहण किया है। इसलिए थोड़ा शहर की बिजली व्यवस्था को समझ रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि वह जल्द सभी परेशानियों को दूर करेंगे।

आयकर विभाग की साइट धीमी, रिटर्न भरने में दिक्कत

मुरादाबाद, अमृत विचार: करदाताओं को वर्ष 2022-23 तक का आयकर रिटर्न फाइल करना है। रिटर्न भरने के लिए 31 जुलाई तक का समय दिया गया है। लेकिन, लगातार आयकर विभाग की साइट धीमी होने से रिटर्न भरने के लिए करदाताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जोनल टैक्स बार के सदस्य गौरव गुप्ता ने बताया कि आयकर विभाग की साइट धीमी होने से करदाताओं को तो समस्या हो ही रही है, सरकार को भी राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। इसके अलावा आयकर रिटर्न न होने और टैक्स न भरने से कई करदाताओं के बैंक के काम भी अधर में लटके हुए हैं। बिना आयकर रिटर्न के बैंक लोन व लिमिट की कार्रवाई भी आगे नहीं बढ़ती। यही वजह है कि अभी तक महानगर में बहुत कम करदाता ही रिटर्न फाइल कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे में समय सीमा तक करदाता टैक्स जमा नही कर पाएंगे।

कार्रवाई बेहद संवेदनशील होते हैं एनएचएआई के कार्य, तमाम बारीकी देखने के बाद मिलता है कार्य पूर्णता का प्रमाणपत्र

एनएचएआई के कार्यों में गड़बड़ी करने वाली फर्मों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दागी कार्यदायी संस्थाओं का विवरण पोर्टल पर डाला जाता है
- कार्य में लापरवाही पर कार्यदायी संस्था को किया है ब्लैकलिस्टेड

अमृत विचार : भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कार्यों में गड़बड़ी करने वाली कई फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई हो गई है। इन्हें काली सूची में डाला गया है। यही नहीं, कार्रवाई के बाद एनएचएआई ने इन दागी कार्यदायी संस्थाओं के नाम सार्वजनिक कर दिए हैं। इनके नाम पता और किस संबंधित कार्य में गड़बड़ी की है आदि विवरण को एनएचएआई पोर्टल पर डाल दिया है।

कार्रवाई में शामिल कार्यदायी संस्था डेटा टेक्नोसिस (इंजीनियर्स) प्राइवेट लिमिटेड एमएसपीर्क फ्यूचरिस्टिक्स एवं एसोसिएट्स के सहयोग से कार्य करने वाली फर्म ब्लैकलिस्टेड हुई है। यह संस्था हाईवे पर काम कर रही थी। इस फर्म के पास आगरा बाईपास (उत्तरी) का 6-एल किमी को जोड़ता है। एनएच-2 (नया एनएच-19) के 174.500 किमी यमुना एक्सप्रेसवे का 141.00 किमी का काम था। यह फर्म एमएसपीएआरके, नोएडा वन, सेक्टर-62, नोएडा की है। इसे एक साल तक के लिए एनएचएआई ने अभी 30 मई 2024 को ब्लैकलिस्टेड किया है। इसे 30 मई 2025 तक हाईवे पर कोई काम नहीं दिया जाएगा। इसी तरह से एनएच-2 के किमी 178.8 को एनएच-3 के किमी 13.03 से जोड़ने वाला आगरा बाईपास (किमी 0.0 से किमी 32 तक) निर्माण मामले में पश्चिम यूपी की जेएस ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रकशन को दो साल तक के लिए ब्लैकलिस्टेड किया है। यह फर्म 28 जून 2023 से 28 जून 2025 तक अर्थात कुल 24 महीने के लिए ब्लैकलिस्टेड की गई है। जेएस ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रकशन फर्म वाराणसी के सी-7/126-ए सेनपुरा, चेतगंज की है। ऐसे ही कई कार्मिकों को व्यक्तिगत तौर पर एचएचएआई कार्यों में प्रतिबंधित कर दिया है। इसमें यूपी की अभिजीत पालित की फर्म इंटरकॉन्टिनेंटल कंसल्टेंट्स एंड टेक्नोक्रेट्स प्रा. लिमिटेड है। यह फर्म एनएचएआई के कायों में ब्रिज/स्ट्रक्चरल इंजीनियर का कार्य कर रही थी। इसे 24 मई 2024 से 24 अगस्त 2024 तक के लिए ब्लैकलिस्ट में डाला गया है। आरोप है कि इस फर्म ने 6-एल ग्रीनफील्ड वाराणसी-रांची-कोलकाता राजमार्ग पर रेवासा गांव के पास एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के जंक्शन से खैंटी गांव के पास चंदौली-चैनपुर रोड के जंक्शन तक (किमी 0.0 से किमी 27.0 तक) के कार्य में गड़बड़ी की है।

लापरवाही पर कार्यदायी संस्था पर होगी कार्रवाई

इस मामले में मुरादाबाद क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक अभियंता शांतनु ने बताया कि एनएचएआई के कार्य बेहद संवेदनशील होते हैं और उन्हें बहुत जिम्मेदारी के साथ पूरा करना होता है। इस मामले में लापरवाही क्षम्य नहीं होती है। उन्होंने बताया कि फर्म के एक बार ब्लैकलिस्टेड होने से फिर उसे दोबारा एनएचएआई में काम मिलने में तमाम बाधाओं का सामना करना होता है। दोबारा संबंधित फर्म बेहतर कार्य करेगी ही यह जल्दी विश्वास करना मुश्किल होता है। सहायक अभियंता ने बताया कि एनएचएआई के संबंधित कार्यों की तमाम बारीकी देखने के बाद ही कार्य पूर्णता का प्रमाणपत्र दिया जाता है।

पीतल का कारोबार खोलने के नाम पर छह लाख हड़पे

मुरादाबाद, अमृत विचार: मुगलपुरा थाना क्षेत्र में दोस्तों ने युवक से पीतल का कारोबार खोलने के नाम पर छह लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के लालबाग रामगंगा कॉलोनी निवासी रवि कुमार ने तहरीर में बताया है कि नागफनी के नबाबपुरा निवासी मुन्नालाल और नितिन ने 2019 में पीतल की ढलाई का कारोबार खोलने की बात कही। तीनों दोस्तों ने पांच-पांच लाख रुपये जुटा लिए। इसी दौरान कोरोना में लॉकडाउन लग गया। फिर दोनों ने पैसे कम पड़ने का हवाला देकर रवि से डेढ़ लाख रुपये और ले लिए। फिर भी मुन्नालाल और नितिन ने कारोबार नहीं खोला। आरोप है कि पीड़ित ने जब पैसे वापस करने के लिए कहा तो आरोपी टालमटोल करने लगे।

पत्नी की हत्या कर शव ठिकाने लगाने के आरोप में पति को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एक सप्ताह पहले गुम हुई महिला का नहीं लगा सुराग

अमृत विचार: कघटर थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर शव ठिकाने लगाने के शक में पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है। एक सप्ताह पहले पति ने पत्नी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला के मायके वालों की शिकायत पर पुलिस आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

थाना क्षेत्र के पंडित नगला निवासी हीरा ने 7 जुलाई को दी तहरीर में बताया था कि उसकी पत्नी प्रीती (23) 6 जुलाई को घर पर कपड़े लेने की बात कहकर गई थी। इसके बाद पति समेत परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पति ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस टीम ने भी खोजा, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चला। वहीं ससुराल वालों ने पति पर हत्या करके शव ठिकाने लगाने का आरोप लगाया है। महिला के मायके वालों की शिकायत के बाद पुलिस ने पति हीरा को हिरासत में लिया है। पुलिस हत्या के शक में हीरा से पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के मुताबिक, प्रीती की तलाश की लिए टीम गठित की गई है। घटना में शामिल आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। हालांकि पूरे दिन रामगंगा नदी से शव बरामद होने की चर्चा रही। मीडिया में तरह-तरह की सूचनाएं चलीं। देर रात सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह ने अफवाहों पर विराम लगाया।

शहर में आज

- रोटरी अंतर्राष्ट्रीय की बैठक बुद्धि विहार स्थित लवीना रेस्टोरेंट में शाम 4 :00 बजे।
- इमामबाड़ा लाकड़ीवालान में मजलिस सुबह 8 :30 बजे।
- चौमुखा पुल स्थित इमामबाड़े में मजलिस शाम 5 :00 बजे।
- लाल मस्जिद में जिक्र ए शहीदाने कर्बला कार्यक्रम रात 9 :00 बजे।

एक नजर

टैक्स बढ़ोतरी का विरोध

मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में कई गुणा बढ़ोतरी पर लोगों ने विरोध जताया है। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के महानगर अध्यक्ष राजीव मदान ने कहा कि टैक्स बढ़ोतरी से व्यापारियों के साथ ही आमजन का भी उत्पीड़न हो रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता तब तक हाउस टैक्स जमा नहीं करेंगे।

शिवसेना की बैठक को संबोधित करते जिला प्रमुख गुड्डू सैनी। ● अमृत विचार

यातायात नियमों का पालन करें कांवड़िये

मुरादाबाद, अमृत विचार: आशियाना स्थित शिवसेना जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने शिव भक्तों से निवेदन किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठे। अपनी गाड़ी का इंश्योरेंस, आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखें और बाइक का साइलेंसर तेज ध्वनि का ना हो।

जिला प्रमुख ने कहा कि शराब पीकर वाहन न चलाया जाए। डीजे की हाइट ज्यादा ऊंची ना रखें। ऊंची हाइट रखने से बिजली के तारों में व पेड़ों की टहनी टकराने से कई बार दुर्घटना हो चुकी है। सभी शिव सैनिकों को दिशा-निर्देश दिए गए की 22 जुलाई से शिवरात्रि के महापर्व पर विभिन्न जनपदों से शिव भक्त कांवड़िये पूरी श्रद्धा के साथ हरिद्वार व बृजघाट से जल लेकर अपने-अपने जनपदों को प्रस्थान करें। इस दौरान बाबा कुशल, मनोज कुमार, राकेश कुमार, कासिम मंसूरी, समर पाल, ठाकुरदास सैनी, राजेंद्र कश्यप, प्रेमपाल सैनी, भगवान दास कश्यप, महेश शर्मा ओम प्रकाश सैनी, रवि सैनी, पुष्पा सिरोही आदि मौजूद रहें।

एक करोड़ की लागत से निर्मित हुआ है कटघर में रामगंगा नदी किनारे अटल घाट, हो रही उपेक्षा

लापरवाही : पूर्व प्रधानमंत्री अटल के नाम पर बने घाट की उपेक्षा

सिविल लाइंस स्थित अटल पथ पर अनावरण का इंतजार करती अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर बना अटल घाट नगर निगम प्रशासन की अनदेखी और उपेक्षा का शिकार है। बरसात में अटल घाट पर दीवार का निर्माण न होने से वहां की स्थिति दयनीय हो गई है। देखभाल में लापरवाही से अटल घाट पर्यटन का केंद्र बनने की बजाय उपेक्षित होता जा रहा है।

कटघर में रामगंगा नदी के तट पर एक करोड़ रुपये की लागत से अटल घाट का निर्माण किया गया था। यहां पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की गई थी। अटल घाट का लोकार्पण 7 नवंबर 2022 को उस समय के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने वर्चुअल रूप से किया था। महापौर विनोद अग्रवाल, तत्कालीन नगर आयुक्त संजय चौहान व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में इस घाट के लोकार्पण के बाद यहां पर्यटन का केंद्र विकसित होने की पूरी उम्मीद जग गई। इसे

कटघर में रामगंगा नदी के तट पर अटल घाट के सात नवंबर 2022 को लोकार्पण का लगा शिलापट्ट।

अटल परिपथ के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी नगर निगम की बोर्ड बैठक में पारित हुआ था। लेकिन, इसकी देखभाल भी नगर निगम प्रशासन ठीक से नहीं करा पा रहा है। निगम प्रशासन की अनदेखी और कार्यदायी संस्था के ठेकेदार की लापरवाही भारी पड़ रही है। अटल घाट पर सुरक्षा दीवार का निर्माण होना था। लेकिन, एक साल से अधिक समय बीतने पर भी अभी नहीं बन पाया। अब निगम प्रशासन की ओर से ठेकेदार व उसकी फर्म मेसर्स शिव कन्स को कालीसूची में डालने के साथ ही कटघर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की रिपोर्ट अवर अभियंता (सिविल) किशन लाल के द्वारा दी गई है। सुरक्षा दीवार न बनने से वहां बनी प्रतिमा भी असुरक्षित है। जिससे महानगर में पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर किए विकास कार्य पर सवाल खड़ा हो गया है।

- 7 नवंबर 2022 को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने किया था अटल घाट का वर्चुअल लोकार्पण

पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा को अनावरण का इंतजार

मुरादाबाद, अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर बने अटल घाट की उपेक्षा ही सिर्फ नहीं हो रही है। सिविल लाइंस में उनके नाम पर बने अटल पथ के जीर्णोद्धार का कार्य भी सुस्त है। निगम की ओर से अटल पथ पर पूर्व प्रधानमंत्री की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। लेकिन करीब एक साल से इसे अनावरण का इंतजार है। धूप, बारिश, ठंड में खड़ी इस प्रतिमा का अनादर ही हो रहा है।

श्रावण मास में महानगर के शिवमंदिरों पर भोलेनाथ का होगा जलाभिषेक

जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को मंदिरों के आसपास सफाई व पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश, दूर नहीं हुए सड़कों के गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 22 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावण मास में भोलेनाथ के भक्त उनका गंगाजल व दूध आदि से अभिषेक करने के लिए जहां तैयारी में जुटे हैं। वहीं प्रशासन व अन्य विभाग कांवड़ यात्रा व जलाभिषेक को लेकर प्रबंध कर रहे हैं। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने नगर आयुक्त को महानगर के सभी शिवमंदिरों की साज सज्जा व उसके आसपास सफाई, पथ प्रकाश आदि सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। साथ ही कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान सड़क के गड्ढों से परेशानी न हो इसके लिए सड़कों को गड्ढामुक्त भी किया जा रहा है।

22 जुलाई से प्रारंभ हो रहे श्रावण मास में पहले ही दिन सोमवार है। ऐसे में बड़ी संख्या में भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार से गंगाजल भरने के लिए जाने की तैयारी में जुट गए हैं। बड़ी कांवड़ लेकर डीजे पर जाने वाले भी अपनी व्यवस्था बना रहे हैं।

मुरादाबाद ही नहीं रामपुर, बरेली आदि जिलों से भी शिवभक्त कांवड़ लेने कांठ रोड होते हुए हरिद्वार जाते हैं। कांठ रोड पर बरसात में सड़कों में गड्ढे से कांवड़ियों को असुविधा होती। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने 2 जुलाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आदि के साथ छजलैट तक कांवड़ पथ का निरीक्षण कर मार्ग की मरम्मत कराने, गड्ढों को भरने, बिजली विभाग के अधिकारियों से लटकते तारों को ठीक करने, जर्जर खंभों को बदलने का काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था। वहीं दिल्ली रोड पर कांवड़ियों के आने जाने को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी प्रबंध पूरे करने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर कांठ रोड पर इन दिनों लोक निर्माण विभाग की ओर से गड्ढों की भराई कर सड़कों की मरम्मत कराई जा रही है। हालांकि कई जगह अभी भी सड़क टूटी है। जिसकी अनदेखी से कांवड़ियों को टूटी सड़कों के कंकड़ चुभेंगे। किला तिराहे व मधुबनी के पास बन रही पुलिया के कार्य को भी जल्द पूरा करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया है। जिलाधिकारी का कहना है कि कांवड़ यात्रा से संबंधित कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।

कांठ रोड पर विवेकानंद हॉस्पिटल के सामने उखड़ी सड़क। ● अमृत विचार

यह हैं महानगर के प्रमुख शिवमंदिर

- चौरासी घंटा मंदिर, किसरौल
- झारखंडी मंदिर, नवाबपुरा
- ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, खुशहालपुर
- महाकालेश्वर धाम, नया मुरादाबाद
- ढाप वाला मंदिर, आशियाना
- दिव्यलोक मंदिर, आशियाना
- शिवमंदिर हरथला

सर्वार्थ सिद्धि योग में 22 जुलाई से शुरू हो रहा श्रावण मास, पहले ही दिन सोमवार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सर्वार्थ सिद्धि योग में 22 जुलाई से श्रावण मास आरंभ हो रहा है। पहले ही दिन श्रावण महीने का पहला सोमवार पड़ेगा। जबकि अंतिम सोमवार 19 अगस्त को पड़ेगा। इस साल श्रावण में 5 सोमवार का व्रत है और चार मंगला गौरी व्रत होंगे।

ज्योषिचार्य पं. केदार मुरारी ने बताया कि सावन की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि, प्रीति योग और आयुष्मान योग में होगी। सावन में शिवो भूत्वा शिवम् यजेत अर्थात शिव सा बन शिव की पूजा करें। सावन में इस बार पांच सोमवार होंगे और 29 दिन का महीना है। सावन में सोमवार के दिन का विशेष महत्व है। सावन सोमवार व्रत मनोकामना पूर्ति के लिए किया जाता है।

शिव का कराते हैं रुद्राभिषेक, कांवड़ चढ़ाने की भी प्रथा

ज्योतिषाचर्य ने बताया कि श्रावण महीने में भोले शंकर की विशेष अराधना की जाती है। शिवभक्त शिव का रुद्राभिषेक कराते हैं। कांवड़ चढाने की प्रथा भी है। सावन भगवान शिव का सबसे पसंदीदा माह है। इस दौरान यदि कोई श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ भोलेनाथ की आराधना करता है तो उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। इस महीने भगवान शिव की विधि-विधान के साथ पूजा होती है। सावन के पावन महीने में शिव के भक्त कांवड़ लेकर आते हैं और उस कांवड़ में भरे गंगा जल से शिवजी का अभिषेक करते हैं।

श्रावण में इस बार तीन अद्भुत संयोग

22 जुलाई को सावन के आरंभ होते ही प्रात : 5 : 37 से रात्रि 10 : 21 तक सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। वहीं प्रीति योग जो 21 जुलाई को रात्रि 9 :11 पर शुरू होगा और 22 जुलाई को सायं 5 :58 पर समाप्त होगा। तीसरा योग आयुष्मान योग है जो सायं 05 : 58 से आरंभ होकर 23 जुलाई को दोपहर 2 :36 पर समाप्त होगा।

2 अगस्त को श्रावण मास की शिवरात्रि

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 2 अगस्त को सावन की मासिक शिवरात्रि मनाई जाएगी। वहीं सावन के आखिरी और पांचवें सोमवार 19 अगस्त को ही रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया जाएगा।

सावन महीने के सोमवार

22 जुलाई	सोमवार	श्रावण का पहला दिन, सावन का पहला सोमवार
29 जुलाई	सोमवार	सावन का दूसरा सोमवार
5 अगस्त	सोमवार	सावन का तीसरा सोमवार
12 अगस्त	सोमवार	सावन का चौथा सोमवार
19 अगस्त	सोमवार	सावन का पांचवां सोमवार

अटल घाट पर निर्माण न होने से ठेकेदार पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: रामगंगा नदी के किनारे अटल घाट पर दीवार का निर्माण न होने के कारण नगर निगम ने फर्म को काली सूची में डाल दिया है। बारिश में सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचने पर ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

नगर निगम द्वारा कटघर थाने में तहरीर दी गई है। जिसमें बताया गया है कि मैसर्स शिव कंस जिसके ठेकेदार राजपाल सिंह हैं, को जुलाई 2023 में रामगंगा नदी के किनारे अटल घाट पर दीवार निर्माण के लिए ठेका दिया गया था। उस समय ठेकेदार ने बारिश के मौसम को हवाला देकर निर्माण कार्य को टाल दिया। नगर निगम के अधिकारियों ने फरवरी 2024 में ठेकेदार के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद अब तक निर्माण नहीं हो सका है। अधिकारियों ने अटल घाट पर निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर 9 जुलाई को फर्म को ब्लैक लिस्टेड कर दिया। ठेका किसी दूसरी कंपनी को दे दिया। नगर निगम के अधिकारियों की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार राजपाल सिंह के खिलाफ निर्माण कार्य न होने से अटल घाट पर सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

विस उपचुनाव में प्रत्याशी उतारेगी अपना दल

मुरादाबाद, अमृत विचार: अपना दल (कमेरावादी) की बैठक रविवार को मंडल कार्यालय गायत्री नगर लाइनपार में हुई। इसमें कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को लड़ाने का निर्णय लिया गया।

मंडल अध्यक्ष डा. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि अपना दल कमेरावादी की शीर्ष नेता विधायक डा. पल्लवी पटेल के आदेश के क्रम में कुंदरकी विधानसभा में पार्टी अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। इच्छुक व्यक्तियों के आवेदन मांगे गए हैं। शीघ्र ही मजबूत प्रत्याशी की कुंदरकी विधानसभा से चुनाव लडने के लिए घोषणा की जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष अंकित ठाकुर, महिला विंग की जिला अध्यक्ष ठाकुर मंजू राठौर, बाबू खान, अजय सैनी, विमल सागर, नेमवती चंद्रा, राजपाल कश्यप, प्रदीप चौहान मौजूद रहे।

कैरम प्रतियोगिता में मुरादाबाद चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: राज्य सीनियर कैरम चैंपियनशिप जीतकर मुरादाबाद टीम ने प्रदेश में जनपद का नाम रोशन किया है। साथ ही सिंगल वर्ग में अरशद उल्ला खान और फायक जमाल ने शानदार प्रदर्शन के दम पर नेशनल का टिकट कटाया है। इससे महानगर के खिलाड़ियों में खुशी है।

28वीं उत्तर प्रदेश राज्य सीनियर कैरम चैंपियनशिप 6 से 9 जुलाई तक कानपुर में खेली गई। यह टीम चैंपियनशिप और ओपन सिंगल के आधार पर हुई। इसमें लगभग 30 जिलों ने प्रतिभाग किया और लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुरादाबाद जिला कैरम संघ के लिए गर्व की बात यह रही कि टीम चैंपियनशिप में मुरादाबाद की टीम विजेता रही। इसमें ओपन सिंगल इवेंट में सीनियर नेशनल और फेडरेशन कप की टीम भी सेलेक्ट की जाती है। इसमें भी खिलाड़ियों ने मुरादाबाद का नाम रोशन किया और टॉप 4 में मुरादाबाद के राष्ट्रीय खिलाड़ी अरशद उल्ला खान और फायक जमाल ने स्थान बनाकर नेशनल का टिकट कटाया। यह दोनों खिलाड़ी सीनियर नेशनल और फेडरेशन कप में उत्तर प्रदेश टीम का हिस्सा रहेंगे।

कानपुर में ट्राफी के साथ मुरादाबाद की टीम व अन्य। ● अमृत विचार

- राष्ट्रीय खिलाड़ी अरशद उल्ला खान और फायक जमाल ने नेशनल का टिकट कटाया

गुरु पूर्णिमा का महोत्सव धूमधाम से मनाया

मुरादाबाद, अमृत विचार: विश्व जागृति मिशन मुरादाबाद मंडल ने रविवार को दिव्य लोक आश्रम आशियाना फेज टू में गुरु पूर्णिमा का महोत्सव धूमधाम से मनाया।

तुलसी पार्क आशियाना से गुरु पादुका की शोभायात्रा ओम गुरुवे नमः का जाप करते हुए गाजे बाजे के साथ दिव्यलोक आश्रम पहुंची। आश्रम में गुरु पादुका का पूजन रमेश अरोड़ा ने किया। आचार्य अजय कांत मिश्रा ने गुरु पादुका के महत्व पर चर्चा की व भजन प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर गुरु पादुका पर पुष्प अर्पण किए। इस अवसर पर गुरुदेव सुधांशु महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। संचालन राजीव गुलाटी ने किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री प्रवीण, अश्विनी सेठ, तरुण मदान, रणवीर सिंह, संजय नारंग, संजीव वर्मा, विनोद भटनागर, रामकिशोर मौजूद रहीं।

सुनने की शक्ति छीन लेगा ईयर फोन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मोबाइल का बढ़ता प्रयोग लोगों के स्वास्थ्य के लिए बन रहा परेशानी का कारण
- हेडफोन और ईयर फोन के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल से लोगों में बढ़ रही कानों की समस्या

अमृत विचार : आप सावधान हो जाएं, ईयर फोन और हेडफोन का अधिक प्रयोग आपके लिए घातक हो सकता है। यह आपके कान से सुनने की शक्ति छीन लेगा, जो इलाज कराने के बाद भी दोबारा वापस लाने में आप कामयाब नहीं हो पाएंगे। इसीलिए स्वास्थ्य विभाग की अलर्ट हो गया है और आमलोगों को ईयर फोन और हेडफोन के प्रयोग पर सावधान कर रहा है।

हाल ही में इस मामले में यूपी सरकार ने भी संज्ञान लिया है। इसके बाद प्रमुख सचिव ने जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर आमजन को ईयर फोन और हेडफोन के प्रयोग के खतरे से सावधान करने को जन जागरूकता के निर्देश दिए हैं। उधर, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने भी इस मामले में काफी गंभीरता दिखाई है। उन्होंने तुरंत सभी चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और सामुदायिक, प्राथमिक और नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों को मामले की विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि ईयर फोन, ईयर प्लग और हेडफोन के लंबे समय तक उपयोग के कारण सुनने की श्रवण ह्रास और टिनिटस को रोकने के लिए लोगों को समझाएं। सीएमओ ने बताया कि एक बार जब श्रवण क्षमता स्थायी रूप से खराब हो जाती है तो सामान्य श्रवण क्षमता कभी भी श्रवण यंत्र या कॉकेलर इंप्लांट से कभी भी बहाल नहीं की जा सकती है।

स्वास्थ्य अधिकारियों के सुझाव

- वायर्ड या ब्लूटूथ ईयर प्लग या हेडफोन के अनावश्यक उपयोग को रोके जाने के संबंध में जिससे सुनने की क्षमता खराब या अस्थाई तौर पर सुनने की क्षमता भी खत्म हो जाती है।
- जरूरत पड़ने पर 50 डेसिबल वोल्यूम सहित ईयर फोन, हेडफोन जैसे व्यक्तिगत ऑडियो के उपकरणों का उपयोग किए जाने के संबंध में।
- प्रतिदिन दो घंटे से अधिक ईयर फोन या हेडफोन का लंबे समय तक उपयोग न किए जाएं।
- बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग के संपर्क में आने से रोकें, ताकि वह तेज आवाज आने वाले आवेग के संपर्क से बच सकें।

मिसाल सावन के पवित्र महीने में फिर दिखेगा सौहार्द का अनूठा संगम, शिवभक्तों के कंधे पर सजेगी मुस्लिम परिवार के हाथों से बनी कांवड़

चार पीढ़ियों से हिंदू का कांधा मुस्लिम का हाथ, गंगा जमुनी तहजीब एक साथ

अब्दुल वाजिद, मुरादाबाद

अमृत विचार: पूरी दुनिया में सिर्फ हिंदुस्तान वो देश है जहां सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ सैकड़ों वर्षों से रह रहे हैं। गंगा जमुनी तहजीब यहां की परंपरा में शामिल है। हर धर्म के लोग यहां एक गुलदस्ते के विविध फूलों की मानिंद रहते हैं। क्रांतिकारी सूफी अम्बा प्रसाद और शायर जिगर मुरादाबादी का शहर आपसी सौहार्द की मिसाल है। यह धार्मिक सद्भाव पर्व त्योहारों पर और मजबूत होता है। सावन में यहां धार्मिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिलेगा जब हिंदू शिवभक्तों के कंधे पर मुस्लिम परिवार के हाथों की बनी कांवड़ सजेगी और हर हर महादेव का जयघोष करते शिवभक्त गंगाजल भरने जाएंगे और लौटकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

हर साल सावन में महानगर ही नहीं आसपास के जिलों से कांवड़िए हरिद्वार और ब्रजघाट से पवित्र गंगाजल लाकर मंदिरों में शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हैं। कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं को पवित्र जल लाने के लिए कांवड़ बनाने का काम महानगर का मुस्लिम परिवार चार पीढ़ियों से करता आ रहा है। उनका कार्य हिंदू मुस्लिम भाईचारे की अनूठी मिसाल है। महानगर के करूला निवासी (34) वर्षीय मोहम्मद इरशाद पिछले 24 सालों से बांस से कांवड़ तैयार करते हैं। उनका कहना है कि श्रावण मास शुरू होने के तीन महीने पहले से वह और उनका परिवार कांवड़ बनाने में जुट जाता है। शिवरात्रि पर वह घर में तैयार किए कांवड़ हरिद्वार में ले जाकर बिक्री करते हैं।

कांवड़ बनाता इरशाद अहमद का परिवार। ● अमृत विचार

चार पीढ़ियों से तैयार कर रहे कांवड़

मोहम्मद इरशाद बताते हैं कि उनकी चार पीढ़ियां कांवड़ बना रही हैं। उनके दादा अब्दुल गफूर अहमद, पिता निसार अहमद, ताऊ बाबू भाई भी अपने जीवनकाल में कांवड़ तैयार करते रहे। उनकी इस परंपरा को उनके अलावा परिवार के अन्य सदस्य उनका (18) वर्षीय बेटा अरशान अहमद, मां सलमा खातून, बहन निशात अंजुम, पत्नी परवीन मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। बताया कि उनके ताऊ की बाबू भाई कांवड़ वाले के नाम से ही पहचान है। उनका स्वर्गवास 2012 में हो गया था। जबकि पिता निसार अहमद की 2017 में मौत हो गई।

150 रुपये से 250 में सामान्य कांवड़

इरशाद का कहना है कि हर वर्ग का ध्यान रखते हुए उनके यहां कांवड़ तैयार होता है। पूरे सीजन में 400-500 कांवड़ तैयार करते हैं। जिसमें सामान्य कांवड़ की कीमत कीमत 150 से 250 रुपये तक होती है। जबकि ऑर्डर पर 12 फीट ऊंची कांवड़ 15000/- रुपए में बनाते हैं। इस बार भी इसकी काफी मांग है।

कांवड़ बनाने में उन्हें आर्थिक संबल तो मिलता ही है लेकिन, सबसे अधिक आत्मिक खुशी हासिल होती है। क्योंकि भोलेनाथ के भक्तों के कंधे पर जब उनके और परिवार के सदस्यों के बनाए कांवड़ सजते हैं तो बहुत सुकून और आस्था का भाव जगता है। भोलेनाथ की कृपा उनके और उनके परिवार भी वर्षों से बनी है। तभी तो साल दर साल इस कार्य में बढ़ोतरी ही हो रही है। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से होता है। साथ ही हिंदू मुस्लिम के बीच इंसानियत का रिश्ता और मजबूत होता है।

–मोहम्मद इरशाद अहमद

कंवल भारती को सम्मानित करते डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी के पदाधिकारी।

साहित्यकार कंवल भारती का सम्मान

मुरादाबाद. अमृत विचार: डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल रविवार को जनपद रामपुर पहुंचा। जहां उन्होंने प्रख्यात दलित साहित्यकार कंवल भारती को कमेटी की ओर से दिए जाने वाले लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। उनके सम्मान में स्मृति चिन्ह, शाल, किताबें व सूक्ष्म धनराशि भेंट की गई। कमेटी सामाजिक कार्यकर्ताओं, साहित्यकारों व विलक्षण प्रतिभाओं का सम्मान करती रही है। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में वीर सिंह, रूप सिंह भारती, वंश बहादुर, डॉ. कैलाश कुमार आदि मौजूद रहे।

एक नजर

ओपीडी बंद होने के बाद इमरजेंसी में पहुंचे मरीज

मुरादाबाद, अमृत विचार : लगातार बदल रहे मौसम के कारण बच्चों के साथ ही बुजुर्ग भी बीमार हो रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों में बुखार और डायरिया के साथ उल्टी की शिकायत मिल रही है। रविवार को जिला अस्पताल की ओपीडी बंद होने के कारण इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ दिखाई दी। सुबह से ही उल्टी, दस्त और बुखार के मरीज बड़ी संख्या में पहुंचे। फार्मासिस्ट हेमंत चौधरी ने बताया कि रविवार को बुखार, उल्टी, दस्त और सांस की दिक्कत होने के मरीज सामने आए हैं। लगभग 90 से 100 मरीज जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे।

छात्रों ने रोपी हरियाली

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के लाइनपार स्थित राजकीय केजीके होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने कॉलेज परिसर में हरियाली रोपी। एनॉटॉमी के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णवीर सिंह के नेतृत्व में छात्रों व शिक्षकों ने पौधरोपण किया। मनजीत, शिवकुमार, रोहित, आकाशदेव पांडेय, विपिन कुमार, अनुभव भारती, सलमान शामिल रहे।

अगवानपुर में अलम के जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

जुलूस में गूंजी या हुसैन या हुसैन की सदाएं

अगवानपुर, अमृत विचार: नगर में मोहर्रम की सात तारीख को अलम का जुलूस निकाला गया। जिसमें अजादारों ने सीनाजानी की और या हुसैन या हुसैन के नारे बुलंद किए। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

नगर पंचायत के इमामबाड़ा वाजिद अली कोतवाल से रविवार को अलम का जुलूस बरामद किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में अज़ादार मोजूद रहे। जुलूस में अंजुमन तंजीमे हुसैनी व अंजुमन जीनत ए अजा के नोहेखवानों ने नोहेखवानी की। जुलूस इमामबाड़ा वाजिद अली कोतवाल से बरामद होकर मोहल्ला कुरेशियान से स्टेशन रोड होते हुए मोहल्ला सराय फारूख के इमामबाड़ा पंजेतनी से इमामबाड़ा अबुल फजलिल अब्बास से स्टेशन रोड होता हुआ इमामबाड़ा वाजिद अली कोतवाल पर जाकर संपन्न हुआ। जिसमें भारी पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस में नवाब नकवी, राजू नकवी, नब्बू नकवी, बबली, असलम नकवी, गुलरेज रजा, मो. नवाज, नैय्यर अब्बास, आदिल नकवी, दानिश रजा, डॉ. अली रजा आदि मौजूद रहे।

मूंढापांडे सीएचसी से 11 रोगी जिला अस्पताल रेफर, सिहाली खद्दर सीएचसी पर पहुंचे सबसे अधिक मरीज

सीएचसी-पीएचसी पर जन आरोग्य मेले में 2348 का उपचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के अन्तर्गत रविवार को सभी सीएचसी व पीएचसी पर रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा दी गई। जिले में सीएचसी-पीएचसी 54 हैं। एसीएमओ डॉ. भारत भूषण ने अर्बन पीएचसी फकीरपुरा में पहुंचकर मेले का निरीक्षण किया। यहां चिकित्साधिकारी डॉ. मनीषा और दो स्टॉफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और वार्ड आया भी मौजूद मिले। दोपहर 2.50 बजे तक यहां कुल 52 रोगी आए थे। स्वास्थ्यकर्मियों ने इनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दीं।

डॉ. मनीषा ने बताया कि कुल रोगियों में तीन रोगी बुखार के थे। अन्य रोगियों में खुजली, पेट दर्द, गैस, लूज मोशन आदि रोगों के थे। उधर, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर स्वास्थ्य मेले में तैनात सभी डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद रहा। सुबह 10 बजे के दौरान उन्होंने जूम मीटिंग ली थी। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में कुल 2,348 रोगियों का पंजीकरण हुआ। इसमें 1074 महिला और 913 पुरुष रोगी और 361 बच्चे भी शामिल हैं। सबसे अधिक 91 रोगियों की संख्या सिहाली खद्दर सीएचसी पर रही। यहां 38 पुरुष, 41 महिला और 12 बच्चों का इलाज किया गया। इसी तरह मलकपुर सेमली में भी कुल 85 रोगियों को उपचार मिला है। सभी सीएचसी-पीएचसी पर स्वास्थ्य मेले में आंख के 21, बुखार के 40, लीवर के 34, श्वास के 202 और गैस रोग से संबंधित 246 रोगियों ने स्वास्थ्य मेले में आकर अपनी जांच और इलाज कराया है। इसी तरह 19 रोगियों में रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किया गया है। इनके साथ ही मधुमेह के 151 रोगियों ने स्वास्थ्य मेले में आकर जांच कराई है। त्वचा संबंधी विकार से जुड़े 519 रोगी स्वास्थ्य मेले में पहुंचे। टीबी होने की संभावना वाले 14 रोगियों की जांच कराई जा रही है। फिलहाल के लिए उन्हें दवाएं दी गई हैं। एनीमिया के 18 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच हुई है। हाइपरटेंशन वाले 83 और कुल 961 रोगी अन्य रोगों से संबंधित हैं। इनका उपचार किया गया है।

फकीरपुरा पीएचसी में अधीक्षक डॉ. मनीषा से बातचीत करते एसीएमओ डॉ. भारत भूषण।

मूंढापांडे सीएचसी पर 176 रोगियों का उपचार

मूंढापांडे सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में कुल 176 रोगियों का पंजीकरण किया गया है। इनमें 32 रोगी खांसी, जुकाम, बुखार के थे। जिनका स्वास्थ परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गई हैं। 11 रोगियों को जिला अस्पताल में रेफर किया गया है। वह भर्ती होने के लायक थे। अधीक्षक ने बताया कि सीएचसी पर सामान्य प्रसव की सुविधा है, सुबह से शाम चार बजे तक दो गर्भवती के प्रसव भी हुए हैं। जच्चा-बच्चा, दोनों स्वस्थ हैं। सर्जन न होने से सीएचसी में प्रसव के लिए ऑपरेशन की सुविधा नहीं है। ऑपरेशन से जुड़े प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं को जिला महिला अस्पताल रेफर करते हैं। अधीक्षक ने बताया कि सीएचसी पर तीन एमबीबीएस डॉक्टर हैं।

अजादारों ने किया छुरियों का मातम, गूंजी हाय हुसैन की सदाएं

सातवीं मुहर्रम पर महानगर में शिया समुदाय ने निकाला अलम मुबारक का जुलूस, महानगर के इमामबाड़ों में हुईं मजलिसें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सातवीं मुर्हरम पर रविवार को महानगर में शिया समुदाय द्वारा अलम मुबारक का जुलूस निकाला गया। जिसमें अजादारों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों को याद करके छुरियों का मातम किया। इस दौरान चारों ओर हाय हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। इसके अलावा सभी इमामबाड़ों में तय समय पर मजलिसें हुई। जुलूस के दौरान घरों की छतों से महिलाओं ने अलम मुबारक की जियारत की।

रविवार को महानगर के लाकड़ी वालान, चौमुखापुल और आजाद नगर में रोजाना की तरह तय समय पर मजलिस हुई। मजलिस के दौरान मौलाना हसन मुज्तबा साहब ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अपने भाई हसन के बेटे हजरत कासिम को कर्बला के मैदान में अल्लाह की राह में कुर्बान कर दिया। जब हजरत कासिम कर्बला के मैदान से इमाम हुसैन को मदद के लिए आवाज दी, तब हुसैन गिरते हुए उनकी मदद को कर्बला के मैदान में पहुंचे। तब तक यजीद की फौज ने हजरत कासिम को घोड़ों की टापों से खुर्द बुर्द कर दिया था। जिसके बाद इमाम हुसैन हजरत कासिम की लाश के टुकड़े खैमे में उठा कर लाए। यह वाकया सुनकर अजादरों की आंखों से आंसू निकल आए। जिसके बाद अलग-अलग स्थानों से जुलूस बरामद हुए। पहला जुलूस पीरजादा से दोपहर में निकला। यह जुलूस राजकीय इंटर कालेज पहुंचा। जबकि दूसरा जुलूस नवाबपुरा स्थित हाजी चमन हैदर के अजाखाना चौराहे पर पहुंचा। किसरौल स्थित हजरत अली अलैहिस्सलाम व इमामबारगाह हजरत अबू तालिब अलैहिस्सलाम से बरामद हुआ। यह जुलूस अपने पुराने रास्तों से गुजरात हुआ मोहल्ला जीआईसी वारसी बिल्डिंग पर लोगों ने अलम मुबारक जुलूस का इस्तकबाल किया। तीसरा जुलूस शाम को लाकड़ीवालान स्थित मरहूम अली हैदर के मकान से बरामद हुआ। यह जुलूस इमामबाड़ा हकीम फरजंद अली से होता हुआ राजकीय इंटर कालेज चौराहे पर पहुंचा, जहां सभी जुलूस एक हो गए। जिसके बाद अलम मुबारक का यह जुलूस फैजगंज, डॉ. शमीम चौराहा, गोकुलदास रोड, एस कुमार चौराहा व मोहल्ला नियारियान होते हुए कोहना मुगलपुरा स्थित बन्नो बी के इमामबाड़े पर संपन्न हुआ। इस दौरान स्थानीय और बाहर से आई अंजुमनों ने नोहा ख्वानी, मातम व सीनाजनी की। इस दौरान या हुसैन, या अब्बास की सदाएं गूंजी। जुलूस में मौलाना हसन मुज्तबा, अली अनवर, शाजेब नकवी, मोहम्मद अब्बास एडवोकेट, जावेद यावर, आसिम यावर, सुहैल अहमद रिजवी, आमिर अब्बास, कुमैल नकवी, नौशाद हैदर, आलम आब्दी, मोहम्मद नाजिम, हाजी कायम हसनैन, अरबाब मेहंदी, मोहम्मद आलम, जिम्मी नकवी, ताबिश रिजवी, असद मोलाई, आसिफ रजा, जाफर मेहंदी, उरूज मेहंदी, शोकत अली, आरिज अब्बास, कौसर अली समेत अन्य अजादार शामिल रहे।

क्षेत्र के गुरैर गांव में मुहर्रम की सातवीं तारीख को पारंपरिक रूप से अलम-ए-मुबारक का जुलूस निकाला गया। रविवार को दोपहर के बाद अलम-ए-मुबारक के जुलूस का सिलसिला शुरू होकर देर शाम तक जारी रहा। जुलूस गांव के इमामबाड़े से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरता हुआ इमामबाड़े पहुंचकर संपन्न हुआ। गांव के विभिन्न चौराहों पर शर्बत और तबर्रुक तकसीम किए गए। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने कर्बला के शहीदों को खिराजे अकीदत पेश की। इस दौरान हासम साबरी, जरीफ हुसैन वारसी, कासिम साबरी, हाजी आसिम, नेता दिलशाद, डॉ अंजार, हाजी शाजिद, अनादिल, मुबारिक सैफी, कल्लू ड्राइवर, जरीफ, रियाज, पूर्व प्रधान जुल्फिकार हुसैन आदि मौजूद रहे।

अलम मुबारक के जुलूस में छुरियों का मातम करते नन्हें अजादार। ● अमृत विचार

सुल्तान साहब की दरगाह पर हुई सलामी

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुहर्रम की सात तारीख को निकलने वाला अमल मुबारक का जुलूस मोहल्ला पीरगैब स्थित दरगाह हजरत सुल्तान साहब पर सलामी के लिए जाता है। रविवार को अलम मुबारक का जुलूस हजरत सुल्तान साहब की दरगाह पहुंचा तो सज्जादानशी सैय्यद अली नईम चिश्ती ने अलम मुबारक पर फूल पेश कर सलामी दी। सभी ने अलम मुबारक का बोसा लिया। इस दौरान सैय्यद खालिद सुल्तानी, सैय्यद शाह फैज सुल्तानी, सैय्यद अमन सुल्तानी, सैय्यद अली हुसैन सुल्तानी, राजू सुल्तानी, शानू सुल्तानी, राशिद सुल्तानी, शारीक सुल्तानी, आदिल कालीमी व सलीम वारसी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

मुसलमानों पर फर्ज है अहलेबैत की मोहब्बत

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर की लाल मस्जिद में मरकाजी जमीअत अहले सुन्नत के तत्वावधान में चल रही जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला के छठे रोज मुफ्ती मोहम्मद दानिश कादरी ने अपने खिताब में फरमाया कि मुसलमानों पर अहलेबैत की मोहब्बत फर्ज है। मुफ्ती दानिश कादरी ने अपने खिताब में कहा कि अहलेबैत से मुराद प्यारे नबी, मौला-ए-कायनात हजरत अली, सैय्यदा फातिमा, इमाम हसन और इमाम हुसैन की जाते अकदस है। उन्होंने कहा कि अल्लाह के नबी ने इरशाद फरमाया कि जिसने मेरी अहलेबैत से मोहब्बत की, उसने मुझसे मोहब्बत की और जिसने मुझसे मोहब्बत की, उसने अल्लाह से मोहब्बत की। जिसने अल्लाह से मोहब्बत की उसकी जजा जन्नत है। अल्लाह के नबी ने फरमाया कि तुम्हारे दरमियान दो ऐसी चीजें छोड़ कर जा रहा हूं जो बड़ी भारी-भरकम है। जिसमें एक कुरान और दूसरी अहलेबैत। इन दोनों को पकड़े रखोगे तो कामयाब हो जाओगे। मुफ्ती दानिश कादरी ने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वह कुरान को समझने की कोशिश करें। कुरान को समझकर उस पर अमल करें। इस दौरान इंजीनियर जद्दन खान, रईस अशरफी, हारिस अकरमी, तनवीर जमाल उस्मानी, अली साद आदि मौजूद रहे।

वारसी बिल्डिंग पर हुआ हुसैनी लंगर

मुरादाबाद, अमृत विचार : पिछले 96 सालों से महानगर के मोहल्ला किसरौल स्थित वारसी बिल्डिंग में सातवीं मुहर्रम को हुसैनी लंगर का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत रविवार को भी वारसी बिल्डिंग में हुसैनी लंगर हुआ। यह लंगर रात आठ बजे से शुरू होकर देर रात तक जारी रहा। जिसमें अलम मुबारक का जुलूस संपन्न कराने के बाद शिया समुदाय के लोगों ने भी शिरकत की। इस दौरान हुसैनी लंगर में आयोजक अबरार हुसैन वारसी, फैजान हैदर वारसी, मीर हमजा वारसी, शादाब अली वारसी, असद वारसी, अनस वारसी, युसूफ अली खान, जफर वारसी, मुनव्वर वारसी समेत अन्य लोगों ने सहयोग किया।

मैनाठेर में निकले अलम की जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

या हुसैन या अली की सदाओं के साथ निकला अलम का जुलूस

संवाददाता, मैनाठेर

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गुरैर गांव में रविवार को मुहर्रम की सातवीं तारीख पर अलम के जुलूस निकाले गए। जुलूसों में अकीदतमंदों की काफी भीड़ रही। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। थाना इंचार्ज किरणपाल सिंह ने अलम जुलूस निकलने वाले मार्ग पर जांच पड़ताल की।

उपचुनाव में मिली जीत पर बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा

अमृत विचार: कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को जिला कांग्रेस की ओर से पाकबड़ा में पौधरोपण किया गया। जिसके बाद उपचुनावों में मिली जीत पर गुरहट्टी चौराहे पर मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया।

रविवार सुबह प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व पश्चिमी यूपी के प्रभारी विदित चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पाकबड़ा के राजकीय इंटर कालेज में पौधरोपण कर प्रदेश के एक लाख 16 हजार से अधिक बूथों पर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान राहुल जन्मदिन पर लिए गए संकल्प के तहत शुरू किया गया है। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि सभी ब्लॉक व नगर इकाइयों द्वारा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सुविधानुसार ये कार्यक्रम चलाया जाता रहेगा। जिला इकाई इसकी समीक्षा करती रहेगी। इसके बाद सभी कांग्रेसी जिला कार्यालय गुरहट्टी पहुंचे। जहां चौराहे पर मिठाई बांटकर उपचुनावों में हुई इंडिया गठबंधन की जीत का जश्न मनाया। प्रभारी विदित चौधरी ने कहा कि बद्रीनाथ की जीत इस बात का संकेत है कि अयोध्या में राम ही नही बद्रीनाथ में नारायण ने भी भाजपा को ठुकरा दिया है। इस दौरान जिला प्रभारी मिथुन त्यागी, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, अफजल साबरी, अकरम खां, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, सबा सैफ़ी, तबस्सुम, बाबर सैफ़ी, विवेक सागर, गुलवेज सिद्दीकी, शहजाद खां, सलीम खा, नाज़िम, बब्बन अब्बासी, एहसान चौधरी, रईस खां, फिरोज चौहान, मोहम्मद अब्बास एडवोकेट सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

उपचुनाव में इंडी गठबंधन की जीत पर मिठाई बांटते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

विवाद में युवक को पीट कर घायल किया

मैनाठेर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र में दो पक्षों में कहासुनी हो गई। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मैनाठेर थाना क्षेत्र के महमदपुर निवासी अमरजीत ने दी तहरीर में बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति से रास्ते में सामान को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर आरोपी व उसके बेटों ने पीड़ित अमरजीत के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने अमरजीत को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे पीड़ित लहूलुहान हो गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। थाना इंचार्ज किरणपाल सिंह ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अल्फाज अपने फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कलाकार व आयोजक। ● अमृत विचार

अल्फाज के मंच पर चमके युवा सितारे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अल्फाज अपने फाउंडेशन की ओर से रविवार को रामगंगा विहार स्थित रेस्टोरेंट में ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुरादाबाद, रामपुर, चंदौसी, गजरौला और अमरोहा के युवा कलाकारों ने अपने हुनर का रंग बिखेरा।

इस अवसर पर युवा कविता, शायरी, गायन, वादन करते दिखाई दिए। कार्यक्रम का आरंभ अभिव्यक्ति सिन्हा और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनपद से आए युवाओं एवं युवतियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान ऐशा मोहन, अरुण मुरादाबादी, पुनीत थारेजा, मासूम शायर मुरादाबाद, आसिफ मलिक, आदि की एक से बढ़कर एक उम्दा कविताएं मनमोहक रहीं। साथ ही नंदिनी निगम, देव सक्सेना, अर्पित सिंह, गोविंदा, निर्भय गुप्ता, निशांत रस्तोगी, नताशा कश्यप, अन्य उभरते कलाकारों ने अपने गायन से खूब वाहवाही लूटी। आखिर में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अमर सक्सेना, उत्कर्ष अग्रवाल, आकृति सिन्हा, ऋषि अरोरा, ऋषभ सक्सेना आदि का सहयोग रहा।

ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना मैनाठेर कोतवाली के पास बाइक से सड़क पार कर रहा युवक ट्रक की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।

पंडित नगला निवासी दीपक (19) पुत्र जोगराज रविवार की सुबह करीब 10 बजे बाइक से अपने घर से मैनाठेर गया था। जैसे ही वह मैनाठेर कोतवाली चौराहे पर पहुंचा तभी संभल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया।

जिससे दीपक बुरी तरह घायल हो गया। हादसा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

समारोह अमृत महोत्सव ग्रंथ का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

सारी दुनिया गोल है गोल है इसका चलन...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विश्नोई पर्यावरण समिति उत्तर प्रदेश की ओर से रविवार को जिला पंचायत भवन सभागार में पर्यावरण प्रेमी योगेंद्र पाल विश्नोई के 90वें जन्मदिवस पर अमृत महोत्सव ग्रंथ का विमोचन और सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विश्नोई महासभा राजस्थान के देवेंद्र बूढिया रहे। अध्यक्षता सलिल विश्नोई ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति काव्य पाठ का आयोजन किया। योगेंद्र पाल विश्नोई ने मन के उद्गार व्यक्त करते हुए पढ़ा कि सारी दुनिया गोल है गोल है इसका चलन, चल पड़े तो लौट करके फिर वही आ जाएंगे। देवेंद्र बूढिया ने विस्तार से विश्नोई धर्म की उपलब्धियों और यश कीर्ति का वर्णन किया। डॉ. वीरेंद्र विश्नोई और उमा विश्नोई द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। साहित्यकार राजीव प्रखर ने कहा बन जाए बंधन ममता का, या ऐसी मनभावन डोरी हो। डॉ. रश्मि विश्नोई ने योगेंद्र पाल बिश्नोई के जीवन व्रत को संक्षेप में वर्णित किया। डॉ. प्रेमवती उपाध्याय ने मन के उदगार व्यक्त करते हुए पढ़ा तू समर्पित रहा व्यर्थ जिनके लिए उन सहारों का कोई भरोसा नहीं। संजय बिश्नोई ने बहुत उत्तम काव्या प्रस्तुति दी।

तुषार विश्नोई ने अपने दादाजी के विषय में कविता सुनाई। भूपेंद्र सिंह विश्नोई ने समाज के इतिहास पर प्रकाश डाला। संध्या विश्नोई दिल्ली ने योगेंद्र पाल विश्नोई को अपना प्रेरणास्रोत बताया। इस दौरान प्रेम कुमार विश्नोई, अनीता विश्नोई ,ओम प्रकाश विश्नोई, राजकुमार विश्नोई, अनिल विश्नोई, प्रदीप विश्नोई, नियादर सिंह विश्नोई, ऋषि विश्नोई आदि मौजूद रहे।

पंचायत भवन सभागार में विश्नोई समाज की ओर से योगेंद्र पाल सिंह विश्नोई के 90वें जन्मोत्सव पर आयोजित समारोह में मंचासीन अतिथि व अन्य।

आज होगी इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा

मुरादाबाद, अमृत विचार: सोमवार को यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले बच्चे सोमवार और मंगलवार को परीक्षा दे सकेंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से तीन केंद्र बनाए गए हैं और परीक्षक भी तैनात कर दिए गए हैं। जीव विज्ञान में एक, गृह विज्ञान में एक व भूगोल के लिए तीन बच्चे कंपार्टमेंट प्रैक्टिकल देंगे। जीव विज्ञान के लिए राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार, गृह विज्ञान के लिए कौशल इंटर कॉलेज व भूगोल के लिए अंबिका प्रसाद कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य को कंपार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराने के निर्देश दिए गए हैं।

रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किए गए खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से रविवार को आर्यन पैंथर एकेडमी में स्केटिंग के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसमें मथुरा में हुई प्रतियोगिता के पदक विजेता शामिल हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से मथुरा रीजनल में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 जुलाई को हुआ। जिसमें केंद्रीय विद्यालय मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने मुरादाबाद आर्यन पैंथर एकेडमी में स्केटिंग का प्रशिक्षण लेते हुए पदक प्राप्त किए। इसमें विवेक सिंह ने 1000 मीटर में, 500 मी. और 2000 मी. रोड रेस में स्वर्ण और दो रजत पदक प्राप्त किए। विहान शर्मा ने 1000 मी, 2000 मी. में स्वर्ण पदक और रजत पदक प्राप्त किया। तेजस राज ने 2000मी.,1000 मी. और 500 मी. में रजत पदक और दो कांस्य पदक प्राप्त किया। अमन सिंह ने 1000मी., 2000मी. में स्वर्ण पदक और रजत पदक प्राप्त किया। अरनव सिंह राजे ने 500 मी. रेस में रजत पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर सचिव देवेंद्र राणा, कोच परमेश चरण, विपिन जखमोला और सचिन नैनवाल मौजूद रहे।

एक नजर

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में आज ज्ञापन देंगे शिक्षक

कांठ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाध्यक्ष सर्वेश शर्मा के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सोमवार को दोपहर 3 :00 बजे ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही ने देते हुए बताया कि सरकार द्वारा शिक्षकों की वाजिब मांगों जैसे (पुरानी पेंशन, अर्जित अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अर्धआकस्मिक अवकाश, कैशलेस चिकित्सा, पदोन्नति, गैर शैक्षिक कार्य से मुक्ति आदि) पर सुनवाई नहीं की जा रही है। इसके विपरीत शिक्षकों पर लगातार एवं अव्यवहारिक आदेश थोपे जा रहे हैं। जिससे शिक्षकों का मानसिक शोषण हो रहा है। इसके विरोध में सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद द्वारा जिलाध्यक्ष सर्वेश शर्मा के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दोपहर 3 :00 बजे ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा। गौरतलब है कि ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक विरोध में उतर आए हैं और काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे हैं।

अलम के जुलूस में की मातमपुर्सी

नगर में निकले छोटी मेहंदी व जुलूस में या हुसैन की सदाएं गूंजी

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : सात मोहर्रम को नवास ए रसूल हजरत इमाम हुसैन के बेटे व कर्बला के शहीद हजरत कासिम की शहादत के ग़म में नगर में छोटी मेहंदी व अलम मुबारक का जुलूस निकला।

सात मोहर्रम को सुबह नमाज के बाद से ही शिया समुदाय के इमामबाड़ों व अजाखानों में नवासा ए रसूल हजरत इमाम हसन के बेटे व कर्बला के शहीद हजरत कासिम की शहादत के गम में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया था। इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में जिसमें मरसिया अमन अब्बास नकवी ने पढ़ा और गुलाम मेहंदी नकवी ने ख़िताब करते हुए हजरत क़ासिम की शहादत बयां की। जिसको सुनकर अजादारो की आंखे नम हो गईं। नम आंखों के बीच जुलूस निकला गया। जिसमें हजरत कासिम का शबीहे ताबूत, अलम मुबारक, जुलजिनाह(घोड़ा) शामिल रहे। जुलूस में रज़ा हसनैन काजमी, आरिफ रज़ा, शहजी अब्बास काजमी, हुसैन हैदर काजमी, रईस अब्बास रिजवी, गुलाम मेहंदी रिजवी, साजिद रजा आदि ने नोहेख्वानी की। जुलूस हबीबुल हसनेन रिजवी के अजाखाने पर पहुंच कर समाप्त हो गया। उधर देर रात नगर स्थित मोहल्ला कास्थान से अहले सुन्नत के इमामबाड़े से छोटी मेहंदी का जुलूस बरामद हुआ। जुलूस में छोटे-छोटे ताजिए, अलम मुबारक, ढोल ताशे शामिल रहे।

जुलूस में अहले सुन्नत आजादार हजरत इमाम हुसैन और उनके भतीजे हजरत कासिम की शहादत नामें पढ़ते चल रहे थे तथा ढोल ताशे बजाकर दुनिया को पैगाम दे रहे थे कि क़र्बला में नेजे खंजर और जुल्म करने वाले हार गए जबकि इंसानियत और इस्लाम को बचाने वाले सिर कटवा कर जीत गए। जिसमें भी इंसानियत है वह हजरत इमाम हुसैन की शहादत का ग़म मना रहा है। जुलूस पूरी रात अपने गश्त करते हुए नगर के स्टेशन स्थित सदर इमामबाड़े होते हुए मुहल्ला कास्थान में स्थित अजाखाने में पहुंच कर समाप्त हो गया।

देर शाम नगर स्थित कर्बला पर भारी सख्या में अक़ीदतमंद पहुंचने लगे थे और देर रात तक अक़ीदतमंदों ने कर्बला, इमामबाड़ों व अजाखानों में छोटी मेहंदी चढ़ा कर व चिराग रोशन करके देश में अमन शांति व कौम की तरक्की के लिए दुआएं मांगी।

नगर में जुलूस निकालते शिया समाज के लोग। ● अमृत विचार

मोहर्रम

- सात मोहर्रम को शिया समुदाय के इमामबाड़ों व अजाखानों में मजलिसों का दौर शुरू

गांव मलकपुर सेमली में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली स्थित आश्रम में रविवार को अनूपशहर से आई कथावाचक राजनीति उर्फ रजनी दीदी ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाएं पीतांबर वस्त्र पहन सिर पर जल का कलश रखकर मां भगवती का गुणगान करतीं चल रही थी, वहीं ढोल नगाड़ों की धुन पर अन्य श्रद्धालु मां भगवती के भजनों पर थिरक रहे थे। कलश यात्रा गांव की मुख्य गलियों से लेकर चौराहा से निकली गई। जिसका जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। दोपहर 1:00 बजे विधि विधान के साथ कलश स्थापित किए गए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में हरि सिंह, गजेंद्र सिंह , ब्लॉक प्रमुख वीर सिंह सैनी, भानु प्रताप सिंह, शिवनाथ सिंह, कुलदीप सिंह, दिनेश शर्मा, मदन कुमार, मास्टर चंद्रपाल सिंह, दिवेश कुमार, विनोद कुमार, प्रमिला देवी, कुसुम देवी, दीक्षा देवी, कमला देवी, रामवती, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

बस चालक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, किसान गंभीर घायल

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : मुरादाबाद जा रही रोडवेज बस ने एक ट्रैक्टर में ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चालक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया है।

धामपुर डिपो की बस संख्या यूपी 17टी 8996 ने रविवार को कांठ से मुरादाबाद जाते समय लगभग 3:30 बजे ग्राम रसूलपुर गुर्जर के पास ग्राम सिरसा ठाठ निवासी विपिन कुमार पुत्र सुखमल सिंह के ट्रैक्टर में ओवरटेक करते हुए पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर में ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना स्थल पर खड़े लोगों ने जब शोर मचाया तो चालक बस छोड़कर जंगल में भाग गया। गांव के ही हरदीप सिंह, राजवीर सिंह, डॉ. अनिल कुमार, पिंटू राकेश आदि ने किसान को ट्रैक्टर से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेज दिया। किसान की गंभीर स्थिति को देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया गया है।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित द्वारा तहरीर मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। ग्राम रसूलपुर निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि रोडवेज बस चालक बहुत ही लापरवाही से बस चलाते हैं जिसके कारण आए दिन हादसों में लोगों की जान चली जाती है।

क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

हाईवे पर गहरे गड्ढे होने से लगा जाम, यात्री परेशान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा-स्योहारा हाईवे पर रतुपुरा मोड के निकट गहरे गड्ढे होने के कारण जाम लग गया। जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

नगर के रामपालद्वारा से मात्र 500 मीटर की दूरी पर कुड़का नदी के पुल से पहले व पुल के आगे रतुपुरा मोड पर बारिश होने व ओवरलोड ट्रकों के गुजरने के कारण काफी गहरे गड्ढे हो गए हैं। स्थिति यह है कि बारिश से इन गड्ढों में पानी भर जाने के कारण यह तालाबनुमा हो गए हैं। रविवार की दोपहर को गड्ढों के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। इसी दौरान एक कार असंतुलित हो खड़ी बस से टकरा गई। हालांकि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। जिस कारण वहां पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। इस दौरान लोगों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। किसी तरह आसपास के दुकानदारों ने एक साइड के वाहनों को रोक कर जाम खुलवाया।

हनुमान चालीसा का पाठ कराते अरविंद (गुरुजी)। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता के विजेता बच्चे सम्मानित

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर में श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के तत्वावधान में श्री हनुमान चालीसा पाठ की प्रतियोगिता हुई।

इस अवसर पर अरविंद चौधरी (गुरुजी) ने बताया कि श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान द्वारा मंगलवार व शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में श्री हनुमान चालीसा पाठ की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है।

इसी क्रम में मंगलवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गांव के बच्चों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ सुनाया। कार्यक्रम में राजवीर विश्नोई, महेश, आकाश, राधेशायम, सोमपाल सिंह, करन सिंह, लोकेंद्र, सुनील, यश चौहान, कनिष्क, लक्की, ओमराज चौहान, रितिक, दिव्यांस, प्रीत, मनीष चौहान, विपिन चौधरी, अंकुल यादव, विकास शर्मा, पारस आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

भाजपा जिलाध्यक्ष आज करेंगे आरके ज्वेलर्स का उद्घाटन

कांठ, अमृत विचार : नगर में सोमवार को आरके ज्वैलर्स का भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल एवं पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर यश माहेश्वरी के पिता वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने देते हुए बताया कि आरके ज्वैलर्स पर हॉल मार्किंग सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान मिलेंगे। उन्होंने बताया कि नगर एवं क्षेत्र के लोगों को अब हॉल मार्किंग ज्वैलरी खरीदने के लिए मुरादाबाद नहीं जाना पड़ेगा। नवनिर्मित प्रतिष्ठान आरके ज्वैलर्स निकट प्रथमा बैंक धामपुर रोड पर स्थापित किया गया है। इस दौरान विमल माहेश्वरी, अवधेश चंद माहेश्वरी व डॉ. भरत माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

रक्तदान करने आए युवक- युवतियों को प्रमाण पत्र प्रदान करती टीम। ● अमृत विचार

कक्षा केंद्र संस्थान में लगाया रक्तदान शिविर

कांठ, अमृत विचार : रविवार को परिवर्तन दी चेंज संस्था ने कक्षा केन्द्र संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह रक्तदान शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय रक्तदान बैंक (जिला अस्पताल) के तत्वावधान में पूर्ण किया गया। संस्था ने कुल 22 यूनिट रक्तदान कराया जिसमें प्रथम बार रक्तदान करने वालों की 80 फीसदी संख्या थी। संस्था ने शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। शिविर का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार, कक्षा केंद्र के मैनेजिंग डायरेक्टर रजत प्रभाकर, मयंक गुप्ता, सिद्धार्थ सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान अशोक कुमार, नईम, अमित भानु, शिवम विवेक कुमार, प्रिंस कुमार, आदित्य कुमार, मानसी , नेहा शर्मा का योगदान रहा।

छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

टैबलेट पाकर आईटीआई के छात्रों के खिले चेहरे

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पर प्रदेश सरकार द्वारा आईटीआई के छात्रों को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। टैबलेट मिलने पर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। रविवार को अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पर आईटीआई के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को ब्लॉक प्रमुख के पति वीर सिंह सैनी द्वारा प्रदेश सरकार से मिले टैबलेट का वितरण किया गया । इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्र के डायरेक्टर अनिरुद्ध चौहान, रामनगर खागू बाला के प्रधान साजिद मंसूरी, राकेश कुमार, मुनेश कुमार, रिंकू, अनीश अहमद, रिजवान अली, विकास कुमार, अजय कुमार, मोनिश अली मौजूद रहे।

धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने पर पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : शादी के 14 वर्ष बाद पति के खिलाफ धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुपपुर टंडोला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के आबिद पुत्र अब्दुल रहमान का उसके घर आना जाना था। आबिद ने उसके पिता को कुछ पैसा ब्याज पर दे रखा था और इसी के सिलसिले में वह अक्सर घर आता था। इसी बीच आबिद ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और 25 फरवरी 2010 में बिना उसका धर्म परिवर्तन किए उसे मुरादाबाद ले जाकर उसके साथ निकाह कर लिया। निकाह के बाद उसे एक बेटी पैदा हुई। जिसका नाम आरोपी ने अपने धर्म के अनुसार अलवीना रखा था।

कुछ सालों बाद आबिद उसे लेकर नगर के मोहल्ला बहेड़ा वाला में रहने लगा। आरोप है कि आबिद उसपर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाते हुए धमकी देता रहता है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसे धर्म परिवर्तन न करने पर जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में चार पर रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव रमना वाला में धर्म परिवर्तन कराए जाने के आरोप में बजरंग दल नेता की तहरीर पर पादरी समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव रमना वाला का है। जहां उत्तराखंड के गढ़ी नेगी निवासी पादरी कुलवंत सिंह समेत कई लोगों पर लालच देकर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली परिसर पर देर रात प्रदर्शन किया था। जिसमें धर्म परिवर्तन कराए जाने जैसे गम्भीर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री पंकज सिंह पाल निवासी रामूवाला गणेश की तहरीर पर पादरी उत्तराखंड के गढ़ी नेगी निवासी कुलवंत सिंह और उसके सहयोगियों रामूवाला गणेश निवासी जयपाल और अमरजीत निवासी रमनावाला, मुकेश निवासी रमनावाला के खिलाफ लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने को लेकर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शादी का झांसा देकर करता रहा शारीरिक शोषण, रिपोर्ट

छजलैट, अमृत विचार : शादी का झांसा देकर युवती का पांच वर्ष तक युवक शारीरिक शोषण करता रहा। युवती ने थाने में तहरीर देकर मुख्य आरोपी एवं दो अन्यों के विरुद्ध रिपोर्ट कराई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी एक युवती को गांव के ही दानिश पुत्र मुजाहिर हुसैन ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर उसके साथ पांच वर्षों से शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसी दौरान युवक ने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली। संबंध बनाने से मना करने पर युवक ने वीडियो वायरल करने की धमकी युवती को दी। युवती के पिता ने युवती का रिश्ता किसी अन्य युवक से तय कर दिया। दानिश ने गांव के आसिफ पुत्र हसमुद्दीन तथा एक अन्य युवक को उसकी वीडियो व फोटो दिखाकर उसका रिश्ता तुड़वा दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर दो के विरुद्ध नामजद एवं एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रामगंगा नदी का बढ़ता जलस्तर। ● अमृत विचार

रामगंगा नदी का बढ़ा जलस्तर अभी खतरे के निशान से नीचे

संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पहाड़ों पर हो रही बारिश से रामगंगा नदी का जलस्तर फिर बढ़ गया है।

रविवार सुबह 8 बजे रामगंगा का जलस्तर 35 सेमी बढ़त में दर्ज किया गया। जबकि शनिवार सुबह रामगंगा का जलस्तर 189.0 मीटर दर्ज किया गया था। जबकि रविवार सुबह 8 बजे 35 सेंटीमीटर बढ़कर 189.35 हो गया है। जबकि रामगंगा का डेंजर लेबल 190.60 मीटर है। हालांकि अभी मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक बारिश होने के आसार नहीं हैं।

भगतपुर के कोटला नगला फतेहपुर मार्ग पर गड्ढे में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

मोहर्रम व कांवड़ यात्रा में बाधा बनेगी जर्जर सड़क

संवाददाता, भगतपुर

अमृत विचार : भगतपुर के मुख्य मार्ग के खराब होने से दो गांवों के मोहर्रम जुलूस और दर्जनों गांवों की कांवड़ यात्रा निकालने में मुश्किल हो सकती है।

ग्रामीणों का कहना है कि ताजियों का जुलूस दौलपुरी बमानिया गांव तक पुलिस की निगरानी में कर्बला तक पहुंचाया जाता है। इस वर्ष मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे और जलभराव होने से जुलूस निकालने में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को भी रास्ते को लेकर जानकारी दी गई, परंतु समाधान नहीं हुआ। भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव कोटला नगला, फतेहपुर बहेड़ी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जर्जर हालत में है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मोहर्रम के जुलूस और कांवड़ यात्रा से पहले मार्ग ठीक कराया जाए जिससे आने वाले त्योहारों में किसी प्रकार की समस्या न हो।

हर्ष सात राज्यों में हुए उपचुनाव में इंडी गठबंधन की जीत पर कांग्रेसियों में उत्साह

कांग्रेसियों ने धमाकेदार जीत पर बांटी मिठाइयां

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर में कांग्रेसियों ने सात राज्यों के विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। रविवार को कांग्रेस जिला महासचिव संजीव सिंघल के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नगर के कदीर तिराहा पर एकत्र हुए। जहां 7 राज्यों में 13 विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जाहिर की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला महासचिव ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है। बीजेपी का चेहरा बेनकाब हो गया है।

इस दौरान नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, लारिव मंसूरी, शरीफ आजाद, यासीन कुरैशी, मोहम्मद दीन, शमीम चौधरी, हाजी मुस्तकीम, डॉक्टर बाबू, चंद्रपाल सिंह, पंकज प्रजापति खुशीराम, अब्दुल्लाह अंसारी, नाजिम गांधी, फुरकान हुसैन, हाजी याकूब, महबूब कुरैशी, रईस मास्टर आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा में मिठाई वितरित करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कुंदरकी में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर मनाई खुशी

कांठ, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस के कार्यालय पर सात राज्यों में हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की भारी जीत पर कांग्रेसियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। रविवार को कार्यालय पर नगर अध्यक्ष नदीम अहमद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन की जीत पर खुशी मनाई है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। भाजपा द्वारा बुना गया भय और भ्रम का जाल अब टूट चुका है। इस अवसर पर महासचिव शरीफ आजाद, रामस्वरूप जाटव, शादाब, तारीक रियाज, विजय भटनागर, सुरेंद्र, जफर अंसारी, शौवीर सिंह, शमीम अंसारी, फुरकान अहमद, महबूब अली आदि मौजूद रहे।

एक-दूसरे को दी बधाई

कुंदरकी, अमृत विचार : 7 राज्यों में हुए 13 सीट पर उपचुनावों में इण्डिया गठबंधन को 10 सीटों पर मिली प्रचंड जीत पर कुंदरकी ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर चौधरी अहसान खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी। इस दौरान चौधरी दाऊद खान, शौकत, वाहिद खान, हनीफ खान, बग्गा चौधरी, शकूर सैफी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मान नगर में बेतरतीब वाहन खड़े होने से नागरिक परेशान

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : सरकार द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है, लेकिन ऐसा ही नगर के मोहल्ला मान नगर में एक फार्म हाउस के पास भारी संख्या में वाहनों के खड़े होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों की ओर से इस पर कार्रवाई नहीं की जा रही।

नगर के मोहल्ला माननगर में एक फार्म हाउस व वाल्मीकि मंदिर के पास दर्जनों गाड़ियां व अन्य वाहनों को पार्क कर लोग चले जाते हैं। जबकि यह मार्ग बहुत ही व्यस्त रहता है। तहसील से ठाकुरद्वारा आदि स्थानों को लोग इसी मार्ग से गुजरते हैं। कई दर्जन स्कूलों के बच्चे भी इसी मार्ग को होकर जाते हैं। किसानों के ट्रैक्टर गाड़ी आदि भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। जिससे पैदल जाने वाले स्थानीय निवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। मोहल्ला पट्टी वाला निवासी राकेश ने बताया कि वह ट्रैक्टर लेकर जंगल जा रहा था। कई ट्रक चालक रास्ते में वाहन खड़ा करके समान उतार रहे थे। रास्ता देने को कहने पर वे लोग झगड़ा करने को उतारू हो गए। नागरिकों ने पुलिस को सूचना देकर मार्ग को खाली करने की मांग की है।

मार्ग पर खड़े बेतरतीब वाहन।

एक नजर

सांड की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

मिलक, अमृत विचार : मिलक से घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की सांड से टक्कर हो गई। इसमें दोनों युवक घायल हो गए। क्षेत्र के धनौरा गांव निवासी विजय व सोनू मिलक आए थे। शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे घर लौटते समय मिलक-पटवाई मार्ग पर उनकी बाइक सांड से टकरा गई। इसमें दोनों घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

खौलता दूध गिरने से सात वर्षीय बच्चा झुलसा

मिलक, अमृत विचार : खेलते समय सात वर्षीय बच्चे के ऊपर खौलता हुआ दूध गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। क्षेत्र के खाता नगरिया गांव निवासी मोहनलाल का सात वर्षीय पुत्र आयुष रविवार को बरामदे में खेल रहा था। बरामदे में जमीन पर रखे गैस चूल्हे पर भगौने में दूध उबल रहा था। इस बीच आयुष गैस चूल्हे पर गिर गया और खौलते हुए दूध से भरा भगौना उसके ऊपर जा गिरा। इससे आयुष बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे सरकारी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गाजियाबाद के युवक की सड़क हादसे में मौत, चचेरा भाई घायल

दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे थे हरदोई के ग्राम गेगलापुर

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : रिश्तेदार के साथ दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे गाजियाबाद के बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उसका रिश्तेदार घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

हादसे का शिकार हुआ 20 वर्षीय शिवा मूल रूप से हरदोई जनपद के थाना बेनीपुर क्षेत्र के गांव गेगलापुर का रहने वाला था। वह लंबे समय से गाजिबयाद में ही रहता था। शनिवार की रात वह अपने चचेरे भाई विपिन के साथ गांव जाने के लिए गाजियाबाद से निकला था। रविवार तड़के तीन बजे मिलक क्षेत्र के लोहा गांव स्थित हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों को सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने शिवा को मृत घोषित कर दिया तथा विपिन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जनकारी परिजनों को दी। परिजनों के जिला अस्पताल पहुंचने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को गाजियाबाद ले गए। परिजनों का कहना था कि शिवा हंसमुख और मिलनसार था। शनिवार की रात परिजनों ने उससे कहा था कि दिन निकलने पर चले जाना लेकिन वह नहीं माना और चचेरे भाई विपिन के साथ रात 10 बजे हरदोई के लिए निकल गया। तड़के में उसके मौत की खबर सुनकर परिजन सन्न रह गए।

जिला अस्पताल में बैठे शिवा के परिजन। ● अमृत विचार

दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे थे दोनों

घायल विपिन ने बताया कि शिवा और वह चचेरे-तहेरे भाई हैं। दोनों के परिवार गाजियाबाद में रहते हैं। शिवा कपड़ों की ड्राई क्लीन में कपड़ों पर प्रेस करता था। वह स्वयं बिजली का काम करता है। वह अपने पैतृक गांव में दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे थे।

कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

स्वार, अमृत विचार : बंटवारे में हिस्सा न देने पर रिपोर्ट दर्ज कराने से क्षुब्ध ससुरालियों ने महिला व बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला का ससुरालियों से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। तीन मई को ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की थी। महिला ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी को लेकर ससुराल वाले उससे रंजिश रखने लगे। महिला का आरोप है कि दस जून को वह बेटे के साथ खेत पर थी। तब ससुराल वाले खेत पर पहुंच गए और मां-बेटे के साथ मारपीट कर खेत में खड़े दो वर्ष पुराने यूकेलिप्टस व पॉपुलर के 50 पेड़ों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज न करके उसे टरका दिया था। तब महिला ने कोर्ट की शरण ली। शनिवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने राधेश्याम, सोहनलाल, राकेश व रामकुंवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फंसे कैप्सूल को निकलवाती पुलिस। ● अमृत विचार

सड़क किनारे कच्ची मिट्टी में धंसा एलपीजी से भरा कैप्सूल

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : गैस का कैप्सूल सड़क किनारे कच्ची जमीन में फंस गया। रविवार की दोपहर उसे क्रेन से निकाला गया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

गाजियाबाद के लोनी प्लांट से एलपीजी गैस भरकर कैप्सूल उत्तराखंड के सितारगंज स्थित बाटलिंग प्लांट जा रहा था। गैस कैप्सूल नेशनल हाईवे से हटकर खूंटाखेड़ा चौराहे से मिलक मुंडी मार्ग पर चला गया। करीब एक किमी आगे जाने पर सामने की ओर से आ रहे वाहन से बचाने के प्रयास में चालक ने कैप्सूल को सड़क किनारे कर दिया। इस पर पिछले पहिए कच्ची जमीन में धंस गए। चालक ने उसे निकालने का प्रयास किया तो पहिए और धंसते चले गए। कैप्सूल के एक ओर के पंखे उठ गए। वह रोड किनारे खेत में पलटने से बाल-बाल बच गया।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह अग्निशमन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच गईं। चालक को नशे की हालत में देख नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी। इस पर रविवार को कंपनी की टीम भी मौके पर पहुंची और क्रेन तथा जेसीबी की मदद से गैस कैप्सूल को बाहर निकाला।

उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बारिश थमने के बाद उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। बिजली कटौती और ट्रिपिंग से हाहाकार मचा है। शहर के कई मोहल्लों की बिजली कई घंटे गुल हो रही है। इसके कारण लोग परेशान हैं। शिकायत करने पर बिजली विभाग के अधिकारी आश्वासन देकर टरका देते हैं। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

शहर के मोहल्ला मिस्टन गंज में सराय गेट के चौराहे पर रखा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर रविवार की सुबह छह बजे फुंक गया। इसके चलते उमस भरी गर्मी में आठ घंटे तक लोगों को बिजली नहीं मिली। सराय गेट निवासी राकिम खां, अफसर अली उर्फ नन्हें, गुलवेज खां का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते क्षेत्र में कई दिन से बिजली कटौती का सिलसिला जारी है। एक तरफ अधिकारी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली देने का दावा कर रहे हैं। जबकि मोहल्लेवासियों का कहना है कि भूमिगत लाइन में फॉल्ट, एचटी लाइन में खराबी और ट्रांसफार्मर फुंकने से लगातार कटौती की जा रही है।

रविवार की सुबह ट्रांसफार्मर फुंकने पर तब तीन घंटे बाद भी बिजली नहीं आई तो तब लोगों ने बिजली कर्मचारियों को फोन किया। उन्होंने तकनीकी समस्या बताकर फोन काट दिया। दोपहर दो बजे नया ट्रांसफार्मर रखवाया गया। तब आपूर्ति सुचारु हुई।

ट्रांसफार्मर चेक करते कर्मचारी।

> मिस्टन गंज, सराय गेट का 400 केवीए का ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग के कारण फुंक गया। स्टोर से दूसरा ट्रांसफार्मर मंगाकर रखवा दिया गया है।
> -पीके सिंह
> एसडीओ द्वितीय, रजा बिजलीघर

सांईं विहार की एबीसी केबिल हुई खराब

रविवार को ज्वालानगर के सांई विहार में एबीसी केबिल खराब हो गई। दो घंटे विद्युपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात नौ बजे बाधित आपूर्ति सुचारु हुई। एसडीओ प्रथम सचिन रस्तोगी ने बताया कि एबीसी केबिल में खराबी आ गई थी। इसे सही कराकर बाधित विद्युपूर्ति को सुचारु करा दिया है।

मारपीट के मामलों में पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे के मोहल्ला हकीमान निवासी सहाबुद्दीन ने प्रशांत, किशन एवं नत्थू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इन पर लाठी-डंडों से पीटने का आरोप लगाया है। वहीं, ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव खंदेली निवासी हरि सिंह ने गांव के ही गजेन्द्र की पत्नी मीरा, मां सोमवती तथा बहन सुनीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि इन चारों ने पीड़ित की पत्नी जमुना को गालियां दीं और विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटा। दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र के गांव जैडोली निवासी तीरथ सिंह ने चंचल सिंह की पत्नी अमरवती समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि चारों आरोपियों ने ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसे लाठी-डंडों से जमकर पीटा।

उधर ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव यूसुफनगर निवासी धीरेंद्र ने पुलिस को गांव के ही रमेश, दिनेश, महेश एवं बब्लू के खिलाफ तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया कि चारों आरोपियों ने घरेलू विवाद के चलते उसे गालियां दीं। उसके विरोध करने पर चारों ने मिलकर उसके पिता सुरेश व मां विमला को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट दिया। पुलिस ने मारपीट के इन मामलों में 15 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसके गुप्ता और रमेश अग्रवाल बने संरक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बरेली रोड स्थित एक औद्योगिक गेस्ट हॉउस में आईआईए रामपुर चैप्टर के नवनियुक्त चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने रविवार को अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें एसके गुप्ता और रमेश अग्रवाल (रम्मी) को संरक्षक बनाया गया है। प्लाईवुड व्यापारी मनोज गर्ग को सेक्रेट्री नियुक्त किया गया। मनोज गुप्ता को सीनियर वाइस चेयरमैन, उमेश अग्रवाल एवं आदर्श अग्रवाल को वाइस चेयरमैन, अजय अग्रवाल सीए को कोषाध्यक्ष एवं विनय बंसल को ज्वाइंट सेक्रेट्री नियुक्त किया गया।

आईआईए रामपुर चैप्टर के नव नियुक्त चेयरमैन ने बताया कि शीघ्र ही विभिन्न सब्जेक्ट कमेटियों का गठन भी किया जाएगा। चेयरमैन ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह 20 जुलाई को होगा। इसमें नगर विधायक आकाश सक्सेना एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आईआईए दिनेश गोयल तथा निकटवर्ती जिलों के चेयरमैन भाग लेंगे। कार्यक्रम में सभी चेयरमैन को सम्मानित करने का योजना है।

बैठक में एसके गुप्ता, रमेश अग्रवाल, विपिन गुप्ता, श्रीष गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज गर्ग, दिलीप रस्तोगी, अजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, विनीत रस्तोगी, डॉ. वीवी शर्मा, राम रक्षपाल यादव एवं केसी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

रविवार को गेस्ट हाउस में हुई बैठक में शामिल उद्यमी। ● अमृत विचार

- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों की गई घोषणा
- 20 जुलाई को होगा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

बिना अनुमति कराई जा रही प्लाटिंग, डीएम से शिकायत

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : वन विभाग के पेड़ों को अवैध तरीके से काट लिया। इसके बाद बिना अनुमति लिए ही प्लाटिंग कर दी। ग्रामीण ने जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना मिलकखानम क्षेत्र के गांव मेहंदीनगर में बिलासपुर मार्ग पर कुछ लोग बिना अनुमति के ही प्लाटिंग कर रहे हैं। गांव मेहंदीनगर निवासी शाकिब ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि पुलिया के पानी की निकासी बंद करने के साथ ही वन विभाग के पेड़ों का कटान कर उनकी जड़ों को मिट्टी से समतल कराकर बिना अनुमति के अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। प्लाटिंग करने वाले सड़क को काटकर पानी की निकासी कर रहे हैं। इससे स्कूल व पंचायत घर समेत ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। ग्रामीण ने जिलाधिकारी से नियम विरुद्ध की जा रही प्लाटिंग व पानी निकासी की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

प्लाटिंग के लिए वन विभाग के पेड़ काटकर साफ किया गया रास्ता।

- वन विभाग के पेड़ों का कटान कर जड़ों को किया समतल

सफाई कर्मियों का बढ़ाया जाए मानदेय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ठेका सफाई कर्मचारियों ने मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर पालिका की अध्यक्ष के पति को ज्ञापन सौंपा। इसमें उनका कहना है कि जनपद की अन्य निकायों में नौ हजार रुपये मानदेय मिल रहा है, लेकिन नगर पालिका में 8170 रुपये मानदेय दिया जा रहा है। यह शासनादेश उल्लंघन है।

राष्ट्रीय सफाई मजदूर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्म कुमार के नेतृत्व में कर्मचारी एकत्र होकर नगर पालिक की अध्यक्ष के निवास पर पहुंचे। उन्होंने पालिकाध्यक्ष के पति को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें कर्मचारियों का कहना है कि ठेका सफाई कर्मचारियों को किस शासनादेश के तहत मानदेय दिया जा रहा है। कितनी कटौती की जा रही है। कई बार कर्मचारियों को ईएसआई, पीएफ के लिए लिखकर दिया जा चुका है लेकिन दिए नहीं जा रहे है। उन्होंने कर्मचारियों का बीमा कराने की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अनिल राज, जोगिन्द्र, नवीन कुमार, धीरज कुमार, नरेश, गौरव कुमार, अमरजीत, मुकेश, राजेन्द्र, गोपाल, रंजीत, शंकर आनंद, दुर्गेश, जोगेश, मनीष, बिट्टू, सनी, गुड्डू, संजय, रोहित, राजेंद्र, विनोद, विवेक, हारून, आकाश, शुभम, दीपक राही आदि मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष के पति को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- कर्मचारियों ने पालिकाध्यक्ष के पति को सौंपा ज्ञापन
- ज्ञापन में कर्मचारियों का बीमा कराने की मांग भी उठाई

किशोरी को भगाने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

स्वार, अमृत विचार : प्रेम प्रसंग में किशोरी को भगाकर ले जाने के आरोपी पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जनपद महाराजगंज थाना भिटौली निवासी युवती की शादी तीन वर्ष पूर्व कोतवाली के एक गांव में एक युवक के साथ हुई थी। इसके चलते युवती के भाई अमित का उनके घर आना-जाना था। इस दौरान अमित का अपने जीजा की बहन से प्रेम प्रसंग हो गया। चार दिन पूर्व वह किशोरी को भगाकर ले गया। किशोरी के भाई ने साले को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद कर आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

उप जिलाधिकारी ने धान से भरी दो ट्रॉली पकड़ीं

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर ग्राम सरकथल के पास से धान से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। इसके बाद इन्हें मंडी समिति परिसर में खड़ा करा दिया। दोनों ट्रालियों में 300 क्विंटल धान भरा था। उपजिलाधिकारी के आदेश पर मंडी समिति के सचिव सुभाष सक्सेना ने इनकी 79,200 रुपये के जुर्माने की रसीद काट दी।

उप जिलाधिकारी ने टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर सरकथल के पास दढ़ियाल की तरफ से आ रहीं धान से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकड़ लिया। इनके चालक धान के सम्बंध में कोई वैद्य कागजात नहीं दिखा सके। इस पर दोनों ट्रालियों को कब्जे में लेकर मंडी समिति परिसर में खड़ा करा दिया। शनिवार को उपजिलाधिकारी के आदेश पर मंडी सचिव ने नगर के मोहल्ला बरगद निवासी जमील व मोहल्ला भब्बलपुरी निवासी महमूद के नाम से मंडी शुल्क और शमन शुल्क के साथ जुर्माना डालते हुए 79,200 रुपये की रसीद काट दी।

धान से लदी ट्रैक्टर-ट्राली।

- दो व्यापारियों पर 79,200 रुपये का जुर्माना भी लगाया

दुश्वारी जगह-जगह टूटे भमरौआ मार्ग की नहीं हो सकी मरम्मत, हर साल रास्ता सही कराने का आश्वासन देते हैं अधिकारी

जर्जर रास्ते से गुजरकर बाबा को जल चढ़ाएंगे कांवड़िए

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : भमरौआ मंदिर में जलाभिषेक करने वाले भक्तों को इस साल भी जर्जर रास्ते से ही मंदिर तक आना पड़ेगा। श्रावण मास शुरू होने को है लेकिन मंदिर मार्ग को सही कराने की किसी ने सुध नहीं ली है। अधिकारियों ने इसका कई बार निरीक्षण तो किया लेकिन स्थिति जस की तस है।

श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर ग्राम भमरौआ में है। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से इसकी दूरी लगभग चार किलोमीटर है। एतिहासिक होने के कारण श्रावण मास के सभी सोमवारों को काफी संख्या में भक्त ब्रजघाट और हरिद्वार से जल लाकर यहां चढ़ाते हैं। हर साल भक्तों को टूट हुए रास्ते से ही आना-जाना पड़ता है। अधिकारी हर साल सड़क बनवाने का आश्वासन तो देते हैं मगर यह केवल कागजों में ही सिमटकर रह जाता है।

इस बार श्रावण मास सोमवार 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी ने सड़क की मरम्मत कराने की जहमत नहीं उठाई है।

भमरौआ मंदिर के बारे से लोगों से जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र।

भमरौआ मंदिर से पहले टूटी सड़क।

जर्जर हाल में भमरौवा मार्ग।

एसपी ने ऐतिहासिक मंदिरों का किया निरीक्षण

एसपी विद्यासागर मिश्र एवं एसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने भमरौआ मन्दिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मिलक के रठौंडा शिव मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद वह नागेश्वर शिव मन्दिर पंजाबनगर गए। मंदिर का जायजा लेने के बाद पुजारी से बात की।

भारी संख्या में भक्त लाते हैं डाक कांवड़

सावन में बारिश होने के कारण भमरौआ रोड पर पानी भर जाता है। जर्जर होने के कारण कीचड़ भी हो जाती है। भक्तों को इसी कीचड़ से गुजरना पड़ता है। भारी संख्या में युवा डाक कांवड़ लाकर मंदिर में चढ़ाते हैं। उन्हें भी कीचड़ से गुजरना पड़ता है। इसके अलावा लोग अपने वाहनों से भी जल चढ़ाने जाते हैं। रास्ता टूटा होने के कारण कई बार वाहन भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। इसके बावजूद रास्ते को सही नहीं कराया जा सका है।

> जेई उमेश कुमार ने बताया कि भमरौआ की सड़क पर जल्द ही काम कराया जाएगा। इसके लिए विभागीय प्रक्रिया चल रही है। -उमेश कुमार
> जेई निर्माण खंड नगर पालिका परिषद

कई साल से लगातार घट रहा गन्ने का रकबा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाकियू की पंचायत में किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि गन्ना विभाग और चीनी मिलें फर्जी रकबा दिखा रही हैं। हकीकत में गन्ने का रकबा कई साल से लगातार घट रहा है। ऐसा बिचौलियों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।

भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने प्रदेश कैंप कार्यालय पर हुई पंचायत में कहा कि गन्ना विभाग और चीनी मिलें गन्ने का रकबा बढ़ाने के बजाए फर्जी रिपोर्ट बना रही हैं। इस बार भी ऐसा ही किया गया है। कहा कि कई साल से रकबा 34 हजार हेक्टेयर के आसपास दर्शाया जा रहा है। जबकि, हकीकत में 17 हजार हेक्टेयर से भी कम गन्ना है। ऐसा बिचौलियों को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। फर्जी सर्वे के सहारे गन्ना सप्लाई पर्चियां जारी की जाती हैं। उन पर्चियों में गन्ना मिल बिचौलियों के जरिए दूसरे जनपदों का गन्ना खरीदती हैं। चेतावनी दी कि नकद में गन्ना खरीद की गई तो भाकियू जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर धरना देगी।

पंचायत में सुभाष चंद्र शर्मा, नल सिंह यादव, विनय गंगवार, अशोक कुमार सागर, चौधरी अजीत सिंह, मुजम्मिल प्रधान, अख्तर, उस्मान, बाबर, इरफान, हाफिज अय्यूब, मोहम्मद मुस्तकीम, नदीम खां, तौकीर अहमद, राजपाल सिंह, हरिओम रवि, महेंद्र पाल सिंह, जसवीर सिंह, चौधरी सुंदर सिंह, मुजफ्फर अली, अहमद हसन, तौसीफ आदि मौजूद रहे।

पंचायत में बोलते किसान नेता हसीब अहमद। ● अमृत विचार

- भाकियू जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर देगी धरना
- चीनी मिलों व गन्ना विभाग पर फर्जी रिपोर्ट बनाने का आरोप

एक नजर

बीमार बछड़े का इलाज कराकर गोशाला भेजा

सैफनी, अमृत विचार : रविवार को थाने के सामने एक बीमार बछड़ा पड़ा था। सूचना मिलने पर भारतीय गो रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी मौके पर पहुंचे। उन्होंने नगर पंचायत कर्मियों व पशु चिकित्सक को बुलाकर बीमार बछड़े का इलाज कराने के बाद नगर पंचायत के वाहन की सहायता से उसे गोशाला भेज दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सुपरवाइजर अरशद अली, अनिकेत, मोहित, सद्दाम हुसैन, आकाश, महेश, जुगनू, रितिक आदि मौजूद रहे।

हाईवे पर पलटी धान से भरी पिकअप

भोट, अमृत विचार : गंज थाना क्षेत्र के पसियापुरा गांव निवासी किसान याकूब अली रविवार की सुबह पिकअप में धान भरकर बिलासपुर मंडी जा रहे थे। सुबह करीब सात बजे भोट कस्बा स्थित धर्म कांटे के पास पिकअप के सामने अचानक बाइक आ गई। उसे बचाने के प्रयास में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इसे उसमें लदा धान सड़क पर बिखर गया। सूचना पर किसान के परिजन भी पहुंच गए। उन्होंने बिखरे धान को किसी दूसरे वाहन से भरकर मंडी भेजा।

सहारनपुर में सम्मानित हुए मिलक के शिक्षक

मिलक, अमृत विचार : रविवार को सहारनपुर की ग्लोकल यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन हुआ। यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में पदमश्री योग गुरु डॉ. भारत भूषण, पदमश्री डॉक्टर रंजन सक्सेना, पदमश्री सेठ पाल सिंह एवं वाइस चांसलर पीके शर्मा ने विभिन्न राज्यों से चयनित नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया। इसमें रामपुर के मिलक क्षेत्र के यूपीएस मेघा नगला जदीद कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजपाल सिंह गंगवार को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर योग गुरु डॉक्टर भारत भूषण और डॉक्टर पीके शर्मा ने सम्मानित किया।

हादसों में पांच लोग घायल

शाहबाद, अमृत विचार : गांव महेबा निवासी अरविन्द सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जनपद मुरादाबाद के थाना मझोला क्षेत्र की एकता विहार कॉलोनी निवासी प्रदीप शाहबाद आए थे। वह सड़क हादसे का शिकार हो गए। ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव ठिरिया जदीद निवासी अनिल, नबीगंज निवासी महेंद्र एवं शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव जादोपुर निवासी काशीराम भी सड़क हादसे में घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

... कासिम तेरे मरने की अदा याद रहेगी

हजरत कासिम की याद में निकला मेहंदी का जुलूस, सुरक्षा में तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हजरत कासिम की याद में रविवार को मेहंदी का जुलूस निकला। इसमें स्थानीय अंजुमनों ने नोहाख्वानी और मातम किया। जुलूस में असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने यह नोहा पढ़ा- हर दिल में गमो दर्द की बुनियाद रहेगी-कासिम तेरे मरने की अदा याद रहेगी। जुलूस के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस तैनात रही। इसके अलावा इमामबाड़ों में मेहंदी सजाई गई और चरागां हुआ। लाल कबर स्थित इमामबाड़ा खासबाग में डॉ. अब्बास रजा नैयर ने मजलिस को खिताब किया। अकीदतमंदों ने जगह-जगह सबीलें लगाकर लोगों को शर्बत और चाय तकसीम की।

सात मोहर्रम को तोपखाना गेट स्थित बापू माल से मेहंदी का जुलूस बरामद हुआ। इसमें छोटे बच्चे अलम थामे आगे चल रहे थे। उनके पीछे अजादार नोहे पढ़ते और मातम करते चल रहे थे। मेहंदी का जुलूस तोपखाना रोड, नौदरा चौकी, हामिद गेट, मिस्टन गंज, राजद्वारा, नवाब गेट, गांधी समाधि, राहे रजा, राहे जुल्फिकार होता हुआ देर शाम को इमामबाड़ा खासबाग पहुंचा। जुलूस के हामिद गेट पहुंचने पर जैन ने यह नोहा पढ़ा- वक्ते रुखसत कहा अकबर ने ब्रॉदर कासिम-हाशमी जंग के अंदाज दिखाना तुम भी, नाम इस्लाम के दुश्मन का मिटाना तुम भी। इससे पहले मेहंदी का जुलूस निकलने पर असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने यह नोहा पढ़ा-दुखिया बन री छाती कूटे, मुख पे बिखरे-बिखरे केस। इसके अलावा अब्बास और बिट्टन जैदी ने भी नोहख्वानी की। जुलूस के इमामबाड़ा खासबाग पहुंचने पर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और बेगम शाहबानो ने अगुवाई की।

बापू माल से निकले मेहंदी के जुलूस में मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

मेहंदी के जुलूस में जरीह को कांधा लगाते नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां।

जुलूस में राशिद ऐजाज, शान जैदी, हसीन मियां, मंसूर मियां, सैयद मियां, वासिक हुसैन राजू, राशिद हिलाल, कमल रिजवी, सैयद मोहम्मद अली जैदी, शबाब हुसैन समेत काफी तादाद में अजादार मौजूद रहे। जुलूस के इमामबाड़ा खासबाग पहुंचने के बाद डॉ. अब्बास रजा नैयर ने मजलिस को खिताब किया।

जुलूस में अलम थामे नन्हे अजादार।

मजार शरीफ में तकरीर करते मौलाना। ● अमृत विचार

उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : शाहजी मियां की दरगाह पर 196वें सालाना मेहंदी उर्स में दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने चादरपोशी की। कुल शरीफ में शिरकत कर मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

तहसील के भटपुरा तारन गांव स्थित दरगाह शाहजी मियां रहमतुल्लाअलैह का मेहंदी उर्स व मेला मोहर्रम उल हराम की छह तारीख से शुरू होने वाला तीन दिवसीय उर्स आठ मोहर्रम तक चलता है। दरगाह के सज्जादानशीन हजरत मोहम्मद यूनुस मियां व हजरत मोहम्मद यूसुफ मियां ने बताया कि सरकार की मजार दरगाह परिसर में बीच वाली है। उर्स के पहले दिन फज्र की नमाज के बाद दरगाह में कुरआन ख्वानी हुई। इसके बाद उलमा ने कुल शरीफ पढ़ा।

बताया कि मोहर्रम की सात तारीख को सुबह नौ बजे से दरगाह परिसर में बड़ा कुल हुआ। इसमें हजारों की संख्या में दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने हाजिरी दी। तीन दिवसीय चलने वाले इस उर्स पर दरगाह को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया।

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में चलाया अभियान

रामपुर, अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर डॉ. दिनेश चंद शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति के बहिष्कार के मुद्दे पर एक्स हेंडल पर अभियान चलाया। ऑनलाइन अभियान नंबर वन पर ट्रेंड होता रहा। 11,20,000 ट्वीट के साथ नंबर वन में ट्रेड होते हुए एक कीर्तिमान स्थापित हो गया। यह आंदोलन का द्वितीय चरण था।

जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान ने बताया कि जब तक सरकार शिक्षकों की मांगों को नहीं मानेगी तब तक ऑनलाइन अटेंडेंस का विरोध जारी रहेगा। सरकार अपने इस आदेश को तत्काल वापस ले। हेसटेग अभियान में चरन सिंह, प्रेम सिंह चौहान, मनोज कुमार, अमित झा, सुभाष राठौर, रहमत अली ने भूमिका निभाई। आंदोलन के तीसरे चरण में 15 जुलाई को ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में बीएसए राघवेंद्र सिंह को ज्ञापन देंगे।

इमाम हुसैन ने कर्बला में सिर कटाकर बचाई इंसानियत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : इमामबाड़ा नवाबजादी कुलसूम बेगम में मौलाना डॉ. कौसर मुज्तबा नकवी ने कहा कि खुदा ने हमें अपनी इबादत और एहलेबैत की मोहब्बत के लिए पैदा किया है। माहे मोहर्रम में हम इमाम हुसैन की अजादारी करके यह बताते हैं कि हम खुदा की इबादत और एहलेबैत की मोहब्बत दोनों पर बाकी हैं।

इमामबाड़े में हो रहे अशरे की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि माहे मोहर्रम अमन और भाईचारगी का पैगाम देता है। इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में सिर कटा कर नाना के दीन को बचा लिया। रिश्तों का अहसास कराया और इंसानियत को भी बचा लिया। कहा कि दुनिया का पहला आतंकवाद कर्बला में हुआ। जहां तीन दिन के प्यासे छह माह के बच्चे को भी त्रिफला तीर मारकर शहीद कर दिया गया। इंसानियत को बचाने के लिए जरूरी है कि आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाएं। तभी दुनिया के लोग चैन की नींद सो सकेंगे। मजलिस में सलमान मियां, इरफान जैदी, कमल रिजवी, नदीम अकबर, इकबाल मियां समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।



मजलिस को खिताब करते मौलाना डॉ. कौसर मुज्तबा नकवी। ● अमृत विचार

इमारत के जर्जर हिस्से को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

नहर खंड की जेसीबी से गिराया जर्जर इमारत का पिछला हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नवाबों के दौर की जर्जर इमारत के पीछे वाले हिस्से को नहर खंड की जेसीबी से ध्वस्त कराया गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी रही।

मोहल्ला घेर सैफुद्दीन खां निवासी सपा नेता आसिम खां ने सिंचाई विभाग की जर्जर इमारत से बड़ा हादसे होने की आशंका की शिकायत नहर खंड के अधिकारियों से की थी। उन्होंने कहा था कि यहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। बरसात में कभी भी इमारत का कोई भाग गिर सकता है। इसलिए इमारत के जर्जर हिस्से को ध्वस्त कराया जाए। एक्सईएन नवीन कुमार सिंह के निर्देश पर सहायक अभियंता अजीत सिंह ने रविवार की इमारत के जर्जर हिस्से को जेसीबी से ध्वस्त कराया। इस दौरान जेई नानक चंद्र समेत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

खंभे में उतरे करंट से भैंस की मौत

बिलासपुर, अमृत विचार : मोहल्ला विशारतनगर नई बस्ती निवासी मोहम्मद मुन्ने की भैंस चरते समय हाईवे पर ट्रिपल ए गैस एजेंसी के पास लगे स्ट्रीट लाइट के पोल के नीचे भरे पानी में पहुंच गई। इसमें आ रहे करंट से उसकी मौके पर मौत हो गई।

भैंस की कीमत 80 हजार रुपये बताई जा रही है। किसी ने पूरी घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। लोगों ने वीडियो देखकर उस रास्ते से निकलना बंद कर दिया। लोगों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और बिजलीकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने पोल से टकरा रहे तारों को अलग किया। उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार प्रसाद ने घटना से अभिज्ञानता जताई है। जबकि लेखपाल रिजवान ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

25 मेधावियों को साइकिल देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सिविल लाइन स्थित एक वैंक्वेट हॉल में दीनबंधु सेवा दल की ओर से निर्धन मेधावी विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सेना से सेवानिवृत्त हरपाल सिंह ने कहा कि साइकिल समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के होनहार बच्चों की आगे की शिक्षा में बहुत उपयोगी साबित होगी।

रविवार को अलग-अलग गांवों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 25 छात्र-छात्राओं को साइकिल दी गईं। इसमें यूपीएस सिकरौल की कुमकुम, अताईनगर की लक्ष्मी यादव, मझरा भैया नगला की सृष्टि, आगापुर की लक्ष्मी, जैन इंटर कॉलेज के विजय शामिल रहे। इसके अलावा यूपीएस अहमदनगर खेड़ा की प्राची, पट्टी कल्याणपुर की मानसी, अफजलपुर पट्टी के विनीत कुमार को साइकिल दी दी गई।

इस मौके पर नीता गुप्ता, इमरती देवी, एनपी श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, अशोक सक्सेना, सरोज सक्सेना, महेंद्र कुमार हल्दिया, संदीप कुमार भाटिया, राहुल जैन, जीवन सिंह विष्ट, मोहित सक्सेना, अमित श्रीवास्तव, राकेश विश्वकर्मा, अमित सक्सेना, गौरवदीप गुप्ता, संतोष प्रसाद, रविंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार, चंचल सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन चंचल कुमार गुप्ता ने किया।

मेधावियों को साइकिल बांटते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● बच्चों की आगे की शिक्षा में उपयोगी साबित होगी यह साइकिल

आयोजन | शायर अजहर इनायती के आवास पर हुई खुसूसी महफिल

सर है तेग ए जफा के साये में ...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लखनऊ यूनिवर्सिटी में उर्दू के विभागाध्यक्ष, राज्य सरकार की नेशनल एजुकेशन पॉलिसी टास्क फोर्स के सदस्य और उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के एक्जीक्यूटिव मेंबर प्रोफेसर अब्बास रजा नैय्यर के सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर अजहर इनायती के आवास पर खुसूसी महफिल हुई। विख्यात इस्लामी स्कॉलर प्रोफेसर अब्बास रजा ने अपनी शायरी की कई पुस्तकें अजहर इनायती को भेंट कीं।

एक शाम प्रोफेसर अब्बास रजा नैय्यर के नाम के मौके पर शायरी भी हुई। इसमें नात, मनकबत और मर्सिये पेश किए गए। प्रोफेसर अब्बास रजा नैय्यर जलालपुरी ने शेर पेश किया कि-सर है तेग ए जफा के साये में, इश्क है करबला के साये में। हो न हो कत्ल हो गया सूरज, धूप बैठी है आ के साये में। अजहर इनायती ने नाते पाक के शेर पढ़े-जो अजहर उन की मिदहत कर रहे हैं, तो ये समझो इबादत कर रहे हैं। बगावत है अगर इंकारे बैअत, तो जालिम हम बगावत कर रहे हैं। अब्बास हैदर एहतेशाम सहरी ने अपनी वालिद मरहूम तनवीर सहरी का कलाम इस तरह सुनाया-बातिल का नाम सारे जहां से मिटा गई, मजलूमियत हुसैन की दुनिया पे छा गई। फिसको फुजूर कुफर्रो जलालत के दौर में, बस एक हुसैनियत थी जो उम्मत बचा गई। सैयद हसन मेहंदी ने कलाम रजा सिरसवी का शेर पेश किया-गूंजी ब वक्ते अस्र सदा मैं हुसैन हूं, काटो न मेरा खुश्क गला मैं हुसैन हूं। अम्मा किसी ने पानी की एक बूंद भी न दी, मैं बार-बार कहता रहा मैं हुसैन हूं।

शायर अजहर इनायती को किताबें भेंट करते प्रोफेसर अब्बास रजा नैय्यर।

चुराए गए सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : पुलिस ने 24 घंटे में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चुराया गया सामान भी मिला है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि शनिवार को मोहल्ला भट्टी टोला निवासी मुशर्रफ के घर से चोर उसकी बहन के सोने के जेवर दो अंगूठी, गले की चेन, नोज पिन, दो जोड़ी टॉप्स आदि चुरा कर ले गए थे। उसने अपने दोस्त पर शक जताते हुए रविवार को पुलिस को नामदज तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने उसके दोस्त से सख्ती से पूछताछ की तो उसने घटना स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी नाजिल निवासी मडैया नादर बाग वाली मस्जिद सिविल लाइन की निशानदेही पर चोरी किए गए सामान को बरामद कर लिया।

एक-दूसरे को मिठाई खिलाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

उप चुनाव में इंडिया गठबंधन को जनादेश मिलने पर कांग्रेसी खुश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सात राज्यों और 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन को जनादेश मिलने पर कांग्रेसियों ने मिठाई बांटी। पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश की पांच सीटों पर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों ने चार सीटें जीती हैं।

कहा कि देश की 13 विधानसभा सीटों में से इंडिया गठबंधन ने 10 सीटों पर जीत का परचम लहराया है। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता ने कहा कि जनता ने भाजपा की झूठ, नफरत और हिंदू-मुस्लिम की राजनीति को नकार दिया है। अब जनता समझ चुकी है कि भाजपा की हिंदू मुस्लिम की राजनीति नहीं चलने वाली हैं। अयोध्या के बाद उत्तराखंड की बदरीनाथ सीट पर भी भाजपा को करारी हार का मुंह देखना पड़ा है।

इस अवसर पर नोमान खां, मुश्ताक अली प्रधान, मुईन पठान, ताहिर अंजुम, सुहैल खां, विक्की मियां, लल्लन खां आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

स्काउट मास्टर के साथ परीक्षा में सफल हुए स्काउट। ● अमृत विचार

प्रवेश परीक्षा में 30 स्काउट हुए शामिल

रामपुर, अमृत विचार : 12 से 14 जुलाई तक ग्रुप कार्यालय न्यू आवास विकास कॉलोनी में भास्कर स्काउट दल के सहायक स्काउट मास्टर अभिषेक कुमार ने दल के सभी स्काउट की प्रवेश, प्रथम सोपान और द्वितीय सोपान की परीक्षा कराई। इसमें 30 स्काउट ने प्रतिभाग किया। यह परीक्षा तीन खंडों में कराई गई। पहला खंड प्रवेश का था। इसमें 10 स्काउट ने प्रतिभाग किया। दूसरे और तीसरे खंड के प्रथम सोपान की परीक्षा में 10-10 स्काउट ने प्रतिभाग किया। परीक्षा के मुख्य बिंदुओं में प्रार्थना, झंडा गीत, विभिन्न झंडों के बारे में, कम्पास की जानकारी, प्राथमिक चिकित्सा, पायनियर, टेंट निर्माण के बारे में परीक्षा ली। परीक्षा का आयोजन स्काउट मास्टर भास्कर स्काउट दल के सचिन पाल ने किया।

सम्मेलन में बिलासपुर के विकास पर हुई चर्चा

भोट, अमृत विचार : रविवार को गुजरैला गांव स्थित पूर्व विधायक व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर के आवास पर इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ। इसमें सांसद मोहिब्बुल्ला नदवी ने कहा कि आज तक विकास के मामले में बिलासपुर क्षेत्र की उपेक्षा की गई है। बिलासपुर में विकास कार्य किए जाएंगे। पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुटता का संदेश देता है। उपचुनाव में भी गठबंधन प्रत्याशियों की जीत यह संदेश देती है और जनता भी हमें स्वीकार कर रही है। असलम जावेद, अंसार चेयरमैन, डॉ. रामेश्वर दयाल, डॉ. जफर, अरशद अली गुड्डू, जीवेन्द्र सिंह गंगवार, सरदार गुरबाज सिंह, हरविंदर सिंह, दुर्गेश कुमार मौर्य, कपिल चौधरी, अजीब सिंह, पप्पू खां, रफी खां, शकील अहमद ने भी विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गाय को चारा खिलाते भारत विकास परिषद शाखा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गोशाला पहुंचकर की गायों की सेवा

बिलासपुर, अमृत विचार : रविवार को भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष सुनील गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारी तहसील क्षेत्र के मुशर्रफगंज गांव की आदर्श गोशाला पहुंचे। उन्होंने गायों को चारा वितरण कर सेवा की। इस दौरान शाखा संस्थापक राजेश सैनी ने गो-सेवा को महत्वपूर्ण सेवा बताया। इसमें अधिक से अधिक सहयोग करने का आग्रह किया। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह, गिरिराज किशोर अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, संचित अग्रवाल, सुनील जैन, सपन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

धमोरा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बने सतीश शर्मा

मिलक, अमृत विचार : शिव मंदिर धमोरा में ब्राह्मण सभा की बैठक हुई। इसमें धमोरा एवं आसपास के 12 गांवों के ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सर्वसम्मति से ब्राह्मण सभा धमोरा का अध्यक्ष सतीश कुमार शर्मा को चुना गया। महामंत्री शिवकुमार शर्मा, परशुराम युवा मंच का अध्यक्ष साजन पंडित एवं महामंत्री प्रदीप भारद्वाज को बनाया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों का लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। बैठक में नरेन्द्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, केशव दत्त शर्मा, प्रदीप शर्मा, सुरेश फौजी, नरेन्द्र शर्मा, संतोष शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा, पप्पू शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, विवेक शर्मा, अर्पित शर्मा आदि मौजूद रहे।

सिलेंडरों से भरा कैंटर पुलिया की दलदल में फंसा

मसवासी, अमृत विचार : मसवासी-काशीपुर मार्ग पर निर्माणधीन पुलिया में गैस सिलेंडरों से भरा कैंटर फंसने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मसवासी-काशीपुर संपर्क मार्ग पर पुलिया टूट गई थी। इसकी मरम्मत के बाद दोनों साइड में गीली मिट्टी का भराव कर दिया था। बरसात में यह मिट्टी दलदल बन गई। रविवार को लगभग पांच बजे गैस सिलेंडरों से भरा कैंटर इस दलदल में फंस गया। काफी देर के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर की मदद से कैंटर को निकाला।

धोखाधड़ी में सभासद गिरफ्तार

शाहबाद, अमृत विचार : आठ मई को मोहल्ला वेदान निवासी आरिफ अहमद ने मोहल्ला सादात निवासी सभासद व आरटीआई कार्यकर्ता सैयद बब्लू अली समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि आरोपियों ने उसकी 150 गज जमीन फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों से एक महिला को बेच दी। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि रविवार को बब्लू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

शटरिंग खोलते समय मजदूर घायल

मिलक, अमृत विचार : निर्माणाधीन मकान की शटरिंग खोलते समय शटरिंग का सामान मजदूर के ऊपर गिर गया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेली जिले के थाना मीरगंज क्षेत्र के तिलमास गांव निवासी आकाश मिलक में मजदूरी करने आया था। रविवार को वह बाईपास स्थित एक मकान की शटरिंग खोल रहा था। इस दौरान बल्ली व पटरे उसके ऊपर गिर गए। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूर आकाश को सरकारी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने आकाश को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

आल इंडिया महफिले किरात को लेकर हुई चर्चा

टांडा, अमृत विचार : मोहल्ला इमामबाड़ा में स्थित मदरसा जामिया तुल मआरिफ में हुई जमीयत-उल-हुफ्फाज की बैठक में जमीयत के वरिष्ठ सदस्य हाफिज सलीम और हाफिज हनीफ के निधन पर शोक जताया। उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। जमीयत के महासचिव हाफिज मोहम्मद मोहम्मद शकील रहमानी कुरैशी ने कुरआन की अजमत के हवाले से कहा कि कुरआन-ए- करीम वह किताब है जो अपने नुजूल से लेकर आज तक उसी तरह मौजूद है। बैठक में हाफिज मोहम्मद उमर, हाफिज मोहम्मद तुफैल, हाफिज मोहम्मद लुकमान, हाफिज मोहम्मद आबिद, कारी अब्दुल रशीद, जफर इकबाल हाफिज, मोहम्मद इकराम, हाफिज मोहम्मद यासीन, हाफिज नूरुल इस्लाम, कारी मोहम्मद रफीक, कारी मोहम्मद तय्यब, हाफिज अब्दुल खालिक, कारी शाने आलम, हाफिज मोहम्मद रफीक, हाफिज अब्दुल शकूर आदि मौजूद रहे।

अमीन संघ के जिलाध्यक्ष बने राजीव

रामपुर, अमृत विचार : अमीन संघ की बैठक रोशन बाग स्थित ग्रीन पार्क में हुई। इसमें सर्व सम्मति से राजीव सक्सेना को जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिला मंत्री एजानुद्दीन खान को बनाया। जबकि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह, कोषाध्यक्ष छोटेलाल बने। उपाध्यक्ष अब्दुल सबूर त्रिवेणी गंगवार को बनाया गया है। उपमंत्री कुशल कुमार, वीर सिंह और माखनलाल को बनाया गया। संगठन मंत्री नासिर खान बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष सरफराज हुसैन और मीडिया प्रभारी ग्रीश लोहिया बनाए गए। इस दौरान सुरेंद्र कुमार, जगतपाल सिंह, हरीश कुमार, सतवीर सिंह, देशराज, राजू शर्मा, राम, महेश, अजर अली, उपेंद्र सिंह, सुरेंद्र, चंद्र बदनपाल, राजेंद्र लाल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश गंगवार ने की।

एक नजर

रंजिश में ग्रामीण पर किया हमला

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर जागीर निवासी विजेंद्र ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही है। रविवार को विजेंद्र नलकूप से घर जा रहा था। आरोप है कि लोगों ने हमला कर दिया। जिससे विजेंद्र घायल हो गया। विजेंद्र ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

युवक ने किशोरी और उसकी भाभी से की मारपीट

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि एक युवक उस पर भाभी से बात कराने का दबाव बना रहा है। इससे इन्कार करने पर युवक ने किशोरी और उसकी भाभी के साथ मारपीट की और धमकी दी। किशोरी का कहना है कि युवक ने उसकी भाभी की ऑडियो भी बना रखी है। जिसे लेकर वह आये दिन तंग करता है। बातचीत नहीं करने पर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। किशोरी ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई।

सड़क पर फिसली बाइक तीन घायल

संभल, अमृत विचार : अमरोहा के मुहल्ला दानिश मदान निवासी जुनैद सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय में पानी का प्लांट चलाते हैं। संभल के मुहल्ला मिया सराय निवासी शहरोज व मुहल्ला दीपासराय निवासी शानू भी प्लांट पर काम करते हैं। शनिवार की देर रात 11 बजे जुनैद, शहरोज व शानू बाइक पर सवार होकर चंदौसी चौराहे के पास स्थित होटल पर खाना खाने जा रहे थे। चंदौसी चौराहे के पास अनियंत्रित होकर बाइक फिसलकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में जुनैद, शानू व शहरोज घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने घायल जुनैद, शानू व शहरोज को उपचार के लिए पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

बाइक की टक्कर में बच्चा समेत दो घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में बेहट रसूलपुर-भिरावटी मार्ग पर सड़क किनारे खड़े छह वर्षीय बच्चे को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा और ग्रामीण घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव सिंघौली पूर्वी निवासी देवकीनंदन का छह वर्षीय बेटा पुष्पेंद्र गांव के पास सड़क किनारे खड़ा था। तभी बेहट रसूलपुर की तरफ से जा रहे बाइक सवार ने बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में पुष्पेंद्र और गांव केवलपुर तिपेड़ा निवासी वीरपाल घायल हो गए।

दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में संभल-जोया मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग रूप से घायल हुए। थाना क्षेत्र के गांव निबोला निवासी दीपू उर्फ मुलायम रविवार दोपहर को मनोटा से पशु की दवाई लेकर वापस बाइक द्वारा घर लौट रहा था। पीछे से थाना क्षेत्र के ही गांव खानपुर बंद निवासी आकाश, विकास और विशाल बाइक पर सवार होकर कस्बा जोया जा रहे थे। संभल-जोया मार्ग पर स्थित गांव दारापुर उर्फ दूल्हापुर के चौराहे के पास दीपू ने गांव निबोला के लिए बाइक मोड़ी तो पीछे से आई दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। जिसके बाद परिजन घायलों को घर ले गए।

शादी की दावत खाकर 90 लोगों की हालत बिगड़ी

एक्सपायर डेट के मसालों से बना था खाना, खाते ही बीमार हुए बराती व घराती, डॉक्टरों ने फूड प्वाइजनिंग बताया

कार्यालय संवाददाता,संभल/जुनावई

अमृत विचार : जनपद संभल के जुनावई थाना क्षेत्र में युवती की शादी की दावत में विषाक्त खाना खाने से लगभग 90 मेहमानों की हालत बिगड़ गई। सभी को सरकारी व निजी अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दावत के खाने में इस्तेमाल किये गये मसाले एक्सपायरी डेट के थे। आशंका यही है कि इन्हीं मसालों की वजह से ही मेहमानों को फूड प्वाइजनिंग हुई। खाद्य विभाग की टीम ने तेल, मसाले व बने हुए खाने के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। जिस दुकान से सामान खरीदा गया वहां से भी नमूने लिए गए हैं।

अजीजपुर गांव में धर्मवीर की बेटी प्रीति की बरात रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव ब्योरा से आई थी। शनिवार रात्रि में बरात चढ़त के बाद जैसे ही दूल्हा पक्ष और दुल्हन पक्ष के लोगों ने दावत का खाना खाया तो कुछ ही देर में सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। तमाम लोगों को उल्टी दस्त होने लगे तो एंबुलेंस की सहायता से ब्योरा गांव निवासी अमन, बबलू, नत्थू, वीरपाल, सोनपाल के साथ ही गांव हिरौनी निवासी योगेंद्र, अजीजपुर निवासी संध्या, अमरावती, रोशनी, निधि, नीरज, प्रेमवती सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में भर्ती कराया। हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव करछली निवासी बिशनपाल, अजीजपुर निवासी चंदा, संध्या, प्रवेश सहित तमाम लोगों को प्राइवेट चिकित्सकों के यहां पर भर्ती किया गया। कुछ बराती व रिश्तेदार खाना खाने के तुरंत बाद ही अपने-अपने गांव को चले थे। घर जाकर उनकी हालत बिगड़ी। दुल्हन के भाई सतीश ने बताया कि लगभग 80 से 90 लोगों की दावत खाने के बाद तबीयत खराब हुई है। सतीश ने कहा कि खाने में जो मसाले डाले गए थे वह एक्सपायरी डेट के थे। इस मसालों के पैकेट और रैपर संभाल कर रख लिए गये हैं।

फूड प्वाइजनिंग का शिकार युवती।

मसाले के पैकेट पर डेट दिखाता युवक।

दावत के बचे खाने व अन्य सामान का सैंपल लेती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

शादी में बने खाने व मसालों के लिए सैंपल

जुनावई, अमृत विचार : शादी समारोह में खाना खाने से मेहमानों के बीमार होने की सूचना पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम अजीजपुर गांव पहुंची। टीम ने दावत के बचे हुए खाने के साथ ही खाना बनाने में इस्तेमाल हुए मसालों व तेल आदि सामान के सैंपल लिए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि नमूनों को जांच के लिए भेजा जा रहा है ताकि पता चल सके कि किस चीज की वजह से खाना विषाक्त हुआ।

सौंधन में बच्ची की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

पांच फिट गहरे नाले में गिर कर दो साल की बच्ची की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में पांच फिट गहरे नाले में गिरकर दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बिना किसी कार्रवाई के शव को दफन कर दिया गया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी शाकिर के छह बच्चे हैं। रविवार को शाकिर बाजार में कपड़ों पर प्रेस के लिए ठेले पर चला गया। शाम को शाकिर की दो वर्षीय बेटी सिदरा भाई जाने आलम, बहन महक तथा अरमाना के साथ सौंधन की मुख्य बाजार में खेलने चले गई। बच्चे प्रमोद की चक्की के सामने बने नाले के पास खेल रहे थे। तभी पैर फिसलने से सिदरा नाले में गिर गई। पिता शाकिर बेटी सिदरा को बाजार में तलाश करने लगा। तभी कुछ समय बाद राहगीरों ने सूचना दी कि सिदरा का शव नाले के पानी में उतरा रहा है। शाकिर और परिजन मौके पर पहुंचे। शाकिर ने पांच फिट गहरे नाले में उतरकर सिदरा के शव को बाहर निकाला। सिदरा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

तीन घरों में नकब लगाकर की चोरी

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

अमृत विचार : असमोली थाना पुलिस को खुली चुनौती देकर बदमाश हर दिन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। एक दिन पहले तीन गांवों के सात घरों में चोरी के बाद शनिवार की रात चोरों ने दो गांवों के तीन घरों में नकब लगाकर नकदी जेवर सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया।

थाना क्षेत्र के गांव महमूद नगर निवासी मोहम्मद अली का मकान गांव के बाहरी छोर पर जंगल के पास बना हुआ है। शनिवार की रात मोहम्मद अली पत्नी व बच्चों सहित घर के आंगन में चारपाई पर सो रहा था। देर रात बदमाश मकान के पीछे वाली दीवार में नकब लगाकर कमरे में घुस आए। बदमाशों ने अलमारी में रखी 53 हजार रुपये की नकदी, जेवर, कपड़े सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया और आराम से भाग गए। इसके साथ ही बदमाशों ने गांव अकबरपुर गहरा निवासी अमर सिंह व सतपाल के मकान में भी नकब लगा लिया। बदमाश घर में घुस पाते इससे पहले ही आहट से सतपाल व अमर सिंह की आंख खुल गई। दोनों घरों से बदमाशों को खाली हाथ भागना पड़ा। रविवार की सुबह दीवार में नकब लगाकर देखकर पड़ोसियों ने मोहम्मद अली को चोरी होने की सूचना दी। मोहम्मद अली ने बताया कि रहने के लिए एक कमरा बनाने के लिए मजदूरी करने के साथ ही पशु व बकरा बेचकर एक लाख रुपये इकट्ठा किए थे।

शुक्रवार की रात बदमाशों ने थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा व दबोई कला में पांच घरों में नकब लगाया। अकबरपुर गहरा निवासी सगे भाइयों के घर से बदमाशों ने नकदी, जेवर सहित लाखों रुपये का सामान चुराया। शनिवार की रात अकबरपुर गहरा में दो और महमूद नगर गांव में एक मकान सहित चोर अब तक आठ घरों को बदमाश निशाना बना चुके हैं।

असमोली के गांव में चोरी की जानकारी देता गृहस्वामी। ● अमृत विचार

- **असमोली में हर दिन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे बदमाश**

यात्री को तड़पती हालत में उतार कर चला गया बस चालक, मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर निजी बस में बदायूं जिले के मजदूर का सिर नींद में खिड़की से बाहर आया तो ट्रक से टकराकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मजदूर का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

बदायूं जिले के रमजानपुर कादर चौक निवासी मजदूर भूरा उर्फ अयान 24 वर्ष दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। रविवार की सुबह साढ़े तीन बजे भूरा अपने तहेरे भाई अमीर खां के साथ निजी बस में सवार होकर दिल्ली से अपने घर जा रहा था। भूरा बस में खिड़की के पास बैठकर सफर कर रहा था। नींद का झोका आने की वजह से भूरा का सिर व एक हाथ खिड़की से बाहर आ गया। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव देहपा के पास बस के पास से गुजर रहे ट्रक की चपेट में भूरा का हाथ व सिर आ गया। जिससे भूरा गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ने अस्पताल पहुंचाने के बजाय भूरा व अमीर खां को वहीं उतार दिया और बस को दौड़ा दी।

पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से भूरा को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टर ने भूरा को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि भूरा छह बहन भाइयों में तीसरे नंबर का था। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि पंचनामा भरकर मजदूर का शव पोस्टमार्टम के भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

संवेदनहीनता

- **बस से बाहर निकली थी गर्दन, ट्रक की चपेट में आया**
- **दिल्ली में मजदूरी करता था बदायूं जिले का भूरा उर्फ अयान**

मिनी स्टेडियम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

जल भराव देख जिलाधिकारी नाराज

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : डीएम ने नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम व काली मंदिर परिसर का निरीक्षण कर हैंड पंप व परिसर में गंदगी को लेकर नाराजगी व्यक्त की। काली मंदिर परिसर में जर्जर भवन को ध्वस्त करने के निर्देश दिए।

डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया बहजोई के काली मंदिर के निकट बने मिनी स्टेडियम का निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। डीएम ने स्टेडियम की साफ़ सफाई व मैदान में पानी भरने की समस्या को देखते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से कहा कि पानी निकासी के लिए अपने स्तर से व्यापक का इंतजाम किए जाएं। पानी भराव से मैदान में गंदगी हो गई है इसकी साफ सफाई कराई जाए।

डीएम ने वहां लगे हुए हैंडपंप के आसपास गंदगी तथा पानी भरा देखकर कहा कि हैंड पंप के नजदीक सोकपिट बनवाया जाए। पीने के पानी को लेकर नल के आसपास साफ सफाई रखी जाए। मंदिर के पास निरीक्षण किया तो पाया कि जर्जर अवस्था में हवन कुंड है। जिसको लेकर उन्होंने कहा कि हवन कुंड को ठीक तरीके से बनवाया जाए।

नकली नोट सहित दो लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : हयातनगर थाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार का उनके पास से 7200 रुपये के नकली नोट बरामद किये हैं। युवक उधार चुकाने के लिए दुकानदार को नकली नोट देने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस युवकों ने पूछताछ कर पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर उनके पास नकली नोट कहां से आये।

थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मुंजब्ता निवासी फैसल गांव में ही सोलर पैनल व लाइट बेचने की दुकान चलाते हैं। गांव के ही दानिश व सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी साबिर ने थोड़े दिन पहले फैसल की दुकान से सोलर लाइट खरीदी थी। शनिवार की देर शाम दानिश व साबिर उधार के रुपये चुकाने फैसल के पास पहुंचे। यहां दानिश व साबिर ने सौ सौ रुपये के नोटों के रुप में 7200 रुपये फैसल को दिए। गिनते समय शक होने पर फैसल ने नोटो की जांच पड़ताल की तो नोट नकली निकले। इसी बीच किसी ने नकली नोट चलाए जाने की सूचना पुलिस को दे दी। हयातनगर पुलिस ने फैसल व उसके परिजनों की परिजनों की मदद से दानिश व साबिर को दबोच लिया। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर साबिर व दानिश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। 7200 रुपये के नकली नोटों को कब्जे में लेकर कार्रवाई कर जाबिर व दानिश का चालान कर दिया है।

हयातनगर थाना पुलिस की गिरफ्त में नकली नोट सहित पकड़े गये युवक।

- **दुकानदार को उधार चुकाने के लिए दे रहे थे नकली नोट**
- **सात हजार दो सौ रुपये के नकली नोट किये गये बरामद**

सार संक्षेप

ई-कचरा जलाते दो गिरफ्तार, 15 क्विंटल से अधिक बरामद

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने जंगल में देर रात ई कचरा जलाते दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 15 क्विंटल से अधिक ई कचरा बरामद किया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्ति लंबे समय से कचरा जलाने का काम कर रहे थे। सरायतरीन के मुहल्ला बरखेरियान निवासी शब्बू व आजम कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय के जंगल में काफी मात्रा में छिपाकर ई कचरा इकट्ठा कर रखा था। शनिवार की देर रात शब्बू व आजम दोनों ई कचरा जलाकर उसमें से कीमती धातु निकाल रहे थे। जंगल में आग जलती देखकर किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शब्बू व आजम को हिरासत में ले लिया। देखा तो काफी मात्रा में ई कचरा वहां रखा हुआ था। पुलिस ने मौके पर ही कांटे पर तौल कराई तो ई कचरे का वजन 15 क्विंटल 700 ग्राम निकला। जिसके बाद पुलिस ने ई कचरा कब्जे में ले लिया और वाहनों में लदवाकर ई कचरा लेकर पुलिस कोतवाली आ गई। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि ई कचरा जलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

साली की शादी में नहीं गया तो साले और साढ़ू ने पीटा

गुन्नौर, अमृत विचार : साली की शादी में शामिल न होने की जिद पर अड़े युवक को साले और साढ़ू ने पीटा। युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी मनवीर की ससुराल रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पहलवाड़ा में है। रविवार को उसकी साली रेखा की शादी थी। पत्नी राजो छोटे बेटे अमित के साथ बहन की शादी में शामिल होने मायके चली गई लेकिन मनवीर ने शादी में शामिल होने पहलवाड़ा जाने से मना कर दिया। बड़े बेटे भुवनेश को भी नहीं जाने दिया। बताया गया है कि रविवार दोपहर को मनवीर का साला मुकेश और साढ़ू विजयपाल उसे मनाने के लिए आए। मनवीर गुन्नौर के नेहरू चौराहे पर मिल गया तो दोनों ने शादी में शामिल होने की गुजारिश की। बताया जाता है कि काफी कहने के बाद भी मनवीर साथ चलने को तैयार नहीं हुआ तो दोनों ने उसे धुन डाला और चले गए। मनवीर ने पुलिस को तहरीर देकर साले और साढ़ू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

युवक ने की किशोरी के साथ छेड़छाड़, चार पर रिपोर्ट

संभल, अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में दूसरे समुदाय के चार युवकों ने खेत पर घास काट रही किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिरसी निवासी एक व्यक्ति ने रविवार को मुहल्ला के ही दूसरे समुदाय के चार लोगों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि शनिवार की शाम छह बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री मक्का के खेत में पशुओं के लिए घास काट रही थी। मुहल्ला का ही फुरकान खेत पर पहुंचा और किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करते हुए किशोरी किसी तरह घर पहुंची और अपनी मां को सारी बात बताई। जिसके बाद किशोरी की मां व भाई शिकायत करने फुरकान के घर पहुंचे। आरोप है कि फुरकान ने अपने परिवार के फरमूद, नसीम व शुऐब उर्फ काला के साथ मिलकर किशोरी की मां व भाई के साथ गाली गलौज करने लगा और फुरकान ने धमकी देते हुए मां बेटे को भगा दिया। पिता की तहरीर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

आरोग्य मेले में 3448 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

संभल, अमृत विचार : जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे 157वें मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3448 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। सीएमओ समेत कई अधिकारियों ने मेले का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 43 चिकित्सकों एवं 116 पैरा मेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1243 पुरुषों, 1143 महिलाओं और 1062 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 200 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श व परिवार नियोजन संबंधी सामग्री के लिए अलग से काउंटर बनाए गए। डीएम के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया। मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

ओबरी में निकला अलम का जुलूस

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में सातवीं मोहर्रम पर रविवार को अलम का जुलूस निकाला गया। दोपहर बाद मुस्लिम समुदाय के अकीदतमंद झंडा पताका के साथ इमाम हुसैन को याद करते हुए गांव की गली मुहल्लो से निकले। इस दौरान नौहा, नियाज और फातिहा पढ़ा गया। जगह जगह जलपान के इंतजाम किए गए। इमाम हुसैन को बड़े अदब के साथ याद किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। जुलूस जाफरी मस्जिद और पंचायत घर के पास इमामबाड़ों से निकलकर गांव की गली मुहल्लो से निकलकर वापस अपने-अपने इमामबाड़ों पर पहुंचा। इस दौरान सुरक्षा के इंतजाम रहे।

सिरसी में मातम करते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

सिरसी में निकले जुलूस, गमगीन रहा माहौल

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी में सातवीं मोरर्हम को चंदन के मकान पर मजलिसें अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सियाख्वानी असगर अब्बास और उनके हमनवां ने पढ़ी। मौलाना मौलवी मुनव्वर रजा ने खिताब किया। मजलिस के बाद कासिम का शबीह जुलजुनाह निकाला गया। जिसमें वकार मेहंदी और उनके साथियों ने सवारी पढ़ी। सिरसी की मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। शाम को इमाम बारगाह मकूफा में मजलिस हुई। मारूफ सिरसवी ने मजलिस को खिताब किया। शबीहे जुलजुनाह कासिम का निकाला गया। जिसमें अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। जुलूस अपने निर्धारित रास्ते संभल मुरादाबाद मार्ग पर सिरसी पुलिस चौकी के सामने से होकर इमाम बारगाह गर्वी में जाकर संपन्न हुआ। रात में जमाए इमाम मेहंदी में मजलिस हुई। शबीहे जुलजुनाह आलमे मुबारक निकाला गया। जिसमें सवारी वकार मेहंदी और उनके साथियों ने पढ़ी। मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की।

आयोजन संभल और आसपास के क्षेत्रों में अकीदत के साथ निकाला गया अलम का जुलूस, सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंध

अलम के जुलूस में गूंजीं या अब्बास की सदाएं, युवाओं में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन के भाई अब्बास अलमदार की याद में संभल और आसपास के क्षेत्रों में अलम मुबारक का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत करते हुए या हुसैन, या अब्बास की सदाएं बुलंद की। गमगीन माहौल में निकले जुलूस में युवाओं में उत्साह नजर आया। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

संभल शहर में रविवार को अलम का परंपरागत ऐतिहासिक जुलुस कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच निकाला गया। नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन के भाई अब्बास अलमदार की याद में अलम मुबारक का जुलुस मुहल्ला मियां सराय से शुरू हुआ। जुलूस परंपरागत मार्ग कटरा बाजार, हिलाली सराय, एजेंटी तिराहा से चमन सराय पहुंचा। जिसके बाद मंडी किशन दास सराय, कागजी सराय, नूरियों सराय व सैफ खां सराय का संयुक्त जुलूस चमन सराय में पहुंचा। यहां से बड़ा जुलूस बाजार सब्जी मंडी, तहसील मुहल्ला से कोट गर्वी पहुंचा। जहां फतेहउल्लाह सराय, कोट व आसपास के मुहल्लों का जुलुस बड़े जुलुस में परिवर्तित हुआ। जुलूस रेतला मैदान, महमूद खां सराय से दीपा सराय होता हुआ इमाम बारगाहों की तरफ रवाना हो गया। इस बीच अलमदारों की जुबां पर लब्बैक या हुसैन, अली मौला, हैदर मौला, लब्बैक या अब्बास की सदाएं बुलंद होती रहीं। शिया व सुन्नी समुदाय के संयुक्त अलम के जुलुस में लोगों का सैलाब उमड़ा। युवाओं और किशोरों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कई युवा ढोल के साथ नजर आए। जगह जगह लंगर का वितरण किया गया। अलम जुलूस में शहर की राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने भी शिरकत करते हुए अलमदारों का हौसला बढ़ाया।

संभल और आसपास के क्षेत्रों में अलम का जुलूस निकालते अकीदतमंद।

● अमृत विचार

सुरक्षा के रहे प्रबंध

संभल, अमृत विचार : संभल में निकल रहे अलम जुलूस को लेकर सुबह से ही सुरक्षा के कड़े प्रबंध नजर आए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी। एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी भी भ्रमण करते रहे। अधिकारियों ने जुलूस में गतिविधियों पर नजर रखी और अधीनस्थों के संपर्क में रहकर निर्देश देते रहे।

जुलूस में सांसद और कई नेताओं ने की शिरकत

संभल, अमृत विचार : अलम के जुलूस में रफीक राही, मोहम्मद उमर, फैसल कसीर, समद अब्बास, अशीर, जमशेद वारसी, फहद शाह अशरफी, सईद अख्तर इसराइली, नवाब साद आदिल आदि रहे। वहीं सांसद जियाउर्रहमान बर्क, सुहेल इकबाल, चौधरी मुशीर समेत कई नेता जुलूस में शामिल हुए। सपा के जिला सचिव नवाब साद आदिल भी कार्यकर्ताओं के साथ अलम के जुलूस में रहे। अलमदारों ने उन्हें पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस दौरान दानिश, आफताब, अशरफ, नाजिम, मोहसिन, आलम, नवेद, फहीम, तौहीद, मुशर्रफ, मुजफ्फर आदि रहे।

एक नजर

महिला ने पति के खिलाफ की शिकायत

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव आटा की मढैय्या निवासी पीड़ित महिला सुनीता पुत्री बदन सिंह ने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी 12 वर्ष पहले थाना क्षेत्र के ही गांव खेड़ा खास के एक परिवार में हुई। शादी के बाद उसके पांच बच्चे हैं। आरोप है कि पति जुआ व सट्टे का आदी है। जिससे आए दिन वह उसके साथ मारपीट करता है और जान से मारने की धमकी देता है। इतना ही नहीं आए दिन उसे मायके भेज देता और छह-छह माह तक बुलाने भी नहीं आता। जिससे बच्चों का पालन पोषण करने में परेशानी होती है। कानूनी कार्रवाई कर उसे न्याय दिलाया जाए।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में आज देंगे ज्ञापन

संभल, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिला प्रवक्ता रविन्द्र कुमार खारी ने जिले के शिक्षामित्रों से अपील की है कि ऑनलाइन हाजिरी नहीं देनी है। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एक मंच पर हैं। 15 जुलाई को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। शिक्षामित्र ज्यादा से ज्यादा संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर में दोपहर तीन बजे पहुंचेंगे।

युवक को अपमानित कर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव जयदासपुर निवासी विजयराम ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बुधवार को बेटा नितिन उर्फ रितिक मजदूरी कर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के नेकसे उर्फ राजपाल यादव मिला। उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए नितिन से शौच के लिये डिब्बा भरकर लाने को कहा। नितिन ने मना किया तो गाली गलौज पर उतारू हो गया। नितिन भाग कर घर पहुंच गया तो नेकसे ने वहां पहुंचकर मारपीट की। घर की महिलाओं से भी मारपीट की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नेकसे उर्फ राजपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

किशोरी को घर से ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शनिवार की देर शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के ही सुहैल उसकी 14 वर्षीय पुत्री को काफी समय से परेशान कर रहा था। आरोप है कि सात जुलाई को सुहैल बहला फुसलाकर किशोरी को घर से भगाकर ले गया था। जानकारी होने पर व्यक्ति किशोरी की तलाश कर रहा था। कि शाम को किशोरी घर वापस आ गई। कहा कि गुरुवार की रात सुहैल फिर से बहला फुसलाकर किशोरी अपने साथ कहीं ले गया। तलाश करने के बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चला। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सुहैल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जेठ पर लगाया गाली गलौज का आरोप

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव सुरपुर निवासी हरभजन की पत्नी चमेली रविवार को धान की रोपाई करने के लिए खेत में पानी भरा था। कहा कि तभी खेत की मेढ़ कटने की वजह से पानी जेठ के खेत में चला गया। आरोप है कि इसी बात को लेकर जेठ चमेली के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो जेठ चमेली के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गया। जिसके बाद चमेली थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

सड़क हादसे में चितौरा के युवक की मौत

शनिवार की सुबह भांजे की शादी के लिए आजमगढ़ जाते समय हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार : हरदोई में हुए सड़क हादसे में थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव चितौरा के युवक की मौत हो गई। जबकि उसके दो भाई घायल हो गए। जिनका चन्दौसी के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजन जवान मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। नम आंखों के बीच रविवार की सुबह अंतिम संस्कार किया गया।

सुबे सिंह।

गांव चितौरा निवासी सुबे सिंह 28 वर्ष पुत्र रामकुंवर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। शुक्रवार की रात वह कार से पड़ोस में रह रहे अपने भांजे की शादी के लिए अपने भाई प्रेम सिंह व विक्रम समेत रिश्तेदारों के साथ आजमगढ़ के लिए निकला था। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह हरदोई के निकट पहुंचने पर चालक को झपकी आ गई। जिससे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में सुबे सिंह और उसके भाई विक्रम सिंह व प्रेम सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को वहां सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान सुबे सिंह की मौत हो गई। शनिवार की देर रात पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो नाते रिश्तेदार भी पहुंच गए। रविवार की सुबह नम आंखों के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं घायल विक्रम सिंह व प्रेम सिंह का चन्दौसी के निजी अस्तपाल में उपचार चल रहा है। हालत में सुधार बताया जा रहा है।

सड़क हादसे के मृतक की पत्नी को ढांढस बंधाती महिलाएं। ● अमृत विचार

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

चन्दौसी, अमृत विचार : सड़क हादसे में सुबे सिंह की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सुबे सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। शनिवार की देर रात जब शव घर पहुंचा तो पत्नी मोरश्री व मां राममूर्ति रो-रोकर बदहवास हो गई। वहीं सुबे सिंह के चार बेटे अनुभव, मानव, शैलेष व रिषभ हैं। सबसे बड़ा बेटा अनुभव 14 वर्ष का है।

अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, पांच घायल

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव धनारी लाल सिंह पट्टी निवासी धीरज रविवार को पत्नी शिवानी व राजू की पत्नी कुसुम और राजू व भानु के साथ रामपुर जिले में शाहाबाद से कार में सवार होकर घर आ रहे थे। अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। जिससे धीरज, शिवानी, राजू, कुसुम, भानू घायल हो गए।

गाली गलौज करके धमकी देने का आरोप

संभल, अमृत विचार : गांव बेनीपुर चक निवासी मनोज गिरी गोस्वामी ने शनिवार की शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि वह इलेक्ट्रॉनिक्स का काम कर परिवार का पालन पोषण करता है।

शनिवार की सुबह गांव के ही एक व्यक्ति ने मनोज गिरी को रोक लिया और और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की मरम्मत करने को कहा। मनोज ने शाम को उपकरणों की मरम्मत करने की बात कही। आरोप है कि इसी बात को लेकर व्यक्ति गाली गलौज करने लगा और धमकी देते हुए भाग गया।

धमकी देने का आरोप

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव रामनगर उर्फ कनुआ नगला निवासी रामप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पुत्र कुसम वीर सिंह किराना की दुकान पर बैठा था। गांव के ही व्यक्ति ने कुसमवीर से घरेलू सामान लेकर मोबाइल से ऑनलाइन रुपये खाते में ट्रांसफर करने लगा। कुसमवीर के मना करने के बाद भी व्यक्ति ने रुपए खाते में ड़ाल दिए। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। जानकारी होने पर कुसमवीर के पिता ने व्यक्ति से फोन पर बात की तो वह गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगा।

सजगता से बालिका वधू बनने से बचीं दो बहनें

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : प्रशासन की सजगता से दो बहनें बालिका वधू बनने से बच गई। एक गांव में रविवार को बाल विवाह का एक मामला सामने आया तो प्रशासन और पुलिस की टीम बरात आने से पहले ही पहुंच गई। टीम ने बाल विवाह रुकवा दिया। दोनों बहनों को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में ग्रामीण ने बड़ी बेटी की शादी बदायूं जिले के गांव और छोटी बेटी की शादी दूसरे गांव के युवक से तय की थी। दोनों शादी एक ही दिन, एक ही मंडप में होनी थीं। रविवार को सुबह शादी का मंडप सजाया गया और बरातें आने के पहले गांव परिवार के लोग प्रीतिभोज में दावत खा रहे थे। तभी एसडीएम रमेश बाबू और सीओ डॉ. गणेश गुप्ता पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और बाल विवाह रुकवा दिया। अधिकारियों ने लड़कियों के परिजनों को भविष्य में बाल विवाह न करने की हिदायत दी। चेतावनी दी कि अगर बाल विवाह करने की कोशिश की गई तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बाल विवाह होने की जानकारी के बाद नाते-रिश्तेदारों में भी हड़कंप मच गया। लोग किसी पचड़े में फंसने के डर से खिसक लिए। वहीं दोनों लड़कियों को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया। आयु से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं होने की वजह से मामले में सोमवार को अगली कार्रवाई होगी। फिलहाल, दोनों लड़कियों को बाल कल्याण समिति की निगरानी में रखा गया है।

> नाबालिग लड़कियों की शादी की जा रही थी। ऐसी सूचना पर पहुंचकर उन दोनों लड़कियों की शादी को रुकवा दिया गया है। बाल कल्याण समिति के सामने दोनों लड़कियों को पेश किया जा रहा है। समिति के निर्णय के बाद अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> –चंद्रभूषण, डीपीओ संभल

विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन की जीत पर खुशी मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

उपचुनाव में गठबंधन की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशी

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : सात राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की 10 सीटों पर बंपर जीत व बद्रीनाथ सीट जीतने पर कांग्रेसियों ने खुशी मनाई।

रविवार की सुबह नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बहजोई रोड स्थित पंचमुखी मंदिर के निकट पहुंच खुशी का इजहार किया। एक दूसरे को मिठाई खिला व बांट कर बधाई दी। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष कल्पना सिंह, जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा, जिला सचिव डॉ. रामगोपाल एडवोकेट, डीके वाल्मीकि, मनोज भास्कर, साहू संजीव कुमार, अक्षय ठाकुर, रणवीर सिंह, माधुरी गौतम आदि उपस्थित रहे।

अध्यक्ष व सचिव समेत पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : रोटरी क्लब चन्दौसी सिटी स्टार का शपथ ग्रहण समारोह रोटरी नेत्र चिकित्सालय के सभागार में हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव समेत अन्य पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई।

मुख्य अतिथि नेपाल से आये मंडल 3292 के पूर्व गवर्नर वासुदेव गोलियांन व पूर्व गवर्नर संतोष रिजाल, मण्डल 3100 की वर्ष 26-27 की गवर्नर पायल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। तदोपरांत मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित क्लब अध्यक्ष अंकित जैन व सचिव पुनीत सर्राफ समेत अन्य पदाधिकारियों को कालर पहनाया और पायल शर्मा ने टीम को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए क्लब सदस्यों को मानव सेवा के कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। संतोष रिजाल ने रोटरी सुंदरलाल नेत्र चिकित्सालय को भारत का एक अत्याधुनिक अस्पताल बताते हुए सराहना की। संचालन पायल गुप्ता व पूर्व अध्यक्ष अनुराग मित्तल ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर मनोज सर्राफ, गौरव अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, डॉ. अमोल कंचन, आशीष बंसल, विवेक अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, दिलीप रस्तोगी, अमित सर्राफ, मुकेश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, लोकेश जैन, दिलीप रस्तोगी, आशु बंसल, ज्योति जैन, नेहा अग्रवाल, मीतू अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, नमीता अग्रवाल, पायल मित्तल, चारु अग्रवाल, उपमा बंसल, डॉ. विदुषी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब सिटी स्टार के अधिष्ठापन समारोह में शपथ लेते नव निर्वाचित पदाधिकारी।

● रोटरी क्लब चन्दौसी सिटी स्टार का शपथ ग्रहण समारोह

सार संक्षेप

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में पहुंचे 19 मरीज

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली के अंतर्गत गांव अकरौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 19 मरीज पहुंचे। सीएचसी नरौली की डॉ. अमना ने टीम के साथ उपस्थित मरीजों का इलाज किया और निशुल्क दवा वितरित की। साथ ही मुख्यमंत्री ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत मरीज को सुविधा के विषय में जानकारी दी गई।

मरीज का इलाज करते चिकित्सक।

वृद्धाश्रम में फल वितरित करते परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

वृद्धजनों की सेवा कर कमाया पुण्य लाभ

चन्दौसी, अमृत विचार : कैथल गेट रामबाग रोड स्थित आवासीय वृद्ध आश्रम में रविवार की सुबह भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने वृद्धजनों की सेवा कर पुण्य लाभ कमाया। खाद्य सामग्री आम, केले, बिस्किट, मिठाई आदि का वितरण किया। कार्यक्रम से पूर्व वंदे मातरम का गायन किया गया। वृद्ध आश्रम की महिलाओं ने भजन गाए। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा मात्र से मिलने वाले आशीषों से अपने जीवन में वांछित सुखों को प्राप्त कर सकते हैं। वृद्ध सेवा मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म और कर्म है। अध्यक्षता कर रहे अनिल शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से समाज को ही संदेश देना चाहते हैं कि यह भी हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। हमें उनके अनुभव से लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश चंद्र गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, गुंजन वार्ष्णेय, नीलमणि दुबे, राजीव भारद्वाज, अभिषेक गुप्ता, नवीन कुमार गुप्ता, मंजू गुप्ता, आशा गोस्वामी, सरोज शर्मा, विपिन कुमार गुप्ता, श्वेता गुप्ता, रमेश अधीर, बृजेंद्र प्रसाद तिवारी आदि की सहभागिता रही।

पौधरोपण करते भारत विकास परिषद नव उदय शाखा के पदाधिकारी।

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

चन्दौसी, अमृत विचार : भारत विकास परिषद शाखा नव उदय की ओर से रविवार को चन्दौसी-पंवासा रोड पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जामुन, आम, नींबू, आंवला, इमली, अमरूद, जंगल जलेबी समेत करीब 40 से अधिक पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अध्यक्ष प्रभाष चंद्र चौधरी ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण के लिए बहुत आवश्यक हैं। जनसंख्या वृद्धि और शहरीकरण के कारण वृक्ष हमारे जीवन से लगातार कम हो रहे हैं। जिससे अनेक रोग अपनी जड़े फैला रहे हैं। पर्यावरण संतुलन के लिए हमें वृक्षारोपण करने के साथ-साथ उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर अतुल शंकर चौधरी, सुनीता शर्मा, विष्णु शर्मा एडवोकेट, विकास गोयल, मोहित गोयल, नितिन गुप्ता, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार : बनियाठेर के गांव गुमथल स्थित देव स्थल सिद्धि वनखंडी चौधराना बाबा संत आश्रम पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के आरंभ से पूर्व रविवार को गांव में कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया।

कलश यात्रा का आरंभ कथा वाचक शशिकांत सरावत ने कलश यात्रा में शामिल महिलाओं व कन्याओं के सिर पर रखे कलश का विधि विधान से पूजन कर व कन्याओं को तिलक करके किया। बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा ने देव स्थल वनखंडी संत आश्रम गांव की ओर रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गों पर भ्रमण किया। परीक्षित यज्ञपती माता चामुंडा देवी के मंदिर पर पूजा अर्चना करने के बाद कलश यात्रा का गांव में भ्रमण कराया। कलश यात्रा कथा स्थल पहुंच कर संपन्न हुई। जहां विधि विधान से कलश स्थापना के बाद दोपहर एक बजे कथा आरंभ हुई। तमाम महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महंत गुरु शरणानंद उर्फ पागल बाबा, महंत हीरा मुनी सनकमुनी बाबा, अजय पाठक, डॉ. हरि सिंह, जोगेश प्रजापति, राकेश दिवाकर, अवनीश शर्मा, कमल मिश्रा, दीपक दिवाकर, मोनू प्रजापति, प्रेम शंकर मौर्य, मदनलाल पाल, परीक्षित यगपति, प्रेम शंकर मौर्या, अजय दिवाकर, ओमप्रकाश कश्यप, सत्येंद्र पाठक आदि मौजूद रहे। कलश यात्रा में रिंकी, काजल, नैंसी, ज्ञानवती, मानवी आदि रहे।

गांव गुमथल में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● बनियाठेर के गांव गुमथल में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली भैरव बाबा की शोभायात्रा

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : भगवंतपुर देवी मंदिर पर भैरव बाबा के मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पहले शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में भैरव बाबा की झांकी आकर्षित कर रही थी।

रेलवे रोड स्थित श्री भगवंतपुर देवी मंदिर परिसर में भैरव बाबा की स्थापना की गई। जिसमें भैरव बाबा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से पहले संभल रोड से शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ पदाधिकारी ने भैरव बाबा की पूजा अर्चना कर किया। शोभायात्रा में सबसे आगे भैरव बाबा की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। झांकी के आगे श्रद्धालु भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य करते हुए भैरव बाबा का गुणगान कर रहे थे। शोभा यात्रा संभल रोड से प्रारंभ होकर पुराना बाजार, वर्तन बाजार, रेलवे रोड सहित विभिन्न मार्गों पर होती हुई श्री भगवंतपुर देवी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। जहां पर भैरव बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मंत्र उच्चारण के साथ की गई। भोग लगाते हुए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान गिरीश सर्राफ, वीरेंद्र कुमार वीरू, केशव भगत जी, नवज्योति वार्ष्णेय, राकेश कुमार, विकास कुमार विक्की, मयंक वार्ष्णेय, अर्पित वार्ष्णेय, कपिल दीवाना, सोम प्रकाश वार्ष्णेय आदि ने सहयोग किया।

भैरव बाबा की शोभायात्रा में श्रद्धालु।

जिम्मेदारी सौंपते विहिप के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हिंदुओं को अपनी सुरक्षा के लिए रहना चाहिए जागृत : विहिप

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद के प्रशिक्षण वर्ग में हिंदुओं को अपनी रक्षा सुरक्षा के लिए जागृत होने के लिए कहा गया। अमित गुप्ता को विश्व हिंदू परिषद ने जिलाध्यक्ष बनाया।

बबराला के राजघाट रोड पर स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अधिकारियों के नेतृत्व में प्रशिक्षण शिविर में प्रांत मंत्री जितेंद्र कुमार व विभाग संगठन मंत्री गौरव ने कार्यकर्ताओं को संगठन का काम मजबूत करने और विस्तार करने के लिए कहा। प्रांत प्रमुख गौ रक्षा घनश्याम ने कहा कि अब हमें सोते नहीं रहना है। संगठन का विस्तार करते हुए अमित गुप्ता को बबराला के जिलाध्यक्ष, कृष्ण अवतार को जिला मंत्री, विजेंद्र शर्मा को जिला संयोजक बजरंग दल, वेद प्रकाश को जिला धर्म प्रसार प्रमुख, संत सुखदेवानंद को मठ मंदिर अर्शक प्रमुख की जिम्मेदारी दी।

डीएम एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

बहजोई, अमृत विचार : डीएम व एसपी ने पातालेश्वर महादेव मंदिर पर कावड़ यात्रा को लेकर निरीक्षण किया। मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाने की बात कही। डीएम ने साफ सफाई के साथ शिव भक्तों के लिए पार्किंग की अच्छी व्यवस्था के निर्देश दिए।

बहजोई के गांव सादात वाड़ी स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर पर डीएम राजेंद्र पैंसिया व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत पहुंचे। उन्होंने कावड़ यात्रा को लेकर मंदिर पर पहुंचने वाले शिव भक्तों व कांवड़ियों के लिए व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान से व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी की। डीएम ने मंदिर परिसर में साफ सफाई रखना के निर्देश दिए तो वहीं वाहनों की पार्किंग मंदिर से दूरी पर बनाए जाने की बात कही। एसपी ने कहा कि शिव भक्तों व कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया जाए।

अनदेखी सीकरी गेट पुलिस चौकी के सामने गली में नाली टूटी होने से भरा रहता है पानी

जलभराव से नहीं मिल रही निजात

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला लक्ष्मण गंज पजाया में सीकरी गेट (अब लक्ष्मण गंज) पुलिस चौकी के सामने वाली गली के वाशिंदे लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। नालियां टूटी होने व एक ओर की सड़क ऊंची होने से जलभराव की स्थिति बनी रहती है। स्कूल के बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं का जलभराव से होकर गुजरना दुश्वार हो गया है। आए दिन लोग लोग फिसल कर चोटिल हो जाते हैं। नगर पालिका में शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। गुस्साए मोहल्ले के लोगों ने रविवार को प्रदर्शन कर समस्या समाधान की मांग की।

इस गली में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आजाद नाम से निजी स्कूल भी है। जिसमें मोहल्ले के अलावा आसपास के बच्चे पढ़ाई करने आते हैं। नालियों का पानी उफन कर सड़क पर जमा हो गया है। बारिश का मौसम है। जिससे बारिश होने पर समस्या और भी विकराल हो जाती है। स्कूली बच्चे आए दिन जलभराव में फिसल कर चोटिल हो जाते हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि इस संदर्भ में कई बार पालिका के अधिकारियों से शिकायत की। हर बार आश्वासन तो मिला लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। प्रदर्शन करने वालों में मो. अकरम, सन्नो, सितारा, मो. ताकिर, मो. रिजवान, फाजिल, आकिल, रहीश अहमद, बॉबी, छोटे, परवेज, अब्बास, बब्बन, शरीफ, मसरुर, मुसीन आदि मौजूद रहे।

मोहल्ला लक्ष्मण गंज पजाया में जलभराव को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

इंटर कालेज रासेयो के शिविर में उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

एक पेड़ धरती माता के नाम का किया आह्वान

चन्दौसी, अमृत विचार : मुरादाबाद रोड स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने छात्रों संग पर्यावरण संरक्षण गतिविधि विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें द्विविभाग संयोजक पर्यावरण गतिविधि सुधांशु, जिला प्रचारक प्रवीण ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए पर्यावरण के विषय में जानकारी दी। बताया कि हमारे आसपास कितना प्रदूषण फैलता जा रहा है। इसकी रोकथाम के लिए हमें एक पेड़ धरती माता के नाम लगाना चाहिए। पौधरोपण के लिए आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। इसके बाद विद्यालय परिसर एवं पड़ोसी गांव देवरखेड़ा स्थित मंदिर परिसर में नीम, अमरूद, पीपल, बरगद, रबड़, बेलपत्र, अशोक, गुलाब आदि के पौधे रोपित किए। इस मौके पर कृष्ण कुमार, शिखा शर्मा, शीनू शर्मा, शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी समेत छात्र उपस्थित रहे।

एक नजर

नाले में गिरकर मानसिक मंदित युवक की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : मानसिक मंदित युवक की नाले में गिरने से मौत हो गई। मोहल्ला होलीवाला निवासी सुभाष वर्मा की आंबेडकर पार्क के निकट बैटरे-इन्वर्टर की दुकान है। रविवार शाम पांच बजे उनका 30 वर्षीय मानसिक मंदित पुत्र सचिन वर्मा सरकारी अस्पताल रोड पर बने नाले में गिर गया। जब तक आसपास में मौजूद लोगों की नजर उस पर पड़ती तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से शव को नाले से बाहर निकाला। सुभाष वर्मा पुत्र के शव को घर ले गए। सुभाष वर्मा के दो पुत्रों में मृतक सचिन वर्मा बड़ा बेटा था। मामले में पुलिस को जानकारी नहीं दी गई है।

घर के बाहर खड़ी कैंटर की स्टेपनी चोरी

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में घर के बाहर खड़ी कैंटर से शनिवार रात चोरों ने स्टेपनी चोरी कर ली। कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी आशे पुत्र मलखान सिंह कैंटर चलाते हैं। ग्रामीण रमेश की जगह में 13 दिन से उसका वाहन खड़ा था, जब वह रविवार सुबह कैंटर के पास पहुंचा तो उसने देखा की स्टेपनी गायब थी। पीड़ित ने ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद पीड़ित ने डायल 112 पर चोरी की सूचना दी गई। रविवार सुबह पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात पर चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

बजरी और बजरफुट से भरे दो ट्रक पकड़े

अमरोहा, अमृत विचार : एडीएम वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह ने रविवार सुबह टीम के साथ वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान उन्होंने ऊमरी चौराहा एवं कैलसा बाईपास पर बजरी और बजरफुट से भरे दो ट्रकों को पकड़ लिया। जबकि दो ट्रक चालक मौका पाकर भागने में सफल हो गए।

पुलिस चौकी के पास घेर में खड़े ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी

आदमपुर, अमृत विचार : कस्बा निवासी शिवयंत त्यागी का पुलिस चौकी की गैलरी के सामने करीब 100 मीटर दूरी पर घेर बना हुआ है। जिसमें वह पशु बांधते हैं और उसे घेर में दो ट्रैक्टर भी खड़े थे। शनिवार रात चोरों ने घेर की दीवार फांदकर दो ट्रैक्टरों के बैटरी और लोहे की पटली चोरी कर ली। पीड़ित को चोरी की जानकारी रविवार सुबह हुई। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

तन्हा सिपाहे शाम जब घिर गया हुसैन... की गूंजी सदाएं

अजाखाना मोहल्ला कटरा गुलाम अली से गमगीन माहौल में बरामद हुआ मातमी जुलूस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शोहदा ए कर्बला की याद में सात मोहर्रम का मातमी जुलूस अजाखाना कटरा गुलाम अली से बरामद हुआ। अंजुमन ए तहफ्फुजे अजादारी के तत्वावधान में जुलूस की शुरूआत सुबह आठ बजे हुई। जुलूस में सबसे आगे ऊंटों का काफिला था। अराईश की खासियत ये थी कि हर तख्त पर ऊंची छतरी का साया था।

जुलूस में चांदी का झूला था जो हजरत इमाम हुसैन के काफिले में उनके छह माह के बेटे हजरत अली असगर की मासूम शहादत की याद ताजा कर रहा था। मैदाने कर्बला में हुरमला ने अपने तीर से इमाम हुसैन के हाथों पर मासूम अली असगर को कत्ल कर दिया था। रौशन चौकियों को रंगबिरंगी कागज के फूलों से सजाया था। अराईश के पीछे शबीहे ताबूत और दुलदुल चल रहा था। सात मुहर्रम के जुलूस में शामिल दुलदुल पर खुबसूरत चादर, तलवार व तबर भी लगी हुई थी। हुसैनी बाजा बज रहा था। जिसके पीछे अजादाराने हुसैन या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद करते चल रहे थे।

जुलूस की शुरूआत में मास्टर तबारक अली व हमनवा ने मरसिया पढ़ा। जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से गश्त करते हुए देर शाम अजाखाना कटरा गुलाम अली पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस की समाप्ति के बाद मरसिया... तन्हा सिपाहे शाम जब घिर गया हुसैन पढ़ा गया। नईम हैदर, वसीम हैदर, सलीम अमरोहवी ने नौहा ख्वानी की, जिसे सुनकर गमगीन अजादारों ने सीनाजनी की। जुलूस का संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया।

रजाकारान के काईद गुलाम सज्जाद, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, नजीर हैदर, मोहम्मद तकी, अफजाल मुनाजिर कमर रजा, अख्तर अब्बास अप्पू, डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, सलीम जैदी, डॉ. शारिक रियाज, इमदाद आब्दी, मोहम्मद हैदर, गालिब हुसैनी, दायम रजा आदि ने किया। उधर, प्रदीप भटनागर ने अपने परिवार के साथ मोहल्ला मंडी चौब में जुलूस का स्वागत किया तथा अजादारों को शरबत पिलाकर इमाम हुसैन से अपनी अकीदत का इजहार किया और भाईचारे का पैगाम दिया। इस मौके पर उनके बेटे ईश्वर भटनागर, आयरन भटनागर सहित परिवार वाले मौजूद रहे। जुलूस में जिलाधिकारी द्वारा जुलूसे अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाकत अली, बाकर रजा, नदीम नकवी, शेजाद रजा कासिम जैदी आदि मौजूद रहे।

अमरोहा में जुलूस में ऊंटों पर बैठे बच्चे। ● अमृत विचार

घोड़े को दूध-जलेबी खिलाते विधायक महबूब अली और उनकी पत्नी। ● अमृत विचार

मुख्य मार्ग से 10 फीट पीछे लगेंगे कांवड़ के शिविर

अमरोहा, अमृत विचार : कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क है। विभागीय अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बैठक कर निर्देश दिए हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान मार्गों पर लगने वाले शिविर और भंडारे सड़क से 10 फीट पीछे लगाने के निर्देश दिए हैं।

22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने सभी शिविर एवं भंडारे के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिविर और भंडारे की अनुमति एसडीएम स्तर से दी जाएगी। बिना परमिशन के शिविर नहीं लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा की भंडारे के आयोजकों का मोबाइल नंबर संबंधित थाने में दर्ज होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट न हो। भंडारा स्थल पर सीसीटीवी लगे होने चाहिए। डीजे पर धार्मिक गीत ही बजाएं। सड़क से 10 फीट पीछे शिविर लगें। कांवड़ यात्रा में कोई भी शरारती तत्व यदि बाधा डालता है तो उसके साथ कड़ाई से निपटा जाएगा। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रिश्ता टूटने पर युवती ने आत्मदाह की चेतावनी दी, घर पहुंची पुलिस

संवाददाता, ढबारसी

अमृत विचार : सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव में युवती ने सीओ कार्यालय के बाहर आत्मदाह की चेतावनी दी थी। जिसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। रविवार को युवक की बरात दूसरी जगह गई थी। जिसके बाद पुलिस युवती के घर पर रही।

बता दें कि थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव चकूनी निवासी वेदराम पुत्र घासी ने बेटी ओमेश का रिश्ता धर्मपाल सिंह पुत्र कृष्ण सिंह सम्भल के नखासा थाना क्षेत्र के गांव कैशुपुर भण्डी के साथ किया था। उसने तिलक में 51 हजार देने के साथ हजारों रुपये खर्च भी किये थे। वेदराम का आरोप है कि उसके दामाद धर्मपाल का फोन आया कि हम लोग आ रहे हैं। कुछ बात करनी है। इस दौरान उन्होंने शादी में बोलेरो व पांच लाख की नकदी की मांग की। न देने पर शादी करने से इनकार कर दिया था। उसका कहना है कि शादी के कार्ड भी बंट चुके थे। लाखों रुपये भी खर्च कर दिया। जब उसने इंकार कर दिया तो उन्होंने गाली गलौज की और शादी करने से मना कर दिया। वर पक्ष के लोगों की इस हरकत से युवती सकते में आ गई। उसने रविवार को सीओ कार्यालय के बाहर आग लगाकर आत्महत्या की धमकी दी थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। जानकारी पर पुलिस युवती के घर पर पहुंच गई और उसे समझाया। पुलिस ने धर्मपाल पुत्र कृष्ण सिंह, दुर्गेश पुत्र कृष्ण सिंह, लोकेश पुत्र कृष्ण सिंह, शांति पत्नी कृष्ण सिंह, पूजा पत्नी दुर्गेश, नरेंद्र पत्नी लोकेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

गांव चकूनी में युवती के घर पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- छह आरोपियों पर दहेज एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से एक घायल को चिकित्सक ने उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रजबपुर गांव निवासी फिरोज व मोमीन बाइक से रविवार सुबह हापुड़ जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर बिजौरा ढाल के पास पीछे से आई रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने दोनों घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मोमीन की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कर्बला के शहीदों की याद में निकाला जुलूस

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : सात मुहर्रम को दिनभर स्थानीय इमामबारगाहों में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। कर्बला वालों की याद में हर जगह मजलिस और मातम जारी रहा। सादात के घरों में महिलाओं ने भी रसूल के नवासे इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मजलिसें और मातम किया।

सुबह में इमामबारगाह दादे हिमायत अली में मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया ख्वानी रियाजुल हसन और हमनवा ने की। मजलिस को मौलाना हुसैन मेंहदी ने खिताब कर अली अकबर की शहादत का जिक्र किया। शाम को पीर जी इमामबारगाह से सात मुहर्रम का तारीखी मातमी जुलूस बरामद हुआ कर्बला में सात मुहर्रम से ही पानी बन्द हुआ था। तभी से नहरें फरात की शाखा अलकमा पर यजीदी फौज का पैहरा बैठा दिया गया था। शाम में इमामबाडा पीर जी मुस्तकीम अली मरहूम से अलमों का कदीमी व तारीखी जुलूस निकाला गया। जिसमें अजादार काले लिबास पहने नंगे पैर मातम करते हुए चल रहे थे। यह जुलूस अपने तय रास्तों से होता हुआ अजाखाना मुजाहिद हुसैन होता हुआ, इमामबाड़ा अलमदार ए हुसैनी पहुंचा। वहां से इमामबाड़ा फातिमा दक्खन होते हुए हुसैनी चौक पहुंचा, वहां से इमामबाड़ा अब्दुस्सलाम सलाम पर गया। वहां से फिर वापस चौक हुसैनी होते हुए इमामबाड़ा पीर जी वाले पर जाकर समाप्त हो गया। जुलूस के दौरान रियाजुल हसन, हैदर अब्बास, मिसाल अब्बास, नवाबुल हसन, सुहैल अब्बास आदि ने नोहे पढ़े। इस मौके पर काफी तादाद मे अजादार मौजूद रहे और पुलिस मुस्तैद रही।

सैदनगली में जुलूस निकालते अजादार। ● अमृत विचार

बिजली विभाग के संविदा कर्मियों का भी होगा ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पावर कॉरपोरेशन महकमे ने बड़े बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। अब विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात संविदा कर्मियों का ट्रांसफर भी किया जाएगा। विद्युत उपकेंद्र पर तीन वर्ष तैनाती के बाद संविदाकर्मियों का ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि लंबे समय से विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात संविदाकर्मी और टेक्निकल ग्रेट 2 को स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को पावर कॉरपोरेशन की बैठक में दिए गए निर्देश के बाद सभी विद्युत वितरण निर्गमन की ओर से इस संबंध में अधीक्षक अभियंताओं को निर्देश जारी किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा है कि एक उपकेंद्र पर तीन वर्ष से अधिक समय से संविदाकर्मी और पांच वर्ष से अधिक समय से टेक्निकल ग्रेड 2 को स्थानांतरित किया जाए। बैठक में बताया गया है कि संविदाकर्मी और टीजी 2 को उस उपकेंद्र पर तैनात न किया जाए जिसके अंतर्गत उसका निवास हो। अधिशासी अभियंता ने कहा कि पावर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में जो निर्णय लिया है। उसके आदेश अधीक्षण अभियंता को दे दिए गए हैं, लेकिन अभी विद्युत वितरण खंड के अन्य अधिकारियों को आदेश से अवगत नहीं कराया गया है। जल्द यह प्रक्रिया विद्युत विभाग द्वारा शुरू कर दी जाएगी।

बता दें कि इससे पहले संविदाकर्मियों के ट्रांसफर नहीं किए जाते थे। संविदाकर्मी इसका फायदा उठाते हुए बिजली उपभोक्ताओं से वसूली करते थे। जिसकी शिकायत अधिकारियों को मिल रही थी, लेकिन अधिकारी उनको हटाने के अलावा कुछ और नहीं कर सकते थे।

हत्या में वांछित आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

मंडी धनौरा, अमृत विचार : पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित आरोपी को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

रविवार को पुलिस ने गांव अल्लीपुर मोरना थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ निवासी आजादवीर पुत्र राजवीर को तमंचे व नाल में फंसे कारतूस के साथ नौगांवा फाटक से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि छह जुलाई की रात थाना क्षेत्र के गांव मलंगपुरा में कार सवार पांच लोगों ने 20 राउंड फायरिंग की थी। फायरिंग में एक ग्रामीण की मौत हो गई थी व एक घायल हो गया था। पुलिस ने सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें आजादवीर पुत्र राजवीर तलाश की जा रही थी। सूचना पर हत्या के मामले में वांछित आरोपी को तमंचे व नाल में फंसे कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डिजिटल हाजिरी के विरोध में एक्स अकाउंट पर 1.13 मिलियन पोस्ट

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : शिक्षक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने बताया कि डिजिटल हाजिरी के विरोध में एक्स पर उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने इतिहास रचा है। इससे पहले इतने पोस्ट देश में किसी टॉपिक पर नहीं हुए है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने यह पोस्ट उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर किए हैं।

रामवीर सिंह ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर पहले चरण में 8 जुलाई को समस्त ब्लॉकों पर कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उसके पश्चात 11 एवं 12 जुलाई को ब्लॉक संसाधन केन्द्रों पर अध्यापकों से डिजिटल हाजिरी के विरोध में असहमति पत्र पर हस्ताक्षर करवाए गए। 13 जुलाई को जिला एवं ब्लॉक कार्यसमिति की संयुक्त बैठक हुई और 14 जुलाई को दोपहर दो बजे से चार बजे तक एक्स पर लगातार पोस्ट किए गए। 15 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा जाएगा और उसके उपरांत यदि डिजिटल हाजिरी वापस नहीं ली गयी तो 23 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षक धरना देंगे।

रविवार को इस अभियान में ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी, संयुक्त मंत्री महताबुद्दीन, कोषाध्यक्ष वैभव गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, संदीप कुमार, गौतम सिंह, प्रमोद कुमार, योगराज सिंह, जयवीर सिंह, करणवीर सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

उधर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर उत्तर प्रदेश के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक्स हैंडल पर पोस्ट, फोटो, वीडियो अपलोड कर अपनी समस्याओं को शासन व विभाग को अवगत कराया। इस संबंध में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने संगठन के जिला स्तरीय टीम ब्लॉक स्तरीय टीम एवं संघर्ष समिति की टीम ने अध्यापक-अध्यापिकाओं के साथ मिलकर हैशटैग पर एक्स पर अपनी समस्याओं को लिखा है।

नाराजगी जताई

- संगठन के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षकों ने किए पोस्ट
- आज शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देंगे

डिडौली पूरनपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया। ● अमृत विचार

क्षतिग्रस्त पुलिया से हादसे की आशंका, ठीक कराने की मांग

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : डिडौली से पूरनपुर कांकरसराय होकर अमरोहा को जोड़ने वाली लिंक रोड पर आरएचएम डिग्री कॉलेज के पास लगभग तीन माह पहले सड़क पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग ने कराया था। पुलिया को ठीक नहीं किया गया तो हादसे की आशंका है। इस मार्ग से सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। यहां से स्कूली बच्चे भी निकलते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस तरफ नहीं है। इसकी वजह से किसी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

खेती-किसानी बारिश के बाद गन्ने में वृद्धि के साथ कई रोग लगने की आशंका

गन्ने की फसल के लिए पोक्का रोग खतरनाक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : बारिश के बाद गन्ने की फसल में तेजी से वृद्धि होती है। लेकिन साथ ही कई तरह के रोग भी लग सकते हैं। इनमें पोक्का रोग गन्ने की खेती के लिए घातक साबित हो रहा है। अगर इस रोग का समय पर प्रबंधन और रोकथाम नहीं करते हैं, तो इससे गन्ने की फसल को भारी नुकसान हो सकता है।

उप्र गन्ना शोध परिषद एवं क्षेत्रीय कृषि रक्षा विशेषज्ञों ने बताया कि गन्ने की फसल में पोक्का रोग का प्रकोप शुरू हो गया है। किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है, अन्यथा गन्ने की उपज को नुकसान हो सकता है। इससे शुगर रिकवरी भी 40 फीसदी कम हो जाती है। यह रोग फ्यूजेरियम नामक कवक से फैलता है। यह रोग रुक-रुककर होने वाली बारिश और धूप के कारण फैलता है। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कृषि रक्षा ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि लीफ सीथ यानी जहां पत्ती और तना जुड़ते हैं, वहां पर सफेद धब्बे दिखाई देते हैं। पत्तियां मुरझाकर काली पड़ जाती हैं और ऊपरी भाग गिर जाता है। जिससे गन्ने का विकास प्रभावित होता है। रोग से ग्रसित पत्तियों के नीचे का अगोला छोटा और अधिक हो जाता है। पोरियों पर चाकू से कटे निशान भी दिखाई देते हैं। यह रोग गन्ने की उन किस्मों को अधिक प्रभावित करता है जिनकी पत्तियां चौड़ी होती हैं। इससे गन्ना छोटा और बौना हो जाता है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, इस रोग का लक्षण ऊपर की पत्तियों में साफ तौर पर दिखाई पड़ता है। रोग की प्रारंभिक अवस्था में अगोले की पत्तियों पर सफेद धब्बे पड़ते हैं। जिनमें पत्तियां मुड़ने लगती हैं और एक-दूसरे से लिपट कर चाबुक जैसी आकृति बना लेती हैं। अधिक देर तक प्रभाव रहने के कारण पौधे की चोटी में पत्तियां अविकसित रह जाती हैं और सड़कर नीचे गिर जाती हैं। संक्रमण की तीव्रता अधिक होने पर अगोले की सारी पत्तियां मुड़कर, सुखकर गिर जाती हैं। गन्ने का ऊपरी भाग ठूंठ की तरह दिखाई देता है। जिससे गन्ने की लंबाई नहीं बढ़ पाती और गन्ना टेढ़ा और बौना हो जाता है। पोक्का रोग की रोकथाम के लिए किसान कार्बेंडाजिम 50 डब्यूपी का 400 ग्राम को 400 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ के हिसाब से छिड़काव करें। यह छिड़काव रोग के प्रथम लक्षण दिखाई देने पर ही करें। कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 डब्यूपी का 800 ग्राम 400 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ छिड़काव करें या कासूकीमाईसीन 5 डब्यूपी और कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 45 डब्यूपी की 400 ग्राम दवा को 400 लीटर पानी में घोल बनाकर स्प्रे करें। यह स्प्रे 10 से 15 दिन के बाद पुनः दोहराया जा सकता है।

पोक्का रोग से क्षतिग्रस्त गन्ना।

- गन्ने में पोक्का रोग से 40 फीसदी कम हो जाती है शुगर रिकवरी
- रुक रुककर बारिश होने और तेज धूप से बढ़ता है रोग

गोवंशीय पशु को लेकर मारपीट, एक घायल

हसनपुर, अमृत विचार : गोवंश पशु को लेकर दो लोगों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमें एक पड़ोसी घायल हो गया। घायल कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

गांव रुखालू निवासी दीपक पुत्र नन्हें का आरोप है कि उसका पड़ोसी अपने पशु को दिन में बांध लेता है और रात को खोल देता है। पड़ोसी ने शनिवार को रात में गोवंश पशु को खोल दिया और वह उसके घर में घुस आया और नुकसान कर दिया। दीपक ने शिकायत की तो पड़ोसी नाराज हो गया। आरोपी ने मारपीट भी की। सिर में लाठी लगने से दीपक घायल हो गया। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोले ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

उझारी में ताजियों के जुलूस के दौरान गंदे पानी से निकलते अजादार। ● अमृत विचार

अजादारों को गंदे पानी से गुजरना पड़ा

संवाददाता, उझारी

अमृत विचार : नालों की सफाई न होने के कारण नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे मुहर्रम में अजादारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

उझारी में मुहर्रम के महीने में अजादारी बड़े पैमाने पर की जाती है। जिसमें प्रतिदिन मजलिसें होती हैं तथा घरों से जुल्जनहा, ताबूत और आलम के जुलूस बरामद होते हैं। नालों की सफाई न होने के कारण सड़क पर नाली का गंदा पानी भरा हुआ है। जिससे अजादारों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला सादात में सरकारी स्कूल से आगे गंदा पानी मार्ग पर भरा हुआ है। परंतु नगर पंचायत की उदासीनता के चलते नालों की सफाई नहीं कराई जा रही है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों ने मांग की है कि नगर पंचायत नालों की सफाई कराए ताकि रोड पर गंदा पानी न भरा रहे और आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े।

अकार्यकरणाद् भीतः कार्याणान्च विवर्जनात्।
अकाले मन्त्रभेदाच्च येन माद्देन्न तत् पिबेत्॥

व्यक्ति को नशीला पेय नहीं पीना चाहिए ,आयोग्य कार्य नहीं करना चाहिए। योग्य कार्य करने में आलस्य नहीं करना चाहिए तथा कार्य सिद्ध होने से पहले उद्घाटित करने से बचना चाहिए।

संपादकीय

लोकतंत्र के लिए खतरा

अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया के बटलर फार्म शो की रैली में कई गोलियां दागी गईं। एक गोली पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के दाहिने कान को भेदती निकल गई। पूर्व राष्ट्रपति पर हमले की इस घटना से पूरा विश्व हैरान है। हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो चुका है। दुनिया भर के नेताओं ने डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की निंदा की है। अमेरिकन सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा कि रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप पर हमला करने वाला मारा गया। दूसरे व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई, दो अन्य दर्शक घायल हो गए। हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स पेंसिल्वेनिया का ही था, जिसकी उम्र 20 साल थी। एफबीआई उसका विवरण और हमले का मकसद पता कर रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार बनाए रखना चाहिए। हिंसा का कोई स्थान नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

वास्तव में ऐसी हिंसक घटनाएं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। राजनीतिक हिंसा कभी भी स्वीकार्य नहीं है। जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा कि यह अमेरिकी लोकतंत्र के लिए काला दिन है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हिंसा और बढ़ने का डर जताया है। किसी भी तरह की राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। ज्यादातर नेताओं ने कहा-चुनावी रंजिश में नफरत इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले से पहले अमेरिका में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हमले के बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस पर भी सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञ इसे सुरक्षा में बड़ी चूक मान रहे हैं। सुरक्षा अधिकारियों की मौजूदगी में एक कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र में यह हमलावर एक ऐसी बंदूक लेकर गया जिसे छिपाया नहीं जा सकता और फिर भी सीक्रेट सर्विस हमले को न रोक पाई। नवंबर में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इन चुनावों में बाइडेन की फिटनेस पर लगातार उठते सवालों के बीच ट्रंप को बढ़त मिलने की उम्मीद है। क्या ट्रंप पर हुआ यह हमला उन्हें और भी ज्यादा मजबूत स्थिति में पहुंचा देता है। आने वाले दिनों में इस घटना का अमेरिका के चुनाव में क्या प्रभाव पड़ेगा देखने वाली बात होगी।

जाति व्यवस्था का औपचारिक-अनौपचारिक विमर्श


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

औद्योगिक क्रांति के बाद दास से भूदास बने गांवों के किसान भरभरा कर शहरों की ओर भागे और वहां कारखानों में मजदूरी करने लगे। मार्क्सवाद में उन्हें सर्वहारा कहा गया,क्योंकि उनके पास शरीर के सिवा कुछ भी नहीं था और जीवित रहने की न्यूनतम सुविधाओं के मूल्य (वेतन) पर उसे पूंजीपतियों को बेचने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था।

जाति व्यवस्था को लेकर औपचारिक-अनौपचारिक विमर्श निरंतर जारी है। इस समय जातीय जनगणना हवा में कुलांचें भर रही है। चुनावों के समय, खासकर उत्तर भारत में, सामान्यजन में अस्मिता बोध और पीड़ित मानसिकता जगाने का यह एक बना-बनाया और बार-बार आजमाया गया औजार है। इस बोध और मानसिकता का येन केन प्रकारेण दोहन करने की प्रवृत्ति आम है,जो हिंदू समाज के विद्वेषपूर्ण विखंडन को बल देती है।

लिहाजा, मौजूदा परिदृश्य में हिंदू समाज के इस कलंक को समाप्त करने में खांटी रुचि किसी की नहीं दिखती। इसके विपरीत इसे समाप्त करने के विरुद्ध निहित स्वार्थ अधिक सक्रिय नजर आते हैं। जाति व्यवस्था के राजनीतिक विमर्श में कोई पक्ष लेने के बजाय, इसकी उत्पत्ति, स्वरूप और परिणति का यथासंभव तटस्थ ऐतिहासिक और अकादमिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने की प्रासंगिकता अभी निःशेष नहीं हुई है। यह एक चौंकाने वाला किंतु कटु सत्य है कि प्रायः सभी उन्नत सभ्यताएं समाज के एक बड़े वर्ग के शोषण पर फल-फूलकर ही उन्नत हुई थीं। सभ्यता और संस्कृति की ऊंचाइयां छूने के लिए उस वर्ग को इतिहास में अनाम और अदृश्य रहकर चुपचाप अपने को होम कर देना पड़ा था। वर्तमान औद्योगिक सभ्यता में भी इस तत्व के अवशेष देखे जा सकते हैं। उपनिवेशवाद के बिना औद्योगिक क्रांति की संभावना बहुत न्यून थी और उपनिवेशवाद उपनिवेशों के शोषण का एक सुदृढ़ संस्थागत स्वरूप था। उपनिवेशों और उपनिवेशक देशों के भीतर चले आ रहे पारंपरिक शोषण के समांतर।

यूनानी सभ्यता में दासों की स्थिति पर कोई चिंतन नहीं मिलता,क्योंकि वे नगर राज्यों के नागरिकों में शामिल ही नहीं थे,जिन्हें प्लेटो ने शासक,सैनिक और उत्पादक की तीन श्रेणियों में बांटा है। मुख्यतः दासों के श्रम की बदौलत ही बौद्धिक वर्ग को जीविकोपार्जन की चिंताओं से मुक्त, चिंतन-मनन के लिए वह बहुमूल्य चीज मिलती थी,जिसे प्राचीन यूनान में 'अवकाश' कहा जाता था और जिसे एक चिंतनशील, सार्थक नागरिक जीवन जीने के लिए अनिवार्य बताया गया था। प्लेटो ने तो दासों पर कोई विचार ही नहीं किया और अरस्तू ने उन्हें जीवित औजार कहकर टाल दिया। रोमन साम्राज्य के युग में दासों की संख्या में विपुल विस्तार हुआ। रोमन भी यूनानियों की तरह विदेशियों को (भारतीयों के 'म्लेच्छ' की तर्ज पर) बर्बर समझते थे। साम्राज्य निर्माण और विस्तार की प्रक्रिया में युद्ध में विजित सेना के बंदी सैनिकों को दास बनाने की प्रथा आम थी। कभी-कभी तो विजित प्रदेश के सारे निवासियों को दास बना लिया जाता था। यही दास मनोरंजन के लिए स्टेडियम में ग्लेटियेटर के रूप में,दो में से एक की मौत तक,आपस में लड़ाए जाते थे, जिसकी क्रूरता का आख्यान हॉवर्ड फास्ट के प्रसिद्ध उपन्यास स्पार्टकस में वर्णित है। एक विडंबना के तौर पर, साम्राज्य विस्तार के साथ रोमन सेना में 'बर्बर' सैनिकों की वृद्धि ही रोमन साम्राज्य के पतन का प्रमुख कारण बनी,इन सैनिकों में रोमन सम्राट के प्रति स्वामिभक्ति के अभाव के चलते जर्मन, गोथ,बंडल एवं हूण कबीलों के भीषण आक्रमण के सामने रोमन साम्राज्य ताश के पत्ते की तरह ढह गया। दास प्रथा यूरोप के मध्ययुग से होते हुए आधुनिक युग की प्रारंभिक शताब्दियों तक निर्बाध चलती रही। दास प्रथा के खात्मे के बाद यही दास भूदासों में अंतरित हो गए, जो सामंतों की जायदाद में बंधुआ मजदूर की तरह काम करते थे और एक सामंत की जायदाद छोड़कर दूसरे के यहां नहीं जा सकते थे। आए दिन कोड़े खाना उनकी सामान्य नियति थी। अफ्रीका के स्वतंत्र लोगों को हठात घेरकर उन्हें पकड़ने और जबरन दास बनाकर,जहाजों में ठूंसकर, अन्य महाद्वीपों में ले जाकर उन्हें पशुवत बेच देने की प्रथा अमेरिकी गृहयुद्ध (1861-1865) तक चलती रही जब उत्तर के उद्योग प्रधान राज्यों के संयुक्त मोर्चे ने कृषि प्रधान दक्षिणी राज्यों के संघ को पराजित कर दास प्रथा के उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया। इसका मूल्य इस अभियान के नायक राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को अपने जीवन का बलिदान देकर चुकाना पड़ा।

दास प्रथा यूरोप के मध्ययुग से होते हुए आधुनिक युग की प्रारंभिक शताब्दियों तक निर्बाध चलती रही। दास प्रथा के खात्मे के बाद यही दास भूदासों में अंतरित हो गए, जो सामंतों की जायदाद में बंधुआ मजदूर की तरह काम करते थे और एक सामंत की जायदाद छोड़कर दूसरे के यहां नहीं जा सकते थे। आए दिन कोड़े खाना उनकी सामान्य नियति थी। अफ्रीका के स्वतंत्र लोगों को हठात घेरकर उन्हें पकड़ने और जबरन दास बनाकर,जहाजों में ठूंसकर, अन्य महाद्वीपों में ले जाकर उन्हें पशुवत बेच देने की प्रथा अमेरिकी गृहयुद्ध (1861-1865) तक चलती रही जब उत्तर के उद्योग प्रधान राज्यों के संयुक्त मोर्चे ने कृषि प्रधान दक्षिणी राज्यों के संघ को पराजित कर दास प्रथा के उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया।

औद्योगिक क्रांति के बाद दास से भूदास बने गांवों के किसान भरभरा कर शहरों की ओर भागे और वहां कारखानों में मजदूरी करने लगे। मार्क्सवाद में उन्हें सर्वहारा कहा गया,क्योंकि उनके पास शरीर के सिवा कुछ भी नहीं था और जीवित रहने की न्यूनतम सुविधाओं के मूल्य (वेतन) पर उसे पूंजीपतियों को बेचने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था। पूंजीपति उन्हें उतना ही देता था,जितने से वे काम करने लायक बने रहें और अपने परिवार को बनाए रखें ताकि अगली पीढ़ी को भी मजदूर मिलते रहें। लंदन में ये टेम्स के किनारे झुग्गियों में रहते थे,जहां दुर्गंध भरे कचरे की भरमार होती थी। फिर भी ये सर्वहारा भूदासों से बेहतर स्थिति में थे,क्योंकि ये अपने वेतन को जैसे चाहें खर्च करने के लिए स्वतंत्र थे और एक पूंजीपति को छोड़कर दूसरे के कारखाने में काम करने जा सकते थे। यही कारण है कि इस दौर में गांवों से शहरों की ओर पलायन इतनी तेजी से हुआ कि औद्योगिक क्रांति में अग्रणी इंग्लैंड जैसे देशों के कई निर्वाचन क्षेत्रों में बहुत थोड़े मतदाता रह गए, जिनका मत खरीदकर कोई भी साधन संपन्न व्यक्ति संसद सदस्य बन सकता था,इसीलिए इन क्षेत्रों को पॉकेटबरो या रॉटनबरो कहा गया। यह इस बात का प्रमाण है कि सर्वहारा की स्थिति कितनी भी दयनीय रही हो,वह भूदासों से बेहतर थी। उसी तरह भूदासों की स्थिति दासों से बेहतर थी। इससे यूरोप में दासों की क्या स्थिति थी,इसका अनुमान लगाया जा सकता है। श्रम-कल्याण के कानूनों से धीरे-धीरे मजदूरों की दशा में सुधार हुआ,किंतु सामंतयुग के अवशेष सामान्यजन और भद्रपुरुष के बीच की ठोस दीवार बहुत बाद तक कायम रही। उपनिवेशों सहित सभी जगह प्रशासनिक अधिकारी और सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारी भद्रवर्ग के (पूर्व सामंती खानदान के कुलीन) लोग ही होते रहे। भारत का औद्योगीकरण मजदूरों की हालत में काफी सुधार हो चुकने के बाद शुरू हुआ। इसलिए यहां न ही कभी 'औद्योगिक क्रांति' हुई, न सर्वहारा का उदय। भारत में पश्चिम की तरह की दास प्रथा भी नहीं रही,न भूदासों पर निर्भर वहां की तरह का लॉर्ड और वासल के पिरामिड वाला सामंतवाद। खेती के साथ उन्नत हस्तशिल्प के सहारे (जिसके उच्च कोटि के उत्पाद की विश्वबाजार में जबरदस्त मांग थी) लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी होती रहीं। जैसा कि फाहियान (327-422 ई.) और ह्वेनसांग (602-664 ई.) के निष्पक्ष वर्णनों से पता चलता है, प्राचीन भारत में सामान्य जनता अमूमन खुशहाल रही। डॉ. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'हू वर द शुद्र' (1946) में वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति की विवेचना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त की इस ऋचा से शुरू की है-ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत।। (10.90.12) अर्थात् ब्राह्मण उसका मुख था, बांहों से क्षत्रिय की रचना की गई,वैश्य उसकी जंघा थी, शूद्र उसके पैरों से उत्पन्न हुआ।

पुरुष सूक्त की सोलह ऋचाएं सृष्टि का काव्यात्मक रूपक खड़ा करती है,जिसमें यज्ञ पुरुष (या विराट पुरुष) के भिन्न-भिन्न अंगों से सृष्टि के भिन्न-भिन्न उपादानों की रचना का आख्यान है,किंतु ऋग्वेद की ही क ऋचाएं हैं,जो मनुष्य मात्र की उत्पत्ति मनु से प्रतिपादित करती हैं। मनु के आदिपुरुष होने की यह धारणा इतनी मूलभूत है कि पुराण, स्मृति तथा धर्मसूत्र बार-बार इसका उल्लेख करते हैं। अंतर्विरोध स्पष्ट है। या तो मानव मात्र के पूर्वज एक ही (मनु) थे या वे यज्ञ पुरुष के चार भिन्न अंगों से उद्भूत चार भिन्न पुरुष थे। ऋग्वेद की एक ऋचा (9.112.3) का ऋषि घोषित करता है कि मैं बढ़ई हूं, मेरे पिता वैद्य हैं और मेरी मां उपले बनाती हैं (कारुरहं ततो भिषक् उपलपृक्षिणी नना)। पुरुष सूक्त को छोड़कर ऋग्वेद में अन्यत्र कहीं चार वर्णों का उल्लेख नहीं मिलता।

प्रसंगवश

जल अपराध

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जल जीवन है। जीवन के लिए अपरिहार्य है। अब यह भारत के लोकमानस की पद्धति है कि उसने जल को देवता के रूप में स्वीकार कर लिया और पवित्रता के भाव से जोड़ लिया। उसे तीर्थ माना गया। जलाशय के पास जूते पहनकर नहीं जाना,वहां कोई जूठी चीज नहीं छोड़नी,वहां थूकना मत, वहां कुल्ला मत करना आदि आदि पाप की श्रेणी में मान लिए गए। कितने ही लोग थे,जो पवित्र भाव से घाटों की सफाई करते थे,लेकिन समय बदला। वर्जनाएं टूटी।

सामाजिक दृष्टि धीरे-धीरे व्यक्ति लाभ में परिवर्तित होने लगी। तर्क निकला पाप क्या होता है? लोकदृष्टि की अवमानना हुई, लोग बेवकूफ हैं, अपढ़ हैं, अंधविश्वासी हैं। हम पढ़े लिखे हैं, तर्कशील हैं। तर्क की ओट में व्यक्ति स्वार्थ को छिपने की जगह मिल गई थी। गंगा-यमुना के घाट कुंआ-तालाब,कुंड-सरोवर, पोखर,जो अब तक सार्वजनिक पवित्रता के केन्द्र थे। निजी संपत्ति में तब्दील हुए। (निजीकरण के समर्थक इस तथ्य को ध्यान से समझें) उद्योगों का जाल बिछा,जरूरी था,किंतु लाभ की तात्कालिक दृष्टि ने समष्टिभाव को आहत किया। छिन्न-विच्छिन्न किया। उद्योगों का प्रदूषण धरती पर बिखरा और बिखरता गया,हवा में गया और बिना परवाह के जाता ही रहा,उद्योगों का प्रदूषण जल स्रोतों में गया और बेखटके जाता रहा। जनता के बीच आवाजें उठीं, किन्तु व्यक्ति स्वार्थ ने,जो भ्रष्टाचार के साथ एकाकार हो चुका था,उस आवाज को कुचल दिया। प्रत्येक शहर के साथ यह हुआ और आज भी हो रहा है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पानीपत के तीन उद्योगों पर छापा मारा ,देखा कि उनका कैमिकल वाला पानी भूजल को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषित कर रहा है। अब जो भी कुछ होगा,वह सामने आएगा,किंतु यह कोई नई बात तो है नहीं,अनेक उद्योग इस प्रकार के पानी को बोरिंग करके भूगर्भ में डालते रहे हैं। कई साल पहले जब पानीपत में पीलिया फैल गया था,ऐसी केंद्रीय टीम आई थी। कुछ दिनों धर-पकड़ हुई फिर ढाक के तीन पात। मूल बात है भ्रष्टाचार। व्यक्ति स्वार्थ।

समस्याओं पर ध्यान लगा व्यापक सुधार लाएं

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

इसमें कोई शक नहीं कि आपातकाल में बहुत अधिक अवैध गिरफ्तारियां हुईं और उसी का दंड जनता ने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को हराकर दे दिया।

25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा कर विरोधी दल के नेताओं, कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार करा दिया था तथा खबरों पर सेंसरशिप लगा दी थी। उस दिन को याद करने हेतु 12 जुलाई को केंद्रीय सरकार ने घोषित किया है कि अब प्रत्येक 25 जून को "संविधान हत्या दिवस" मनाया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि तत्कालीन सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया, लोगों पर ज्यादती और अत्याचार किए गए। गृह मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इस दिन इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोट दिया था। लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया एवं मीडिया की आवाज दबा दी गई।

इसमें कोई शक नहीं कि आपातकाल में बहुत अधिक अवैध गिरफ्तारियां हुईं और उसी का दंड जनता ने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को हराकर दे दिया। कांग्रेस उत्तर भारत में, खासकर हिंदी बेल्ट में हारीं थी,दक्षिण भारत में उसे पर्याप्त सीटें मिली थीं। तात्पर्य यह कि दक्षिण भारत ने आपातकाल को संविधान की हत्या नहीं मानी और रायबरेली की हार का बदला चिकमगलूर से इंदिरा गांधी को संसद भेजकर दिया। उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय ने आपातकाल की घोषणा को संविधान का हनन माना था,ऐसी कोई जानकारी मुझे नहीं है। आपातकाल का प्रावधान संविधान में है इसलिए आपातकाल की घोषणा संविधान की हत्या नहीं माना जा सकता। विरोधियों की गिरफ्तारी, मौलिक अधिकारों का निलंबन प्रजातंत्र की हत्या कहीं जा सकती है। आपातकाल लागू होने के 50 वर्ष बाद 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने का औचित्य समझ में नहीं आया। वर्ष 1977 से 1980 तक के तीन वर्ष की जनता सरकार ने यह घोषणा नहीं की जबकि सर्वाधिक महत्वपूर्ण बंदी उस संसद में थे। बाद में भाजपा के सहयोग से कई प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेई पांच वर्ष तथा मोदी जी भी लगातार 10 वर्ष से प्रधानमंत्री व अमित शाह मंत्री हैं। आज यकायक संविधान हत्या की याद कहां से आ गई? पिछले माह ही 25 जून था, तब आपात काल की भर्त्सना तो की गई, लेकिन इस दिवस की घोषणा नहीं की गई।

गुजरात तथा बिहार के छात्र आंदोलनों का हो रहा विस्तार,जार्ज फर्नांडिस की रेलवे तथा अन्य हड़तालों से देश में अनुशासन समाप्त हो रहा था, विद्यालय बंद थे, जेपी सेनाओं को भी विद्रोह हेतु उकसा रहे थे, चुनी हुई सरकार को भंगकर पुनः चुनाव की मांग की जा रही थी। ऐसी स्थिति में देश में आपातकाल लागू किया गया था,जिसका प्रावधान संविधान में है। आपातकाल लागू होने के बाद अधिकारियों का समय से कार्यालय आकर कार्य करना, ट्रेनों का समय से चलना, विद्यालयों में पढ़ाई होना, आंदोलनों के समाप्त होने जैसे बहुत से अच्छे कार्य भी हुए। प्रधानमंत्री के 10 सूत्री कार्यक्रम तथा संजय गांधी के चार सूत्री कार्यक्रम (बलात नसबंदी को छोड़कर) का लाभ देश को मिला। विनोबा भावे ने इसे अनुशासन पर्व कहा था। यदि जनता इसे संविधान की हत्या मानती तो इंदिरा गांधी तथा कांग्रेस पुनः सत्ता में न आती।

अगर संविधान की हत्या को देखें तो संविधान की हत्या का आरोप तो भाजपा पर भी लग रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में बाबरी मस्जिद की रक्षा का मुख्यमंत्री द्वारा शपथपत्र दाखिल करने के बाद भी मस्जिद तोड़ी गई और वहां नियुक्त पुलिस बल मूकदर्शक बना रहा। बाबरी मस्जिद तोड़ने में प्रयासरत कारसेवकों पर फायरिंग कराने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की भर्त्सना करने के बाद पद्मविभूषण प्रदान किया गया। गुजरात में गोधरा कांड के बाद जो दंगे हुए उस समय वहां भाजपा का शासन था, मणिपुर में जो भयानक हिंसा हो रही है, वहां भाजपा है,पश्चिम बंगाल में जो हिंसा हो रही है,केंद्र में भाजपा है। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया तो अमेरिका की धमकियों की परवाह न कर पाकिस्तान के दो टुकड़े भी किए। चीन के विरोध के बाद भी सिक्किम को भारतीय गणतंत्र में शामिल भी किया। हम शोशेबाजी को छोड़कर आज की गंभीर समस्याओं बढ़ती आबादी, गरीबी, बेरोजगारी, धार्मिक कट्टरता,नारियों का सम्मान,अच्छी शिक्षा तथा स्वास्थ्य, वैज्ञानिक उपलब्धियां आदि पर ध्यान केंद्रित कर इसमें व्यापक सुधार लाएं तो बेहतर होगा।

सोशल फोरम

विदेश नीति के उपकरण

निरंतर कूटनीतिक संवाद और हस्तक्षेप, ये दो विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण रहे हैं। अफसोस की बात है अब यह सब खत्म कर दिया गया है। विदेश नीति के नाम पर इवेंट होते हैं।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत अब एक बंद गली में रहता है। एक जमाना था विभिन्न देशों की गरीब और जुल्म से पीड़ित जनता की मदद करना हमारी विदेश नीति की अंग था। फिलिस्तीन, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, क्यूबा, वियतनाम आदि को भारत ने जो मदद दी वह सारी दुनिया में सराही गई। यहां तक कि जाफना में तमिलों पर होने वाले जुल्मों का हमने विरोध ही नहीं किया,उनकी रक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई की।

सिंहली राष्ट्रवादी और लिट्टे के आतंक से जाफना को मुक्त किया और स्वायत्त शासन की स्थापना में अहम भूमिका अदा की। जाफना के पुनर्निर्माण में करोडों रुपए की सालाना मदद की। लाखों तमिल शरणार्थियों को तमिलनाडु में लंबे समय तक हर तरह की मदद की। बांग्लादेश (पहले पूर्वी पाकिस्तान) में जब पाक सेना जुल्म कर रही थी तो अवामी लीग और बांग्लादेश की जनता की सभी नियम तोड़कर मदद की, बांग्लादेश को आजाद कराया। भारत ने यह नहीं सोचा कि दुनिया क्या कहेगी,लेकिन वर्तमान सरकार ने इस परंपरा से उलटे काम किए हैं। एक-एक करके सब पड़ोसी देशों से संबंध बिगाड़ लिए हैं। कल्पना कीजिए सन बासठ के चीन के साथ युद्ध के बाद लगातार कूटनीतिक संवाद को महत्व देकर निरंतर वार्ताएं चलाकर चीन को व्यस्त रखा गया। चीन इसके कारण भारत की जमीन का कोई टुकड़ा अपने कब्जे में नहीं ले पाया। निरंतर कूटनीतिक संवाद और हस्तक्षेप, ये दो विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण रहे हैं। अफसोस की बात है अब यह सब खत्म कर दिया गया है। विदेश नीति के नाम पर इवेंट होते हैं। इवेंट, विदेशी नेताओं से मिलना और भाषण देना विदेश नीति नहीं है। हमने विदेश नीति का अंत करके अमेरिका की सबसे बड़ी सेवा की है।

-फेसबुक वॉल से

संकट में उत्तराखंड की जड़ी-बूटियां

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

जंगल में वन औषधीय पौधे अपने आप उगते हैं, पर तस्कर बड़ी बेरहमी से जड़ों सहित इन पौधों को उखाड़ कर ले जाते हैं। तस्कर कई बार सीधे-साधे गांव वालों से कम दामों में जड़ी-बूटियां खरीद लेते हैं। गांव वाले जड़ी-बूटियों के वास्तविक मूल्य से अनभिज्ञ रहते हैं।

उत्तराखंड का पर्वतीय क्षेत्र अपनी अकूत वन संपदा और वनस्पतियों की विविधता के लिए जाना जाता है,लेकिन पिछले कुछ सालों में शिवालिक पर्वत शिखरों मे पाई जाने वाली जड़ी बूटियां अवैध दोहन और तस्करी के चलते तेजी से विलुप्त हो रही हैं। उत्तराखंड के हिमालय को हिमवंत औषधं भूमिनाम कहा गया है अर्थात् जहां औषधीय पौधों की भरमार है। महर्षि चरक, सुश्रुत, वाग्भट से लेकर धनवंतरि शर्मा के शोध ग्रंथ 'द्रव्य गुण विज्ञान' में पांच सौ से अधिक जड़ी बूटियों के इस क्षेत्र में पाए जाने का वर्णन मिलता है।

हिमालय क्षेत्र में पाई जाने वाली जड़ी बूटियां ही आयुर्वेद चिकित्सा के ज्ञान का आधार रही है, जिनका आयुर्वेदाचार्यों ने दिल खोलकर गुणगान किया है, परंतु प्रकृति प्रदत्त यह बेशकीमती संपदा अब छीज रही है। पहले स्थानीय लोग यहां की जड़ी बूटियों से परंपरागत रूप से लाभान्वित होते थे,लेकिन अब मोटी रकम कमाने की चाह में तस्करों ने गांव वालों के साथ मिलकर इनका बेजा दोहनकर पहाड़ को कई महत्वपूर्ण बूटियों से विहीन कर दिया है। ये दुर्लभ जड़ी बूटियां तस्करी के जरिए विदेश पहुंच रही हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार पहाड़ की दो सौ से अधिक जड़ी बूटियों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। कई तो विलुप्त हो चुकी हैं। शोधकर्ता भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग ने इनके अस्तित्व पर संकट का कारण मनमाफिक दोहन, वनों का कटाव, वनों में हर साल लगने वाली आग तथा प्राकृतिक वन संपदा का क्षरण होना बताया है। अवैध दोहन का एक मुख्य कारण यह भी है कि यूरोपीय व अन्य देशों में आयुर्वेदिक दवाओं के प्रति आकर्षण के चलते कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में उतर आई है। इस कारण तस्करी बढ़ी है और हमारी बहुमूल्य बूटियां चोरी-छिपे विदेशों में पहुंच रही हैं। पिछले कुछ सालों मे हमारी तीन दर्जन से अधिक वनौषधियों को विदेशों में पेटेंट भी करा लिया गया है। पहाड़ की संकटग्रस्त औषधीय पौधों की प्रजातियों में टैक्सस बकाटा, कूठ, पुनर्नवा, सर्पगंधा, हरड़, जटामांसी, कीड़ाजड़ी, शतावर, गूलर, चिरायता, सालमपंजा, कासनी, कालाबाशा, पिपली, जिंबू , आक, कौंच, वज्रदंती आदि शामिल हैं। इन जड़ी बूटियों में टैक्सस बकाटा अर्थात् टैक्साल को कैंसर की औषधी के रूप में प्रयोग किया जाता है। टैक्साल का मूल स्रोत 'टैक्सस ब्रेविफोलिया' नामक वृक्ष की छाल है। कुमाऊं में इसे थनेर नाम से जाना जाता है। एक से दो ग्राम टैक्साल की कीमत 3 लाख से अधिक होती है। कई जगह तस्कर चोरी-छिपे इस पेड़ की छाल निकालकर या पेड़ को ही काटकर ले जाते हैं। नतीजतन यह अमूल्य वनस्पति आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रही है। संकटग्रस्त प्रजातियों में खैर व भोज वृक्ष का बड़े स्तर पर अवैध कटान हो रहा है। खैर का उपयोग कत्था व गुटखा बनाने में होता है। इधर बाजार में नित नए गुटखे आने से खैर की मांग बहुत बढ़ गई है। मांग बढ़ने का अर्थ है तस्करी का भी बढ़ना। इसी तरह भोज वृक्षों की संख्या भी बहुत कम रह गई है। कभी हमारे ऋषि-मुनियों ने इसकी छाल पर कई ग्रंथ लिखे थे।

हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में एक नायाब जड़ी मिलती है,जिसे हमारे यहां 'कीड़ाजड़ी' तो तिब्बत व चीन में 'यारशागुंबा' कहा जाता है। चीन में इसका इस्तेमाल एथलीटों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक स्टेरॉयड के रूप में प्रयोग किया जाता है। यही कारण है कि पिथौरागढ़ जनपद के धारचुला, मुनस्यारी के ऊंचे इलाकों में स्थानीय लोग बड़े पैमाने पर इसका दोहन व तस्करी कर रहे हैं,क्योंकि चीन में इसकी मुंहमांगी कीमत मिल रही है। इसके संग्रह और व्यापार से जुड़े लोगों में अक्सर खूनी संघर्ष तक देखने को मिलता है। यह जड़ी 3500 मीटर की ऊंचाई पर हिम आच्छादित क्षेत्र में पाई जाती है,जहां ट्री लाइन खत्म हो जाती हैं। सामान्य तौर पर यह एक जंगली मशरुम है, जो एक खास तरह के कीड़े के कैटरपिलर्स को मारकर उस पर पनपता है। स्थानीय लोग इसे कीड़ाजड़ी इसलिए कहते हैं, क्योंकि ये आधी कीड़ा है और आधी जड़ी। इसकी बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है। दुनियाभर में लोग आयुर्वेद की ओर मुड़ रहे हैं। विदेशों में जड़ी-बूटियां दुर्लभ हैं,पर भारत में इनकी प्रचुरता है। इसलिए दुनियाभर की दवा कंपनियों और तस्करों की नजरें भारत की इस संपदा पर टिकी है। वनौषधियों की विलुप्तता का एक कारण यह भी है कि महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियों की पहचान करने वाले परंपरागत पीढ़ी के वनस्पति विशेषज्ञ अब नहीं रहे और जिन्हें इनका ज्ञान है वे जानकारियों को अपने तक ही सीमित रख नई पीढ़ी को इस ज्ञान से वंचित कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जंगल से जड़ी बूटियों को खोज निकालना जितना मेहनत का काम है उतना ही श्रम साध्य है इन जड़ी-बूटियों को तोड़ना। जिस पौधे की जड़ दवा बनाने में काम आती है,उसे उखाड़ देने से पूरा पौधा ही मर जाता है।

जंगल में वन औषधीय पौधे अपने आप उगते हैं,पर तस्कर बड़ी बेरहमी से जड़ों सहित इन पौधों को उखाड़ कर ले जाते हैं। तस्कर कई बार सीधे-साधे गांव वालों से कम दामों में जड़ी-बूटियां खरीद लेते हैं। गांव वाले जड़ी- बूटियों के वास्तविक मूल्य से अनभिज्ञ रहते हैं और चंद रुपयों के बदले वनौषधियों को तस्करों के हाथों बेचकर खुश हो जाते हैं। बड़ी क्रूरता से किए जा रहे अवैध व अनियंत्रित दोहन से अनेक दुर्लभ वनौषधियों की प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और जो बची हैं वे भी विलुप्ति की कगार पर हैं।

यौमे वफात

हमने तो जिक्र हर जगह तेरा सुना है आज
अब्बास तेरे गम में जो नोहा बयां है आज
हर लब पर हाय हाय की गूंजी सदा है आज
जुल्मों सितम को सहने की बस इंतेहा है आज
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

लफ्जे वफा को तू ने अमल से वफा किया
किरदार इश्के हैदर का तू ने अदा किया
परचम बुलंद हुसैन का तू ने सदा किया
शब्बीर के हर हुक्म को तू ने अदा किया
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।
बच्चों की प्यास देखकर रंजूर हो गए
अब्बास पानी लाने को मजबूर हो गए
जख्मों से बाजू आपके फिर चूर हो गए
नहरे फुरात पर गए महसूर हो गए
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

बाजू कटा के लड़ता रहा था वफा शनास
गमगीन थी ज़मीन फलक भी हुआ उदास
मशकीजा भर के खेमे में पहुंचाने की थी आस
सदम रहबा हुसैनी अलसदर ऐ अब्बास
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।
शब्बीर के फिदाई अलमदार जिंदाबाद
तू ने किया वफा का वो इंतजार जिंदाबाद
तुझ से मिली है मौत को भी हार जिंदाबाद
साजिद उस ही से हमको भी प्यार जिंदाबाद
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

-साजिद अब्बासी ,बरेली।

एक नजर

खेत पर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप पुलिस से शिकायत

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में रविवार दोपहर को खेत में फसल की रखवाली कर रही किशोरी से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। क्षेत्र के गांव निवासी किसान की 14 वर्षीय पुत्री रविवार दोपहर अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रही थी। किशोरी का आरोप है कि गांव के युवक ने उससे खेत में दुष्कर्म किया और किसी से न बताने की बात कहकर वहां से फरार हो गया। किशोरी घर पहुंची तो उसने पूरी घटना परिजनों को बताई। परिजन किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गोशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व साथ में अन्य।

पशुओं की नियमित जांच हो : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुविधाएं सुचारु मिलीं। जिलाधिकारी ने पशु चिकत्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि गोशाला में गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परिक्षण कराएं। किसी गोवंश के अस्वस्थ होने पर उचित उपचार करें। पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने गोशाला की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। अधिशासी अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को पालिका में पीपीपी मॉडल पर गोशाला में स्थापित इकाई द्वारा गोवंश के गोबर से बनी धूपबत्ती दिखाई। जिलाधिकारी ने इसके लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान सीडीओ अश्वनी मिश्र, एसडीएम सुधीर कुमार, ईओ डॉ. बृजेश कुमार आदि पालिका का स्टाफ मौजूद रहे।

लाखों से बने सेंटर महज दिखावा बने, गांवों में पसरी गंदगी

आरआरसी में नहीं हो रहा कूड़ा प्रबंधन

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : राज्य सरकार द्वारा बनवाए सभी ग्राम पंचायत के अधिकतर आरआरसी (कूड़े का निस्तारण करने के रिकवरी रिसोर्स सेंटर) शो पीस बनकर रह गए हैं। इनके बनाने में खर्च हुए राज्य सरकार के लाखों रुपये से कोई लाभ नहीं हो रहा है।

विकास खंड गंगेश्वरी क्षेत्र के अधिकतर गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए आरआरसी सेंटर का निर्माण वर्ष 2023 में कराया जा चुका है। अधिकतर आरआरसी सेंटरों को छह-छह लाख रुपये से बनवाया गया था। लेकिन सरकार की गांवों को साफ रखने की मंशा पर पानी फिर रहा है। बताया जाता है कि गांव में आरआरसी सेंटर होने के बावजूद

रहरा में सेंटर पर लगा ताला।

गांव का कूड़ा सेंटरों तक नहीं पहुंच रहा है। गांव की गलियों में कूड़ा बिखरा रहता है।

क्षेत्र के गांव रहरा में वर्ष 2023 में गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण लगभग 6 लाख 30 हजार की लागत से कराया गया था।

अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा, प्लास्टिक का कूड़ा, टूटा कांच, गोबर फेंकने के लिए अलग-अलग चेंबर का निर्माण किया गया है। जिससे गांव की गलियों में जगह-जगह कूड़े व गंदगी का ढेर नहीं लगे और गांव को साफ रहें। लेकिन जिम्मेदार लोग सरकार की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं।

गांव में आरआरसी सेंटर बने हुए चार माह बीत गए, लेकिन गांव की गलियों का कचरा आरआरसी सेंटर तक नहीं पहुंच रहा है। इससे लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी सरकार की मंशा पर पूरी तरह से पानी फिर रहा है। इस मामले में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेंद्र सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत रहरा में आरआरसी केंद्र बनकर कंप्लीट हो चुका है। जल्दी ही आरआरसी केंद्र को शुरू कर दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

मंडी धनौरा में भाकियू की पंचायत में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

भाकियू टिकैत ने चलाया सदस्यता अभियान

मंडी धनौरा, अमृत विचार : रविवार को थाना क्षेत्र के गांव पत्थर कुटी में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ब्लॉक स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई। जिसका संचालन मुन्नु गुर्जर व अध्यक्षता भगवंत सैनी ने किया। बैठक के दौरान थाना क्षेत्र के गांव पत्थर कुट्टी, दिसोरा, रमपुरा, रामपुर तगा के लगभग 50 से ज्यादा किसानों ने जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी सुभाष चंद्र चीमा की मौजूदगी में भाकियू टिकैत की सदस्यता ग्रहण की और महेन्द्र सिंह टिकैत की नितियों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर धर्मवीर सिंह, जमील अहमद, बॉबी चाहल, जयप्रकाश सिंह, सतपाल सिंह, सुधाकर सिंह, देशराज सिंह, चंद्रपाल सिंह, मूलचंद सिंह, गुरुवचन सिंह आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन रोड पर गंदगी से हो रही दिक्कत

गजरौला, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों की अनदेखी के चलते शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। शहर में कई जगह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। बाजारों, मोहल्लों और चौराहों पर कचरे के ढेर लगने से लोगों का सांस लेना दूभर हो रहा है। वहीं राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। शहर में इंदिरा चौक, चौपला सहित कई इलाकों में सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। नियमित रूप से कचरा नहीं उठने से इन इलाकों में चारों तरफ गंदगी का अंबार दिखाई देता है। ऐसे में कचरे की बदबू लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रही है। वहीं कचरे के ढेर के आसपास छुट्टा पशुओं का जमघट लगा होने से हादसों की आशंका बनी रहती है। ईओ ने दीपिका शुक्ला बताया कि साफ-सफाई प्रति की जा रही है। कहीं भी गंदगी दिखाई दी तो कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

रेलवे स्टेशन रोड पर पसरी गंदगी।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते विधायक महबूब अली।

पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाएं पदाधिकारी : महबूब अली

अमरोहा, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक सभा की जिला एवं विधानसभा कमेटी में जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस दौरान सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएं। ईमानादारी के साथ पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करें। सपा के सदर विधायक एवं उत्तर प्रदेश लोक-लेखा समिति के सभापति महबूब अली की संस्तुति पर शाहिद सैफी जिला उपाध्यक्ष, फिरोज खान महासचिव, शकील मलिक जिला सचिव, अंसार मलिक विधानसभा अध्यक्ष अमरोहा, सिराजउद्दीन नगर अध्यक्ष अमरोहा अल्पसंख्यक सभा के पद पर नियुक्त किए गए। रविवार को मुहल्ला दानिशमदान स्थित आवास पर सदर विधायक महबूब अली ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे तथा दायित्वों का निर्वाहन पूरी ईमानदारी से करने का आह्वान किया। पार्टी संगठन को प्रत्येक बूथ स्तर पर मजबूत करने की बात कही।

हसनपुर के शेखपुर झकड़ी में टैंकर से पानी निकालते लोग। ● अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय के सामने कराई सफाई

हसनपुर, अमृत विचार : विकास खंड के गांव शेखुपुर झकड़ी में प्राथमिक विद्यालय के सामने हुए जलभराव के विरोध में ग्रामीणों ने शनिवार को प्रदर्शन किया था। रविवार को ग्राम प्रधान के ने टैंकर ओर मोटर मंगाकर मुख्य मार्ग की सफाई कराई। वहीं, ग्रामीणों द्वारा जलभराव के पास के घरों में सब मर्सिबल चलाकर पशुओं को नहलाने का वीडियो सामने आया है। जिससे आशंका है कि प्राथमिक विद्यालय के सामने फिर से जलभराव हो सकता है। ग्राम प्रधान ने बताया कि सड़क पर हुए जलभराव को फिलहाल टैंकर और मोटर मंगाकर सफाई करा दी गई है। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को आवश्यकता अनुसार सब मर्सिबल चलाने के लिए कहा गया है। जिससे पानी की बर्बादी न हो और जलभराव की समस्या भी न हो।

उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर बांटी मिठाई

कांग्रेस पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने कहा-आने वाला समय कांग्रेस का

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सात राज्यों में हुए उपचुनाव में 13 सीटों में से इंडिया गठबंधन ने 10 सीट जीत ली हैं। इसी खुशी में पपसरा क्षेत्र के गांव गुलड़िया में कांग्रेस के विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अकरम अली के आवास पर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जिसमें अब्दुल सत्तार सैफी, चौधरी नरेंद्र सिंह, अजहरूद्दीन, यासीन, इशाख, लाखन जाट, मोहम्मद शुऐब, सर्वेश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

वहीं, अमरोहा शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सात राज्यों में हुए उपचुनाव में मिली जीत पर खुशी मनाई और मिठाई का वितरण कर एक दूसरे को बधाई दी। कमेटी के नगर अध्यक्ष फैज आलम राईनी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सात राज्यों में विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन को 10 सीट मिलने पर खुशी मनाई और कोर्ट चौराहे पर मिठाई बांटी। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ने कहा कि अब भाजपा की हिंदू मुसलमान नीति को जनता ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले अयोध्या की सीट हार गए और फिर बद्रीनाथ में भी हार गए। कहा आने वाले समय में कांग्रेसियों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। सभी को पार्टी की नीतियों को मिलकर आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर इकराम हुसैन जैदी, राजकुमार, अरुण कुमार, हाजी खुर्शीद, मयंक गुर्जर रहे।

अमरोहा में इंडिया गठबंधन की जीत पर मिठाई बांटते कांग्रेस कार्यकर्ता।

उपचुनाव जीतने पर मिठाई बांटते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

भाजपा से आजिज आई जनता : आफाक

उझारी, अमृत विचार : सात राज्यों के उपचुनाव में 13 सीटों में से कांग्रेस ने चार और इंडिया गठबंधन ने 10 सीटों पर जीत हासिल की है। जिसकी खुशी में हसनपुर विधानसभा के नगर पंचायत उझारी में नगर अध्यक्ष आफाक पठान के आवास पर मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। वक्ताओं ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है, क्योंकि जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से आजिज आ चुकी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आफाक पठान, हाजी बब्बन, बदरुद्दीन खान, अजीम चौधरी, राशिद नंबरदार, फैजान इमरान, वसीम अहमद, उमर नूर चौधरी, मौहम्मद फराज अहमद, फरमान मलिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उपचुनाव में जीत पर जताई खुशी

गजरौला, अमृत विचार : कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सात राज्यों में हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत होने पर रविवार को मिठाई बांटी। क्षेत्र के लिसड़ी बुजुर्ग गांव में अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कामिल खान के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू, कश्मीर, बिहार में हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन की जीत हुई है। इससे भाजपा की सच्चाई सामने आ रही है। साथ ही उसका जनाधार भी कम हो रहा है। फैजान खान, आदिल खान, रहमान खान, नासिर खान, जाहिर खां नोशे खां इशान खां आदि मौजूद रहे।

तिगरी में गंगा का 20 सेमी. बढ़ा जलस्तर

गजरौला, अमृत विचार : तिगरी में गंगा का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। रविवार को 20 सेमी. जलस्तर बढ़ने के बाद 199.50 मीटर पहुंच गया। खादर क्षेत्र के खेतों में अभी भी पानी भरा हुआ है। दो दिन तक जलस्तर घट रहा था, लेकिन रविवार को जलस्तर बढ़ने लगा है।

पहाड़ों में हो रही बारिश का असर मैदानी इलाके में देखने को मिल रहा है। बिजनौर बैराज से शनिवार को 30662 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे रविवार को तिगरी में गंगा का 20 सेमी. जलस्तर बढ़कर 199.50 मीटर पहुंच गया। जबकि शनिवार 199.30 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया था। वहीं बीते तीन दिन से जलस्तर घटने पर गांवों से पानी सूख गया था। हालांकि खादर क्षेत्र के खेतों में अभी तक पानी भरा हुआ है। जिससे पशुओं के लिए चारे की समस्या है। रविवार को जलस्तर बढ़ने पर ग्रामीणों को चिंता हुई। जेई बाढ़ खंड़ सुभाष कुमार ने बताया कि पहाड़ों पर बारिश की वजह से जलस्तर बढ़ रहा है। अभी और भी जलस्तर बढ़ने की आशंका है।

सब्जियों के दाम बढ़ने से बिगड़ा रसोई का बजट

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : बारिश के बाद सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में लोगों के लिए रसोई का बजट मैनेज करना मुश्किल है। बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं सब्जियों के तेजी से बढ़ते दामों ने आम लोगों को रुला दिया है।

पिछले कई दिनों से लोग बढ़ते दामों को लेकर परेशान हैं। बाजार में टमाटर 100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच चुका है। टमाटर के अलावा भिंडी, प्याज और शिमला मिर्च जैसी सब्जियों के भी दाम आसमान छू रहे हैं। सब्जी मंडी में अदरक 280 रुपये किलो और हरा धनिया 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। नगर निवासी सुमित्रा ने बताया कि दाम इतने ज्यादा हैं कि कुछ भी खरीदना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि लहसुन भी अब 200 रुपये किलो बिक रहा है। उन्होंने कहा अब सब्जियां खाना पहले से मुश्किल हो गया है। हर सब्जी हमारे बजट से बाहर हो गई है। पहले जो सब्जी हम आधा किलो तक लेते थे। वह अब पाव भर ही खरीद पा रहे हैं। टमाटर के दाम भी आसमान छू रहे हैं। यह 70-80 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। आलू भी 40 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों के पीछे मानसून की मार है, जिससे सब्जियों के दामों में इजाफा हुआ है। यहां टमाटर 100 रुपये प्रति किलो, हरी मिर्च 160 रुपये प्रति किलो, प्याज 50-60 रुपये प्रति किलो, आलू 40 रुपये प्रति किलो, धनिया पत्ता 300 रुपये प्रति किलो, फली 200 रुपये प्रति किलो, फूलगोभी 160 रुपये प्रति किलो, अदरक 280 रुपये प्रति किलो और लहसुन 280 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

गांव में मुख्य मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव में मुख्य मार्ग पर जलभराव से ग्रामीणों तथा राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन, अभी तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव जेबड़ा मुस्तकम में शहबाजपुर गुर्जर तथा जेबड़ा मुस्तकम मार्ग पर पिछले डेढ़ वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते ग्रामीण तथा राहगीरों जलभराव के बीच से गुजरने को मजबूर हैं। इस मार्ग पर दो इंटर कॉलेज पड़ते हैं। विद्यालय जाने वाले बच्चों को भी इसी मार्ग से होकर गंदे पानी से गुजरना पड़ता है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन, अभी तक इस मार्ग को जलभराव से मुक्त नहीं कराया जा सका है। ग्रामीण वीरपाल, विपिन, बलराम, किशन, बृजपाल सिंह, गौतम ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है।

शहबाजपुर गुर्जर और जेबड़ा मुस्तकम मार्ग पर भरा पानी।

रहरा-आदमपुर मार्ग पर गड्ढों में भरा पानी। ● अमृत विचार

● छात्र-छात्राएं गिरकर आए दिन हो रहे चोटिल, अधिकारी शिकायत की कर रहे अनदेखी

गड्ढा मुक्त सड़कों के दावे खोखले

रहरा, अमृत विचार : तहसील हसनपुर क्षेत्र में शासन के गड्ढा मुक्त सड़कों के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। रहरा-आदमपुर लिंक मार्ग पर दो साल में ही गड्ढे हो गए। हसनपुर-अलीगढ़ स्टेट हाईवे से जोड़ने वाला रहरा से आदमपुर मार्ग दो साल पहले ही बना था। लेकिन यह दो वर्ष भी नहीं टिक पाया। इस मार्ग में कई जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के जिलाध्यक्ष हरिप्रकाश ने बताया कि आदमपुर से रहरा मार्ग को जोड़ने वाले लगभग पांच किलोमीटर के मार्ग में गहरे गड्ढे होने के कारण वाहनों के अनियंत्रित होकर गिरने का भय बना है। आए दिन यहां बाइक चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं।

आयोजन आर्य प्रतिनिधि सभा की बैठक में किया आह्वान, पाखंड का विरोध करने को कहा

घरों पर फहराएं ओइम की पताका, देश में शराबबंदी हो

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : आर्य प्रतिनिधि सभा अमरोहा की कार्यकारिणी की मासिक बैठक आर्य समाज हसनपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान धर्मवीर सिंह आर्य ने की। बैठक में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा अमरोहा के प्रधान ने कहा आर्यजन अपने-अपने घरों पर ओइम का झंडा फहराएं और मांग किया कि राष्ट्र में शराबबंदी लागू हो। कहा भारत में धर्म के नाम पर पाखंडवाद का विरोध किया जाएगा।

आर्य समाज हसनपुर के मंत्री सुरमित कुमार गुप्त ने कहा आर्यजन स्वामी दयानंद सरस्वती के मार्ग पर चलकर उनके आदर्शों को अपनाकर वेदों का पठन पाठन के साथ प्रचार भी करें एवं अपने परिवार में वेद एवं भारतीय संस्कृति तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाएं। संगठन मंत्री प्रवीन आर्य ने कहा हमारी पहचान अपने कार्य से होनी चाहिए। आर्यावर्त में प्रत्येक नागरिक आर्य है एवं उसका नैतिक कर्तव्य है कि राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए भारतीय संस्कृति को सुरक्षित एवं समर्थ बनाए रखने के लिए श्रेष्ठ कार्य करें। इस अवसर पर आर्य समाज हसनपुर के पूर्व प्रधान इंद्रपाल आर्य को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता धर्मवीर सिंह आर्य ने तथा संचालन संयोजक हेतराम सागर ने किया। बैठक में नन्हे सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, कल्याण सिंह, सुभाष दुआ, नाथू सिंह, विजयपाल सिंह, ओमपाल, शीलचंद ने विचार व्यक्त किए। बैठक में यशवंत सिंह, नवीन रस्तोगी, आलोक रस्तोगी, दिनेश अग्रवाल, रोहताश सिंह आर्य, रमेश गुप्ता, अंकित गुप्ता, हरि सिंह आर्य, डॉ. जगत सिंह, राजीव यादव, पुष्पेंद्र शास्त्री, प्रदीप कुमार आर्य, वैद्य चंद्रपाल सिंह शीलचंद, जसवंत सिंह, वेदपाल सिंह, महेश सिंह, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

हसनपुर में आर्य समाज की बैठक में बोलते संगठन मंत्री प्रवीन आर्य। ● अमृत विचार

अंजू आर्य बनीं प्रधान और मधु खुराना मंत्री

अमरोहा, अमृत विचार : स्त्री आर्य समाज की ओर से विश्व कल्याण को यज्ञ किया गया। मुख्य यजमान बीना शर्मा, अलका गोयल, अर्चना अग्रवाल, सुधा अग्रवाल व बीना रस्तोगी रहीं। यज्ञ के पश्चात चुनाव किया गया। जिसमें सर्व समिति से अंजू आर्य को प्रधान और मधु खुराना को मंत्री घोषित किया गया।

इसके अलावा कोषाध्यक्ष सोमैया अग्रवाल, उप प्रधान बीना शर्मा, उप मंत्री सुप्रिया खुराना रहीं। यज्ञ अधिष्टा अमित आर्य चुनी गई। मधु खुराना ने पूरी टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर मधुर रस्तोगी, अचल टंडन, विद्यावती, उषा अरोड़ा, अंजू अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, निवेदिता, उषा आर्य, अंजलि अग्रवाल, बाला गोयल, निर्मल विरमानी, निशि रस्तोगी, नीरू लोचन आदि चुने गए। इसके बाद अंजू आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सर्पदंश से मौत में आश्रितों को नहीं मिल रहा योजना का लाभ

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : हसनपुर तहसील क्षेत्र में 11 दिनों में सांप के काटने से कक्षा चार के छात्र एवं किसान की मौत हो चुकी है। लेकिन सांप के काटने से मौत के मामले में 4,00,000 रुपये की आर्थिक मदद का आश्रित लाभ नहीं ले पा रहे हैं। बीते दो वर्ष में लगभग 20 लोगों की सांप के काटने से मौत हो चुकी है।

थाना रहरा क्षेत्र के गांव पौरारा (सैनियों वाली मढैया) निवासी किसान 50 वर्षीय सुरेश सिंह को घर पर सफाई करते हुए सांप ने काट लिया था। सुरेश की पत्नी विमला देवी ने बताया कि गांव के व्यक्तियों ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा था, लेकिन जानकारी नहीं थी। इसलिए शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। इसके दो दिन पूर्व आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव शीतला सराय निवासी किसान हेम सिंह के 11 वर्षीय पुत्र (कक्षा चार का छात्र) सुमित को दो जुलाई की सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार होते समय सांप ने काट लिया था। जिसके उपरांत सुमित की मृत्यु हो गई थी। लेकिन परिजनों ने भी सुमित का पोस्टमार्टम नहीं कराया था। जिससे वह भी इस योजना के लाभ से वंचित रह गये। तहसीलदार हसनपुर सुदीप कुमार ने बताया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार सांप के काटने से मृत्यु होने के उपरांत पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराना अनिवार्य है।

ऐसा करने पर सर्प दंश योजना के अंतर्गत मृतक के आश्रितों को प्रदेश सरकार की तरफ से 4,00,000 का मुआवजा मिलता है। लेकिन क्षेत्रीय जनता इस योजना का लाभ नहीं ले पा रही है क्योंकि अभी जनता को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी भी नहीं है।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

एक नजर

छत से गिरा किशोर हालत गंभीर

बाजपुर, अमृत विचार : छत पर चढ़ा किशोर असंतुलित होकर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम हजीरा निवासी सतपाल (13) पुत्र भजन सिंह रविवार सुबह किसी काम से घर की छत पर चढ़ा था। तभी वह असंतुलित होकर छत से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। परिजन आनन-फानन किशोर को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

बाजपुर, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की तबीयत खराब होने से मौत हो गई। ग्राम कनौरा निवासी रोशन जहां (45) पत्नी शाकिर हुसैन की शनिवार को तबीयत खराब होने पर स्वजन नगर के एक निजी चिकित्सालय ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा था। बताया जाता है कि तबीयत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने जवाब दे दिया जिसके चलते परिवार के लोग शनिवार-रविवार की रात करीब एक बजे उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंच गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

स्टेडियम के लोहे के गेट पर अचेत अवस्था में लटका मिला युवक

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : सेना भर्ती की तैयारी कर रहा नायकगोठ निवासी विवेक भंडारी (22) पुत्र देवेन्द्र भंडारी रविवार सुबह यहां स्पोर्टस स्टेडियम में लोहे के मुख्य गेट के ऊपर बेहोशी की हालत में लटका मिला। युवक को लटका देख स्टेडियम स्टाफ और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को नीचे उतारा और एंबुलेंस से उपजिला चिकित्सालय टनकपुर पहुंचाया। जहां डॉ. मानवेन्द्र शुक्ला ने उसे मृत घोषित कर दिया।

विवेक भंडारी।

शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉ. आफताब आलम ने बताया कि युवक का प्राइवेट पार्ट बुरी तरह दबा हुआ है। माना जा रहा है कि स्टेडियम का गेट खुला न होने पर युवक ने लोहे के गेट के ऊपर चढ़कर अंदर जाने का प्रयास किया होगा और इस दौरान उसका प्राइवेट पार्ट गेट में दब गया। उन्होंने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों की जानकारी पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। वहीं स्टेडियम गेट में करंट आने से घटना होने की बात भी कही जा रही है। मृतक विवेक भंडारी के पिता देवेन्द्र भंडारी ने बताया कि विवेक रोज की तरह सुबह स्टेडियम गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। वह मोटर मैकेनिक से आईटीआई कर रहा था। इन दिनों वह सेना भर्ती की तैयारी कर रहा था। इधर एसडीएम आकाश जोशी और कोतवाल योगेश उपाध्याय ने भी अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली।

पेड़ पर लटका मिला सैनिक के पिता का शव

लोहाघाट, अमृत विचार : धूनाघाट क्षेत्र के जंगल में एक सैनिक के पिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम करवाने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। लोहाघाट थाने के उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर ने बताया कि मृतक की पहचान 52 वर्षीय महेश सिंह पुत्र दान सिंह, निवासी ग्राम कमलेख के रूप में हुई है। उन्होंने बताया मृतक 10 जुलाई को अपने घर से बिना बताए लापता हो गए थे। स्वजनों ने रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद स्वजनों ने 12 जुलाई को लोहाघाट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच अपर उप निरीक्षक धर्मेंद्र प्रसाद को सौंपी गई है। मृतक के दो पुत्र हैं। एक पुत्र भारतीय सेना में तथा दूसरा घर पर है।

फर्जी खाता खोलकर सिंचाई कर्मी के खाते से निकाले 3.25 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : सिंचाई विभाग के कर्मचारी के खाते से निजी बैंक के कर्मचारियों ने फर्जी खाता खोलकर 3.25 लाख रुपये निकाल लिए। पत्नी की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर निवासी राधा पाठक के पति उदयवीर शर्मा सिंचाई विभाग में हैं। राधा का आरोप है कि उनके पति के मोबाइल नंबर पर 20 अप्रैल को कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को प्राइवेट बैंक कर्मचारी बताया और कहा कि उनके खाते में बैलेंस शून्य हो गया है। उदयवीर ने बताया कि उन्होंने प्राइवेट बैंक में कोई खाता ही नहीं खोला है। इसके बाद राधा ने फोन करके फर्जी खाता खोलने के बारे में पूछा तो उन्हें गालियां दी गईं। इसके बाद 23 अप्रैल को राहुल, अर्जुन और नेहा कश्यप का फोन आया। सभी ने केवाईसी कराने को कहा। 18 अप्रैल को किसी जाहिद सैफी का फोन आया। इसके बाद भी लगातार केवाईसी जमा कराने के लिए फोन आते रहे। राधा का कहना था कि जब उन्होंने खाता ही नहीं खुलवाया है तो केवाईसी क्यों जमा करवाएं। आरोप है कि 26 अप्रैल को पति उदयवीर के स्टेट बैंक के खाते से 1,56,358 रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिए गए।

इसके बाद राधा 31 मई को प्राइवेट बैंक में गईं और खाते के बारे में पूछा तो बैंक कर्मियों ने कहा कि पहले पति का पैनकार्ड, आधार कार्ड और दो फोटो जमा करो तब खाते की दस्तावेज मिलेंगे। जब इन्कार किया तो विवाद हो गया। आरोप है कि बैंक वालों ने अभद्रता की। आरोप है कि बैंक मैनेजर ईसा आंनद, एरिया मैनेजर कासिफ, जमान खान ने षडयंत्र रचकर धोखाधड़ी कर पति के एक्सिस बैंक के खाते से भी 1.69 लाख रुपये निकाल लिए।

सार संक्षेप

4 साल की बच्ची की मौत मामले में नौ के खिलाफ रिपोर्ट

बदायूं, अमृत विचार : थाना उघैती क्षेत्र के गांव कूबरी कामसहाय की मढ़ैया में चचेरे-तहेरे भाइयों की बीच खेत की मेड़ के विवाद में मारपीट हो गई थी। इस दौरान चार साल की बच्ची की मौत हो गई थी। पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ बिल्सी सुशील कुमार ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। शनिवार दोपहर गांव कूबरी कामसहाय की मढैया में चचेरे-तहेरे भाई विजय पाल और बुद्धि यादव के बीच खेत की मेड़ को लेकर विवाद चल रहा था। इस दौरान हुई मारपीट के दौरान सिर पर डंडा लगने से विजय पाल की चार साल की नातिन अवंशिका की मौत हो गई थी। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। शनिवार देर रात पुलिस ने मृत बच्ची के पिता जीतपाल की तहरीर पर सूबेदार, राम रहीस, वीरपाल, धीरेंद्र, ललतेश, राजेश, मनवीर, रणवीर और अवधेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ ने घटनास्थल पर जाकर परिजनों से जानकारी की। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

जबरन शारीरिक संबंध बनाकर हड़पे नौ लाख रुपये

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता ने युवक पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने और लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। एक विवाहिता ने बताया कि दो साल पहले उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। वह अपने घर से सारा जेवरात लेकर उसके साथ आ गई और किराए के मकान में आरोपी के साथ रहने लगी। आरोप था कि युवक ने कई बार उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर अभद्रता व मारपीट भी की। डरा-धमका कर सोने के जेवरात और जमा नौ लाख रुपये भी हड़प लिए। जब उसने साथ रहने से इंकार कर दिया तो आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर, थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि तहरीर आने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आरोपों की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

रानीखेत माउंटेन बाइकिंग का आयोजन 21 को

रानीखेत, अमृत विचार : रानीखेत माउंटेनियरिंग और आउटडोर क्लब आरएमओसी की बैठक में द्वितीय रानीखेत माउंटेन बाइकिंग एमटीबी का आयोजन 21 जुलाई को करने का निर्णय लिया गया। स्थानीय प्रशासन, एसएसबी और कुमाऊं रेजिमेंट केंद्र के सहयोग से आरएमओसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए दो अलग-अलग वर्ग रखे गए हैं। 13 किलोमीटर तक फैली फन राइड रानीखेत की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के इच्छुक बाइकर्स को आरामदायक अनुभव प्रदान करती है। इस बीच 35 किलोमीटर की स्पर्धा प्रतिभागियों को चुनौती देती है। उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिभागी अपना बाइकिंग कौशल दिखाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। प्रतियोगिता में 55,000 रुपये का बड़ा पुरस्कार पूल है। यह पुरस्कार राशि चार श्रेणियों में वितरित की जाएगी। जिससे अपने-अपने वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान मान्यता मिलेगी। इस आयोजन के लिए पंजीकरण अब खुला है।

एटीएम में कैश फंसने के बाद ले उड़े टप्पेबाज

बरेली, अमृत विचार : सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में कैश फंसने के बाद टप्पेबाज लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाना बारादरी में तहरीर दी है। लखनऊ के 10 अशोक मार्ग हजरतगंज निवासी मनोज दुबे ने बताया कि वह शहामतगंज स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम पर गए। वहां एटीएम कार्ड लगाकर तीन हजार रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन रुपये नहीं निकले। जबकि खाते से पैसे कटने का मेसेज पहुंच गया। उन्हें लगा कि पैसे एटीएम में फंस गए हैं और वह इंतजार करने लगे। इसी दौरान एटीएम में दो लोग आए और रुपये लेकर कार से भाग गए।

स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के बहाने लाखों रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया, स्वास्थ्य मंत्री से बताए संबंध

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के बहाने एक युवक से चार लाख रुपये ठग लिए गए। ठग ने युवक को झांसा दिया कि उसके प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से अच्छे संबंध हैं। ठग ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया। जब युवक नियुक्ति पत्र लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी के पास पहुंचा तो ठगी का पता चला। पीड़ित ने चार साल बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी के आजादनगर निवासी अपूर्व वर्मा ने बताया कि थाना कैंट थाना क्षेत्र के गांव महुआपुर निवासी अनुराग मिश्रा से उनकी जान पहचान है। अनुराग ने बताया कि यूपी के स्वास्थ्य मंत्री उसके करीबी हैं। वर्ष 2019 में अनुराग ने कहा कि वर्ष 2020 में स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती होगी, उसमें उसकी नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसने चार लाख रुपये मांगे। उसने दिसंबर 2019 में अनुराग को चार लाख रुपये अपने घर आजादनगर में दे दिए। वर्ष 2020 में आरोपी ने नियुक्ति का आदेश दे दिया। आदेश पत्र पर डॉ. विनय कुमार सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश के हस्ताक्षर और मोहर थी। 28 फरवरी 2020 को नियुक्ति आदेश लेकर वह सीएमओ कार्यालय पहुंचा, तब वहां बताया गया कि कोरोना की वजह से अब तक कोई ऐसा आदेश जारी नहीं किया गया है और नियुक्ति पत्र भी फर्जी निकला। इस पर उसने अनुराग से पैसे मांगे तो वह टालमटोल करने लगा।

बरेली से अपहृत युवक को झांसी से किया बरामद

बरेली, अमृत विचार : दो दिन पहले अपहृत सचिन को बारादरी पुलिस ने झांसी से बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहरण करने वाले को भी गिरफ्तार कर लिया है और उसकी कार भी कब्जे में ले ली है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

11 जुलाई को शाहदाना कॉलोनी निवासी राखी अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पति सचिन अग्रवाल को लेनदेन के कारण गुरजीत सिंह उठा कर ले गए हैं। बारादरी इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने मॉडल टाउन चौकी इंचार्ज वैभव गुप्ता के निर्देशन में एक टीम बनाकर झांसी भेजी और सर्विलांस सेल भी सक्रिय हो गई। पुलिस आरोपियों के मोबाइल नंबरों के आधार पर पीछा करती। एसआई वैभव गुप्ता ने बताया कि आरोपी हर घंटे में ठिकाना बदल रहे थे। आरोपी को झांसी के शिवरी बाजार में पकड़ लिया।

चेयरमैन के खिलाफ बैठी जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विधायक आशुतोष मौर्य ने शासन में की थी नगर पालिका चेयरमैन की शिकायत

अमृत विचार : सपा विधायक की शिकायत पर शासन ने बिसौली चेयरमैन के खिलाफ जांच बैठा दी है। बिल्सी एसडीएम को जांच अधिकारी बनाया है। सपा विधायक ने चेयरमैन पर वित्तीय घोटाले सहित कई आरोप लगाते हुए शिकायत की थी।

बिसौली के सपा विधायक आशुतोष मौर्या ने अपने लैटरहेड पर बिसौली नगर पालिका चेयरमैन अबरार अहमद के खिलाफ शिकायत की थी। जिसमें कई गंभीर आरोप लगाए थे। कहा था कि चेयरमैन ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। जिससे पालिका को वित्तीय क्षति पहुंची है। आधा दर्जन से अधिक पालिका की दुकानों के किराएदारों की मृत्यु हो चुकी है। जिन्हें अपने चहेतों को दे दिया है। मृतकों के नाम दुकानों की रसीद काटी जा रही है। इनकी दोबारा से नीलामी होती तो लाखों रुपये राजस्व पालिका को मिलता। नाला सफाई का भी टेंडर चहेते ठेकेदार को दिया गया। जिसमें खानापूर्ति करते हुए धनराशि का बंदरबांट कर लिया गया। इसके अलावा अन्य कई वित्तीय अनियमितताओं को लेकर भी आरोप सपा विधायक द्वारा लगाए गए थे। सपा विधायक द्वारा की गई शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शासन ने बिसौली चेयरमैन के खिलाफ जांच बैठा दी है। इसके लिए बिल्सी एसडीएम न्यायिक मजिस्ट्रेट राशि कृष्णा को जांच अधिकारी बनाया है।

जांच अधिकारी ने नगर पालिका पहुंच शुरू की जांच

शासन स्तर से जांच अधिकारी नामित होने के बाद एसडीएम न्यायिक दो बार बिसौली नगर पालिका पहुंची हैं। उनके द्वारा चेयरमैन और ईओ से नाला सफाई टेंडर, दुकानों के संबंध में अभिलेख मांगे हैं। साथ ही सपा विधायक से भी साक्ष्य मांगे हैं।

> नगर पालिका चेयरमैन के खिलाफ बिसौली विधायक ने शिकायत की थी। जांच की जा रही है। साक्ष्य मांगे हैं। उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-राशि कृष्णा, जांच अधिकारी**

> सपा विधायक द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। दुकानों पर काबिज दुकानदारों को नोटिस दिया जा चुका है। जल्द ही दुकानें खाली कराई जाएंगी। जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा।
>
> **-अबरार अहमद, बिसौली नगर पालिका चेयरमैन**

14 किलो डोडा छिलका के साथ तीन गिरफ्तार

वजीरगंज(बदायूं), अमृत विचार : मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 14 किलो 300 ग्राम डोडा छिलका बरामद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है। तीनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं।

एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देश पर थाना वजीरगंज पुलिस शनिवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। चेकिंग के दौरान गांव रूपपुरा में रामेश्वर पुत्र जानकी के घेर के सामने पिकअप के साथ लोग दिखे। पुलिस ने तीनों को रोककर तलाशी ली तो पिकअप में डोडा छिलका बरामद हुआ। तीनों ने अपना परिचय हरियाणा के अंबाला जिला के थाना साहा क्षेत्र के गांव टोवा निवासी जिला सिंह पुत्र सुखवीर सिंह, अमित कुमार पुत्र जगीर सिंह और अनुकांत शर्मा पुत्र सुमेरचंद बताया। पिकअप भी हरियाणा के नंबर की थी।

हैलो, कुछ लोग मेरे साथ दुष्कर्म कर रहे हैं, जल्दी मुझे बचा लो

संवाददाता, बिसौली

- रविवार दोपहर डायल 112 नंबर पर आई लड़की की कॉल, फिर बंद हो गया नंबर

अमृत विचार : हैलो, कुछ लोग मेरे साथ दुष्कर्म कर रहे हैं। जल्दी आओ। डायल 112 पर ऐसी कॉल पहुंची, जिसके बाद कॉलर का मोबाइल बंद हो गया। पुलिस काफी देर तक परेशानी रही। कॉलर का नंबर सर्विलांस पर लगाया। कॉलर की तलाश की जा रही है।

मामला कोतवाली बिसौली क्षेत्र का है। रविवार दोपहर लगभग एक बजे डायल 112 पर कॉल पहुंची। एक लड़की ने खुद को एक गांव की निवासी बताया। बोली कि कुछ लोग मेरे साथ दुष्कर्म कर रहे हैं। यहां आकर उसे बचा लो। पीआरवी पर तैनात सिपाही मनोज व अन्य पुलिसकर्मी उसके बताए गांव की ओर गए। रास्ते में मनोज ने रानेट चौराहे तक उस नंबर पर फोन किया। लड़की ने जल्दी आने की बात कही जिसके बाद फोन बंद हो गया। कई बार फोन किया लेकिन नंबर बंद ही आया। पुलिस असमंजस में पड़ गई। मनोज ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर जांच शुरू कर दी है। देर शाम तक पुलिस को फोन करने वाली लड़की का पता नहीं चल सका तो पुलिस ने कॉल क्लोज कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि डायल 112 पर किसी का फोन आया था। पीआरवी मौके पर जा रही थी लेकिन रास्ते में ही फोन बंद हो गया। मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया है। जानकारी की जा रही है।

चोरी की 5 बाइकों के साथ चार गिरफ्तार तीन फरार

ओरछी (बदायूं), अमृत विचार : पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की पांच बाइकें बरामद हुईं हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

थाना फैजगंज बेहटा की पुलिस शनिवार को कस्बा मुड़िया धुरेकी में शांति व्यवस्था के लिए चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर कस्बे के कन्हैया पुत्र भगवान दास, बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलहड़िया निवासी कररू पुत्र नन्हें सिंह, सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव भमौरी निवासी मुनीष पुत्र राजेश, फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सेंडोला निवासी पुष्पेंद्र पुत्र जीतपाल सिंह को पकड़ लिया। उनके पास से चोरी की बाइकें बरामद हुईं। उन्होंने अपने साथियों के नाम गांव सेंडोला निवासी रजनेश उर्फ नन्हू पुत्र ज्योतपाल, गांव महोरी निवासी जाकिर हुसैन पुत्र नबी हुसैन और थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव बस्तोई निवासी विनोद बताया।

अनुशासनहीनता में दी लेखपाल को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और डीएम से नाश्ते को लेकर किया था सवाल

अमृत विचार : नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री और डीएम के समक्ष अनुशासनहीनता करने वाले लेखपाल को कठोर चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। मांगे गए स्पष्टीकरण के दौरान उसने माफीनामा लिखकर दिया है। लेखपाल की पोस्टिंग गांव रियोनइया में की गई है।

कलक्ट्रेट सभागार में कुछ दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता तथा तत्कालीन डीएम मनोज कुमार नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिये थे। इसी समय अतिथियों का कलक्ट्रेट में नाश्ता लगाया गया था। आरोप है कि इस पर नवनियुक्त लेखपाल महेंद्र सिंह ने अनुशासनहीनता करते हुए कहा कि जब आप ही निष्पक्ष नहीं है, तो हमसे निष्पक्ष कार्य करने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? आप लोग अकेले नाश्ता कर रहे हैं और हम लोग मुंह देख रहे हैं। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए लेखपाल का स्पष्टीकरण तलब किया। अपने स्पष्टीकरण में लेखपाल ने स्वयं को सेना से रिटायर कर्मी बताया। उसने कहा कि उसकी नई पोस्टिंग है। लेखपाल का प्रशिक्षण भी प्राप्त नहीं है जिसके कारण नियमावली का ज्ञान नहीं है। आगे से ऐसा नहीं होगा। इस संबंध में एसडीएम सदर एसपी वर्मा ने बताया कि लेखपाल ने अपने जवाब में माफीनामा दिया है। इस संबंध में कठोर चेतावनी दी गई है।

मोहर्रम में ढोल बजाने की परंपरा खत्म होगी

संवाददाता, जसपुर

- अखाड़ा कमेटी ने परंपरा समाप्त करने का निर्णय लिया

अमृत विचार : अखाड़ा कमेटी ने मोहर्रम में ढोल बजाने की वर्षों पुरानी परंपरा समाप्त करने का निर्णय लिया है।

जसपुर के मोहल्ला जटवारा की अखाड़ा कमेटी ने मोहर्रम में ढोल बजाने की बरसों पुरानी परंपरा को बंद कर दिया है। अखाड़ा कमेटी के इस निर्णय की उलेमा एवं अन्य लोगों ने सराहना की है। इस्लामी नये साल के मोहर्रम माह की पहली तारीख से दस दिन तक अखाड़ा, अलमदारी, जुलूस आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें वर्षों पुरानी छोटे-बड़े ढोल बजाने की परंपरा भी शामिल है। मोहल्ला जटवारा, जामा मस्जिद अखाड़ा कमेटी के सदर माजिद हुसैन ने कहा कि उलेमा ने उनकी कमेटी को बताया कि इस्लाम धर्म में मोहर्रम व अन्य किसी मौके पर भी ढोल बजाना जायज नहीं है। इससे ध्वनि प्रदूषण तो होता ही है साथ ही कर्बला के शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंचती है। उलेमा के निर्देशों का पालन करते हुए कमेटी के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष मोहर्रम में ढोल न बजाकर पूरी अकीदत से करबला के शहीदों को याद किया जाएगा। इस कमेटी के आलावा नगर क्षेत्र में मोहर्रम कमेटी की छह कमेटियां और संचालित हैं। वहां नायब सदर सादिज हुसैन, सचिव मो.शाहनवाज, नावेद आलम आदि मौजूद रहे।

दायित्व बदरीनाथ धाम में 250 सालों से चली आ रही रावल परंपरा, रविवार को विधि विधान से किया गर्भगृह में प्रवेश

रावल अमरनाथ नंबूदरी बने बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : बदरीनाथ धाम में रावल अमरनाथ नंबूदरी मुख्य पुजारी नियुक्त हो गए हैं। रविवार को उन्होंने विधि विधान के साथ धाम के गर्भगृह में प्रवेश किया। आदिगुरु शंकराचार्य के कालखंड से अभी तक 20 रावल धाम में पूजा-अर्चना का सेवा दायित्व निभा चुके हैं। अब 21वें रावल 30 वर्षीय नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी बदरीनाथ धाम में पूजा पाठ का दायित्व संभालेंगे।

बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने स्वास्थ्य कारणों के चलते हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। इसके बाद बदरी-केदार मंदिर समिति ने उनके स्थान पर नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी (30) को प्रभारी रावल नियुक्त किया।

नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी ने संभाला दायित्व।

अमरनाथ नंबूदरी को दायित्व सौंपने के लिए शनिवार को नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी का तिलपात्र हुआ था। जिसके बाद रविवार को उन्होंने धाम में स्थित पंचधाराओं में जाकर वहां के जल से स्नान किया। इसके बाद अमरनाथ नंबूदरी मंदिर पंहुचे और हवन किया। हवन के पश्चात उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। अब से मंदिर में होने वाली समस्त पूजाएं नए रावल अमरनाथ नंबूदरी ही करेंगे।

बदरीनाथ धाम में रावल परंपरा करीब 250 सालों से चली आ रही है। दक्षिण भारत के नंबूदरी ब्राह्मण ही मंदिर के रावल नियुक्त किए जाते हैं। बदरीनाथ धाम में मुख्य पुजारी को रावल कहा जाता है। बदरीनाथ के मुख्य पुजारी को यह उपाधि टिहरी नरेश प्रदीप शाह ने दी थी। मंदिर में नियमित पूजा चलती रहे और उसमें कोई व्यवधान न हो इसके लिए यह व्यवस्था बनाई। टिहरी नरेश ने गोपाल नंबूदरी को बदरीनाथ धाम का प्रथम रावल नियुक्त किया। जिसके बाद से धाम में रावल परंपरा शुरू हो गई।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक हाथ में संविधान तो दूसरे हाथ में समता का निशान लेकर उतरेंगे

लखनऊ में आयोजित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में रखा राजनीतिक प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय आशियाना के अंबेडकर सभागार में रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों, आगामी उपचुनाव और विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गई। पारित प्रस्ताव में पार्टी ने तय किया कि हम जनता में पुनः विश्वास प्राप्त करने के लिए जमीन की राजनीति करेंगे। एक हाथ में संविधान तो दूसरे हाथ में समता का निशान लेकर उतरेंगे। शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेंगे और महात्मा फूले हमारे पथ प्रदर्शक होंगे। इस दौरान भाजपा की ओर से एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पेश किया गया। कार्यसमिति की बैठक में इस प्रस्ताव को प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पेश किया तो वहीं महामंत्री और राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, प्रियंका सिंह रावत, सुभाष यदुवंशी और संजय राय ने इसका समर्थन किया।

पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने बैठक में जहां महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की मांग की वहीं, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने पार्टी नेताओं से कहा है कि अगर दूसरे दल में आपकी जाति का नेता है तो उनके चक्कर में नहीं पड़ना है, क्योंकि वह ना तो आपका भला कर सकते हैं और ना ही आपको आगे बढ़ाएंगे। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लाए गए प्रस्ताव में कांग्रेस और सपा दोनों को निशाने पर लिया गया है। भाजपा ने यादव वोट बैंक को अपना बनाने के लिए मथुरा-वृन्दावन तो वहीं दलित वोटों को अपनी ओर जोड़ने के लिए बुद्ध परिनिर्वाण स्थल, कुशीनगर को एजेंडे में शामिल किया है।

बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदि किया प्रतिभाग। ● अमृत विचार

सपा-कांग्रेस सांपनाथ और नागनाथ: केशव मौर्य

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा सपा और कांग्रेस रूपी सांपनाथ और नागनाथ ने झूठ और फरेब कर थोड़े समय के लिए हमें पीछे किया है, लेकिन 2027 में फिर से 300 पार लक्ष्य के साथ प्रदेश में भाजपा सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता का भाव हनुमान जैसा है। वह थोड़े समय के लिए सपा-कांग्रेस के झूठ और फ़रेब के कारण अपनी शक्ति को भूला है। 2027 में वह दोबारा वह अपने सामर्थ्य से विपक्षी गठजोड़ को पराजित करेगा और साबित करेगा कि भाजपा अपराजेय है।

झूठ-फरेब की उम्र लंबी नहीं होती: ब्रजेश पाठक

लखनऊ। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वर्ष 2024 लोस चुनाव में भाजपा जहां पारदर्शिता के साथ काम कर रही थी, वहीं विपक्ष ने भ्रम फैलाया। झूठे वादे किए और हमें आशा के अनुरूप परिणाम नहीं मिले। उन्होंने कहा कि झूठ और फरेब की उम्र लंबी नहीं होती। फरेबी विपक्ष के कारनामों के बारे में हमें घर-घर जाकर जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि 2027 में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत करनी पड़ेगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी : भूपेन्द्र चौधरी

लखनऊ। बैठक में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा दिखाते हुए अपना पूरा सहयोग दिया। जिसके कारण हमारा सौभाग्य है कि लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि यह समय चिंता करने का नहीं, बल्कि चिंतन करने का। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, यहां तो मेरे जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को संगठन में कार्य करते-करते पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। मैं प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष और शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूं जिन्होंने भरोसा जताते हुए अध्यक्ष के रूप में मुझे आप लोगों के साथ काम करने का अवसर दिया।

भाजपा का धर्म का ढोल अब फट गया: प्रो. रामगोपाल

संवाददाता सैफई, इटावा

- सपा नेता बोले- श्रीराम का इस्तेमाल करने वाली भाजपा को जनता ने नकारा

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा है कि सात राज्यों में हुए 13 सीटों के विधानसभा उपचुनाव के परिणामों ने साबित कर दिया है कि भाजपा का धर्म का ढोल फट गया है। आगे आने वाले चुनावों में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। वे रविवार को सैफई स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

यादव ने कहा कि अयोध्या से लेकर बद्रीनाथ तक भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा ने कर्नाटक चुनाव में बजरंगबली का इस्तेमाल किया लेकिन मुंह की खानी पड़ी है। बजरंगबली ने भाजपा की टांग तोड़ दी। श्रीराम का इस्तेमाल करने वाली भाजपा को जनता ने नाकार दिया है। श्रीराम जहां-जहां से गुजरे हैं सभी जगह पर भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक भाजपा को झटके पर झटके लग रहे हैं।

यादव ने कहा कि एक रिपोर्ट में पिछले 5 साल में देश भर में बिना कानून के 16 हजार मकान तोड़े गए हैं। एक दिन पाप का घड़ा फूट जाता है। हजारों लोग रोते रहे, कई मंदिर और मस्जिद भी तोड़ दिए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी को इसका खमियाजा हर हाल में भुगतना पड़ेगा।

अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए कातिलाना हमले पर कहा कि देश में किसी भी राजनीतिक रैली या विदेश में इस तरह की हिंसा की वारदातों पर सारी दुनिया को विरोध करना चाहिए, अगर इन हिंसक घटनाओं पर रोक नहीं लगी तो लोकतंत्र बच नहीं सकता है।

सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा देने में उत्तर प्रदेश नंबर वन

लखनऊ, अमृत विचार : सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा देने के मामले में प्रदेश ने देश में पहला स्थान बनाया है। प्रदेश को नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य के इंडिया इंडेक्स में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के 100 प्रतिशत घरों में बिजली पहुंचाने समेत ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस इंडेक्स के माध्यम से नीति आयोग राष्ट्रीय व राज्यों के स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं की सफलता का आकलन करते हुए राज्यों की रैंकिंग करता है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री व शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन के नेतृत्व में अभियंताओं के योगदान से यह उपलब्धि हासिल हुई है।

सार-संक्षेप

मिल्कीपुर उपचुनाव: सांसद अवधेश के पुत्र होंगे प्रत्याशी

मिल्कीपुर (अयोध्या), अमृत विचार : मिल्कीपुर उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने भाजपा से पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद के पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी होने की घोषणा की। यहां आयोजित बैठक में सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि फैजाबाद लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की जीत से पूरे देश में अयोध्या का सम्मान बढ़ा है। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में मिल्कीपुर की जनता भाजपा को दोहरी चोट देगी। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की असलियत को पहचान गई है।

निलंबित आईएएस टुटेजा आज न्यायालय में होंगे पेश

लखनऊ, अमृत विचार : छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा को उप्र. एसटीएफ रविवार को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रायपुर से मेरठ के लिए रवाना हो गई है। टुटेजा को एसटीएफ ने नकली होलोग्राम केस में गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ मेरठ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। वहीं इस मामले में दूसरे आरोपी नोएडा निवासी अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी को भी पेश किया जाएगा। इससे पहले एसटीएफ ने ढेबर और त्रिपाठी को तीन दिन की रिमांड पूरी होने के बाद 1 जुलाई क मेरठ न्यायालय में पेश किया था। सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोनों को 15 जुलाई तक जेल भेजा था। नकली होलोग्राम मामले में सोमवार यानी 15 जुलाई को यानी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और अरुण पति त्रिपाठी को एक साथ कोर्ट में पेश करने की तैयारी है।

लखनऊ : फ्लाइट रद होने पर यात्रियों ने किया हंगामा

लखनऊ, अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फ्लाइट रद होने से रविवार को यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यात्रियों ने बताया कि उन्हें करीब 6 घंटे तक परेशान होना पड़ा। एयरपोर्ट प्रशासन ने उन्हें मनाकर शांत कराया। एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई 0626 से मुंबई जाने के लिए यात्री लखनऊ एयरपोर्ट पर थे। पहले पता चला की फ्लाइट लेट है। करीब 6 घंटे के बाद फ्लाइट को कैंसिल कर दिया गया। जिसके बाद यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। मुंबई जाने वाली यह फ्लाइट दोपहर 2:00 बजे टेक ऑफ करने वाली थी, लेकिन अंतिम क्षणों में इसे निरस्त कर दिया गया था। लगभग छह घंटे से एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे यात्रियों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने नाराजगी जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

पत्नी और बेटे को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला

महाराजगंज, एजेंसी। महाराजगंज जिले के बृजमनगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटे की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और शवों को कमरे में बंद कर भाग गया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि बृजमनगंज थाना क्षेत्र के धानी बाजार इलाके में मनीष मिश्रा नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी विजय लक्ष्मी (40) और बेटे शौर्य मिश्रा (नौ) की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और दोनों शवों को कमरे में बंद कर भाग गया। उन्होंने बताया कि रविवार को पुलिस दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए ले गई। उनके अनुसार वारदात के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक ऐसा बताया जाता है कि आरोपी की मानसिक हालत ठीक नहीं है और अब उसकी तलाश की जा रही है।

फर्जीवाड़ा कर भर्ती हुए सिपाही पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

लखनऊ, अमृत विचार : वर्ष 2018 में हुई सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा का एक और मामला सामने आया है। विभागीय जांच और फोरेंसिक रिपोर्ट में फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। इसके आधार पर डिप्टी एसपी अम्बरीश सिंह भदौरिया ने आरोपी के खिलाफ हुसैनगंज जाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता के मुताबिक, डिप्टी एसपी उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने प्रार्थना-पत्र दिया। उन्होंने बताया कि आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर 2018 में सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित कराई गई थी। इसमें अभ्यर्थी मंगला प्रसाद, निवासी सरोईबाबू, भगौरा, जनपद मिर्जापुर ने भी प्रतिभाग किया था। मंगला प्रसाद के लिखित परीक्षा के समय लिए गए बायोमैट्रिक, फोटोग्राफ और अभिलेखों की जांच की गई थी। इसमें बायोमैट्रिक एवं फोटोग्राफ में भिन्नता मिली। जांच में पता चला कि मंगला ने अपने स्थान पर दूसरे व्यक्ति से परीक्षा दिलाई थी।

बलिया में जादू टोना के शक में हुई मारपीट एक महिला की मौत, चार लोग घायल

बलिया, एजेंसी। रेवती थाना क्षेत्र के एक गांव में जादू टोना को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट के दौरान एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में सात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बैरिया क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मोहम्मद उस्मान ने रविवार को बताया कि रेवती थाना क्षेत्र के हड़िया कला गांव में शनिवार की रात साढ़े नौ बजे जादू टोना को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ, जो मारपीट में तब्दील हो गया। उन्होंने कहा कि लाठी-डंडे से हुई इस मारपीट में गंभीर रूप से घायल राज मुनी देवी (45) की मौत हो गयी और उसके दो बेटों समेत चार अन्य घायल हो गये और घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधिवक्ताओं से अभद्रता पर हुआ देवरिया के जिलाधिकारी का ट्रांसफर, जताया आभार

प्रयागराज, अमृत विचार : बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं की ओर से मुख्यमंत्री को अधिवक्ता समाज के प्रति सकारात्मक रुख अपनाते हुए देवरिया के जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। दरअसल, अधिवक्ताओं के प्रति देवरिया के जिलाधिकारी के व्यवहार को लेकर अधिवक्ताओं के मध्य रोष व्याप्त था, जिसके कारण वह विगत कई दिनों से न्यायिक कार्य से विरत चल रहे थे। बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी व सदस्य हरिशंकर सिंह और अरुण कुमार त्रिपाठी की एक विशेष जांच समिति गठित की गई। समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर बार एसोसिएशन, देवरिया की कार्यकारिणी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल जिलाधिकारी का स्थानांतरण करने का अनुरोध किया था।

हड़ताल के दौरान निलंबित अवर अभियंता शीघ्र बहाल किए जाएं: जेई संगठन

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में हड़ताल के दौरान निलंबित अवर अभियंताओं को शीघ्र बहाल किया जाए। रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह मांग उठी। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष जीवी पटेल ने भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश में रिकॉर्ड 30 हजार मेगावाट से अधिक की बिजली आपूर्ति किए जाने व नई उत्पादन परियोजनाओं के क्षमता विस्तार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि इस कीर्तिमान में जूनियर इंजीनियर व प्रोन्नत अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि मार्च 2023 में हुए ध्यानाकर्षण आंदोलन के कारण की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को ऊर्जा मंत्री के आश्वासन के अनुरूप अविलंब समाप्त कराया जाए।

लोडर ने युवक को तीन किमी घसीटा, मौत

हमीरपुर, अमृत विचार: कालपी हमीरपुर हाईवे पर तेज रफ्तार लोडर ने 22 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। युवक लोडर के कुंडे में फंस जाने से तीन किमी तक गाड़ी के नीचे घिसटता चला गया और उसकी मौत हो गई।

वर्ग पहेली-131

बाएं से दाएं

3. शुभ अवसरों पर ख़ासकर औरतों द्वारा पैर में लगाया जाने वाला महावर जैसा लाल रंग।
5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, निरादृत 2. तिरस्कृत, ज़लील, (इनसल्टेड)।
7. 1. निकट, पास, समीप, नज़दीक 2. लगभग, प्राय:।
9. 1. दो चीज़ों के योग या मिश्रण से बनने वाली नई चीज़ 2. दो जातियों का मिश्रण, (हाइब्रिड) 3. दोगला।

ऊपर से नीचे

1. 1. ढीलने की क्रिया या भाव, बंधन को ढीला करने की स्थिति 2. शिथिलता, ढिलाई 3. उत्साहहीनता, सुस्ती 4. व्यवहार संबंधी छूट या स्वतंत्रता 5. व्यर्थ का विलंब या देरी 6. माफ़ीदार
2. अरबी-फ़ारसी लिखावट 'इ'
3. न्यायालय द्वारा प्रस्तुत किया गया वह पत्र जिसमें किसी पर लगाए हुए आरोपों का विवरण होता है।
4. 1. एक प्रकार की दाल, खेसारी 2. दुबिया मटर 3. कोमल पतला पौधा।
6. 1. झुंड, समूह 2. ढेर, राशि 3. कोश, निधि।
8. 1. चमकदार चटक पीला रंग 2. पीला कपड़ा।



वर्ग पहेली -130 का हल

1 था	ह	रा			2 के	
			3 म	झो	ला	
	4 खां	डि	क		स	
5 ही			तू			
ही		6 पा	ल	तू		
		ख़ा				
7 सू	ख	ना		8 टा	प	

जीवन का एक-एक पल महत्वपूर्ण इसे बर्बाद न करें : महेश योगी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल और अमृत विचार समाचार पत्र समूह के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने रविवार को परिजनों के साथ रामलला के दर्शन किए। भव्य व दिव्य मंदिर निर्माण की प्रशंसा करते हुए बताया कि दर्शन से मन को बहुत शांति मिली। इससे पहले सभी ने कनक भवन में भी दर्शन-पूजन किया।

सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी के संत योगाचार्य स्वामी महेश योगी से सभी लोगों ने मुलाकात कर उनसे अध्यात्म-योग पर गहन चर्चा की। महेश योगी ने कहा कि जीवन में सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है कि सकारात्मक सोच के साथ कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जीवन का एक-एक पल बहुत महत्वपूर्ण है। इसका सदुपयोग करें और एक भी मिनट बर्बाद न करें। स्वामी महेश ने यह भी बताया कि 20 जून 2024 को 13 हजार डुबकी सरयू में लगाकर व 5 जुलाई को 19 घंटे लगातार कपालभाति कर वह वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुके हैं। स्वामी ने परिवार के सभी सदस्यों को रामनामी ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। दर्शन-पूजन करने वालों में डॉ. सारिका अग्रवाल, किरन अग्रवाल, अनूप कुमार अग्रवाल, ममता अग्रवाल, किरण बाला गर्ग, अनिल अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, युक्ति, चीना गर्ग, सुगंधा अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, मोहित गर्ग, शिल्पी मित्तल, वर्चस्व गर्ग, मनमोहन गर्ग, रजनी गुप्ता, कनुप्रिया अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, मुक्ता अग्रवाल, पारुल सिंह, मनिका सिंह, कनिका सिंह, चारू अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, विमल कुमार सिंह, वानी अग्रवाल, हृदय अग्रवाल, वियोम अग्रवाल आदि शामिल थे।

कनक भवन अयोध्या में दर्शन-पूजन के बाद बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल और अमृत विचार समाचार पत्र समूह के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल परिवार के सदस्यों के साथ। ● अमृत विचार

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति ने परिजनों के साथ स्वामी योगी से की मुलाकात

इंटरनेट से जुड़ेंगी प्रदेश की 16,718 ग्राम पंचायतें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विशेष सहायता योजना के तहत शुरू हुई प्रक्रिया

अमृत विचार : राज्य पूंजी निवेश 2022-23 के लिए विशेष सहायता योजना अंतर्गत प्रदेश की 16,718 ग्राम पंचायतें जल्द इंटरनेट से जुड़ेंगी। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग ने बीएसएनएल से 30 मई 2024 को हुए अनुबंध के तहत प्रक्रिया शुरू कर दी है।

विशेष सहायता योजना में एक ग्राम पंचायत में पांच फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन दिए जाएंगे। जो पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय आदि में होंगे। इसका संबंधित विभाग शुल्क लेगा। जबकि हर ग्राम पंचायत में एक वाईफाई दिया जाएगा, जो ग्रामीण निशुल्क इस्तेमाल करेंगे। पंचायती राज विभाग के साथ गांव भी चयनित हो गए हैं। जो दूर-दराज व सीमा किनारे होने के कारण इंटरनेट सेवा से दूर हैं। प्रबंध निदेशक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग नेहा जैन ने बताया कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन कामकाज होंगे और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

पहले चरण में 6,689 ग्राम पंचायतें

सरकार ने यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड को नोडल नामित किया है। इसके माध्यम से यह कार्य दो चरणों में होगा। पहले चरण में मार्च 2025 तक 6,689 ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर केबल से इंटरनेट कनेक्शन दिया जाएगा। दूसरे चरण में 10,029 ग्राम पंचायतों पर काम होगा। इससे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट की जरूरत पूरी होगी। साथ ही गांव-गांव एफटीटीएच पहुंचने पर निजी व सरकारी कनेक्शन भी दिए जाएंगे।

सुडोकू-44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7			4	9	1		
2		5					4	
1		6			3			7
				1		9		3
	8		4		5		7	
5		1		2				
4			8			7		5
	1					8		6
		3	7	6			1	

सुडोकू -43 का हल

4	7	3	9	8	1	2	6	5
2	8	6	5	3	7	1	9	4
9	1	5	4	6	2	8	3	7
7	3	1	2	5	8	9	4	6
8	9	2	7	4	6	3	5	1
6	5	4	3	1	9	7	2	8
5	2	8	6	7	3	4	1	9
3	6	7	1	9	4	5	8	2
1	4	9	8	2	5	6	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 19 .19 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 16 जुलाई 00 .30 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज सगे संबंधियों के द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। समाज में नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। राजनीतिक क्षेत्र में लोगों को कोई महत्वपूर्ण पद मिल सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा।

वृष — आज व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने से लाभ के योग बनेंगे। संयम पूर्वक विपरीत परिस्थितियों का सामना करें। दूसरे लोगों का अपने जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप न होने दें।

मिथुन — आज नौकरी में पदोन्नति के साथ मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों को कोई बेहद शुभ समाचार मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी। सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे।

कर्क — आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। भवन निर्माण के कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। किसी सरकारी योजना में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में किसी अधूरे कार्य के संपन्न होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी।

सिंह — आज कोई अधूरा कार्य पूरा हो सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। भवन निर्माण के कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

कन्या — आज घर में कोई मांगलिक कार्य जैसे शादी या संतान के योग बन रहे हैं। मित्रों से सहयोग तथा बिगड़े हुए कार्य बनने के योग हैं। मन की एकाग्रता बनी रहेगी। सामाजिक कार्यों में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी।

तुला — आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। नवीन उद्योग धंधे को लेकर अधिक व्यस्तता रहेगी। शासन सत्ता में बैठे व्यक्ति से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में आई बाधा दूर होगी। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी।

वृश्चिक — आज आपकी कोई पुरानी इच्छा पूर्ण होगी। विरोधियों से सावधान रहें। विद्यार्थी वर्ग को शुभ समाचार मिलेगा। निर्माण संबंधी कार्य की बाधा किसी वरिष्ठ परिजन की सहयोग से दूर होगी। घर के सभी लोगों में सामंजस्य बनाकर रखें।

धनु — आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में भागदौड़ करने की आवश्यकता रहेगी। मित्रों के साथ मिलकर कार्य करना लाभदायक होगा। अपने बुद्धि विवेक से निर्णय लें। किसी के बहकावे में न आए। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

कुंभ — आज मित्रों के साथ व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। कोई भी काम जल्दबाजी में न करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है।

मीन — आज का दिन आपके लिए संघर्ष युक्त रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य में विभिन्न बाधाएं आएगी। समस्याओं को अधिक समय तक न बढ़ने दें। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ मतभेद आदि बढ़ सकते है। सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मेला — सुबह : 11.11
कल किसने देखा — शाम : 04 .37

&pictures
मि. एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11.09
द ताशकंद फाइल्स — रात : 08 .00

SONY PIX
वंडर वुमेन 1984 — सुबह : 11.04
क्लैश ऑफ द टाइटंस — शाम : 04 .51

ZEE CINEMA
गदर — दोपहर : 12 .54
भोला — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
ब्रदर्स — सुबह : 09 .49
गॉडफादर — रात : 07 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 12 .54 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

एक नजर

छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में स्कूल का शिक्षक गिरफ्तार

महिसागर (गुजरात)। महिसागर पुलिस ने सरकारी स्कूल के शारीरिक प्रशिक्षक को 16 वर्षीय छात्रा का यौन उत्पीड़न करने तथा धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक कमलेश वसावा ने बताया कि लोगों ने जिले के वीरपुर तालुका के रंजीतपुरा गांव स्थित उच्च विद्यालय में तोड़फोड़ की। शिक्षक नाबालिग को परेशान कर उस पर उससे संबंध बनाने और चैटिंग के लिए दबाव डाल रहा था।

अनंतनाम में 30 साल के बाद खोला गया देवी उमा भगवती का मंदिर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित देवी उमा भगवती का मंदिर 30 साल से अधिक समय बाद रविवार को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में फिर से खोला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार कार्य के बाद उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। राजस्थान से लाई गई देवी उमा की मूर्ति को धार्मिक मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह में स्थापित किया गया।

ग्वालियर के विद्यालय में छात्र के साथ कुकर्म

ग्वालियर। जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय के 9वीं के छात्र से वरिष्ठ विद्यार्थी ने कथित तौर पर कुकर्म किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना स्कूल के स्वास्थ्य केंद्र के बाशरूम में शनिवार को घटी। एएसपी निरंजन शर्मा ने कहा कि स्कूल प्राचार्य की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। 12 वर्षीय पीड़ित और आरोपी दोनों नाबालिग हैं और विद्यालय के छात्रावास में रहते हैं।

एनआरए की निष्क्रियता पर सरकार का मौन क्यों नहीं टूटता : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी को लेकर मोदी सरकार को कठघरे में किया खड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चार साल पहले जिस एजेंसी को करोड़ों युवाओं के लिए वरदान बता रहे थे, वह आज किस वजह से निष्क्रिय हुई है इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

खरगे ने कहा कि मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि एनआरए की घोषणा करते हुए आपने अगस्त 2020 में कहा था - एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान है। सामान्य पात्रता परीक्षा से यह कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा और कीमती समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा। इससे पारदर्शिता को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मोदी से सवाल करते हुए कहा कि एनआरए ने चार वर्षों से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई। क्यों एनआरए को 1,517.57 करोड़ का फंड देने के बावजूद केवल 58 करोड़ ख़र्चा हुआ है। क्या जानबूझकर इसको निष्क्रिय रखा गया ताकि एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस युवाओं से उनके आरक्षण का हक़ छीना जा सके।

एनआरए ने चार वर्षों में एक भी परीक्षा नहीं कराई

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का बीड़ा उठाया है। एनआरए ने चार वर्षों में एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई। खरगे ने जोर दिया था कि तीन से चार वर्षों में 8 करोड़ नई नौकरियों के सृजन ने बेरोजगारी के बारे में फर्जी बातें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। एनटीए के जरिये धांधली, पेपर लीक व घोटाला कराया गया और एनआरए से परीक्षा ही नहीं करवाई गई। एनटीए नीट-यूजी जैसी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विवाद में है। जयराम रमेश ने एक्स पर मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें दावा किया गया था कि एनआरए ने 58 करोड़ खर्च करने के बावजूद एक भी परीक्षा नहीं कराई है।

सादगी से निकाह कर समाज में पेश करें मिसाल : पर्सनल लॉ बोर्ड

- बुलढाणा में मेडिकल छात्र-छात्रा के निकाह को आदर्श बताकर बोर्ड ने अमल में लाने को कहा

संवाददाता, मुंबई

अमृत विचार: ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुलढाणा में हुए सादगी भरे निकाह को बतौर मिसाल पेश करके लोगों के सामने निकाह को आसान बनाने का फार्मूला रखा है। बोर्ड ने गुजारिश की कि यदि शरीयत पर कायम रहकर सादगी से निकाह की रस्म पूरी करेंगे तो लड़की वाले कभी दावत, दहेज के बोझ से कर्जदार नहीं होंगे और निकाह के बाद दोनों पक्षों की जिंदगी खुशगवार बनी रहेगी।

बुलढाणा में शनिवार को मोहम्मद इब्राहिम नूर के एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत बेटे मोहम्मद आदिल का निकाह बारहदारी, मिलकापुर निवासी मोहम्मद जाकिर कलीम की मेडिकल छात्रा बेटी के साथ बेहद सादगी में मस्जिद-ए-मदीना, सैकलपुरा मिलकापुर में शरीअत के मुताबिक संपन्न हुआ। इस शादी की लोगों को जानकारी तो दी गई लेकिन सिर्फ लड़के-लड़की की बेहतरी के लिए दुआ करने को कहा गया। पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस निकाह को आदर्श बताकर लोगों से दहेज की बुराई खत्म करने और फिजूलखर्ची से बचने का आह्वान किया है।

आसान और मस्नून निकाह के लिए अभियान चला रहा बोर्ड

बोर्ड की इस्लाह-ए-मुआशरा (समाज सुधार) कमेटी ने आसान और मस्नून निकाह के अपने अभियान में इस निकाह को शामिल करते हुए गुजारिश की कि वे इस फार्मूले को अपनाकर कजर्दार होने से बचें। निकाह का उद्देश्य दीन और ईमान की हिफाजत तथा फितनों से बचने की कोशिश है। शरीअत ने निकाह सादगी से करने और फिजूलखर्ची से बचने का हुक्म दिया है। कुरआन में भी इसराफ (फिजूलखर्ची) से मना किया गया है।

वलीमा में दिखावा से बचें

बोर्ड का कहना है कि वलीमा में दिखावा और फिजूलखर्ची नहीं होनी चाहिए। वलीमा में गरीबों को बुलाना चाहिए। रसूल (स.अ.व.) ने फरमाया है 'बुरी दावत वह है जिसमें सिर्फ अमीरों को बुलाया जाए।' वलीमा घर पर करें, हॉल में नहीं। हॉल में कई गैर इस्लामी काम होते हैं। इसी तरह हदया और तोहफों में दिखावे से बचें।

आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

चेन्नई,एजेंसी

- तमिलनाडु में बसपा इकाई के अध्यक्ष की 5 जुलाई की रात को छह बदमाशों ने की थी हत्या

तमिलनाडु में बसपा इकाई के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल मुख्य आरोपियों में से एक थिरुवेंगदम रविवार सुबह उत्तरी चेन्नई में माधवरम क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई की रात को छह सदस्यीय गिरोह ने हत्या कर दी थी।

सीबीसीआईडी-पुलिस जांच कर रही है और अब तक 11 लोग गिरफ्तार किए गए। पुलिस हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद करने के लिए थिरुवेंगदम को उसके बताये गए स्थान पर ले गई तो आरोपी ने भागने के प्रयास में पुलिस उपनिरीक्षक पर हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जिससे आरोपी मारा गया। थिरुवेंगदम और 10 अन्य लोग 11 जुलाई से पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में है। वी पोन्नई बालू, के मणिवन्नन, थिरुवेंगडम, डी रामू, जे संतोष, एस थिरुमलाई, जी अरुल, डी सेल्वराज ने हत्या के तुरंत बाद आत्मसमर्पण कर दिया था।

लाल बत्ती लगाकर प्रयुक्त हुई आईएएस पूजा की कार जब्त

पुणे(महाराष्ट्र)। पुणे पुलिस ने विवादों में रहीं आईएएस की परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर द्वारा कथित तौर पर लाल बत्ती लगाकर इस्तेमाल की गई लग्जरी कार रविवार को जब्त कर ली। पुणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने शहर की निजी कंपनी को नोटिस जारी किया था। खेडकर की यहां नियुक्ति के दौरान उनके द्वारा इस्तेमाल की गई ऑडी इसी कंपनी के नाम से पंजीकृत है।

अधिकारियों के अनुसार पंजीकृत उपयोगकर्ता का पता हवेली तालुका के शिवाने गांव था। खेडकर हाल में पुणे में अपने पदस्थापन के दौरान अलग कक्ष और कर्मचारी जैसी मांगों को लेकर विवाद खड़ा करने के बाद चर्चा में रही थीं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने जाने के लिए उन्होंने दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा का कथित तौर पर दुरुपयोग किया था। खेडकर ने ऑडी पर लाल बत्ती का इस्तेमाल किया और बिना अनुमति उसपर महाराष्ट्र सरकार भी लिखवाया था।

ईडी ने अपने कार्यालयों में 29 अफसरों को किया नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देश भर में स्थित अपने कार्यालयों में विभिन्न पदों पर 24 से अधिक नवनियुक्त और हाल ही में पदोन्नत हुए अधिकारियों को तैनात किया है। ईडी ने पिछले सप्ताह सहायक निदेशक, उप-निदेशक और संयुक्त निदेशक के पदों पर कुल 29 अधिकारियों को नियुक्त किया था। इसमें ईडी कैडर के नौ अधिकारी हैं, जिन्हें केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पदोन्नत किया था।

एजेंसी में पहली बार हुआ है जब इतने सारे अधिकारियों को संयुक्त निदेशक (जेडी) बनाया गया है। आदेश के मुताबिक, कैडर के अधिकारियों को भुवनेश्वर, रायपुर, भोपाल, चेन्नई, गुवाहाटी स्थित कार्यालयों और दिल्ली स्थित मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। ईडी में संयुक्त निदेशक एक महत्वपूर्ण पद है, जो धनशोधन से जुड़े मामले और विदेशी मुद्रा उल्लंघन से संबंधित जांच की निगरानी करते हैं।

युवक ने स्वयं को आईपीएस बता जींद में कालेज छात्रा की लूटी अस्मत

- राजस्थान के युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए हरियाणा की छात्रा से की दोस्ती

सिरसा। हरियाणा के पड़ोसी राज्य राजस्थान के हनुमानगढ़ के अजय नामक युवक ने स्वयं को आईपीएस अफसर बताकर इंस्टाग्राम के जरिए हरियाणा के जींद की एक कॉलेज छात्रा से फ्रेंडशिप कर ली। छात्रा से मिलने जींद चला आया। छात्रा को होटल में ले गया और छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक ने अश्लील वीडियो भी बना ली।

जींद शहर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिंह ने बताया कि पीड़ित युवती जींद सदर थाना अंतर्गत एक गांव की है तथा जींद शहर में कालेज में पढ़ती है। स्वयं को आइपीएस बताने वाला युवक छात्रा को सरकारी नौकरी का झांसा देकर 3 लाख रुपए व जेवरात भी ले गया।

क्रॉस वोटिंग पर पटोले बोले- गद्दारों की पहचान हो गई, चुकानी होगी कीमत

मुंबई, एजेंसी

- कांग्रेस ने स्वीकारा कि क्रॉस-वोटिंग हुई है और वे अब कार्रवाई करेंगे : संजय राउत

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि हाल में विधान परिषद की 11 सीटों पर हुए चुनाव में 'क्रॉस-वोटिंग' करने वाले पार्टी के गद्दारों की पहचान हो गई है और उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पटोले ने शनिवार को दावा किया कि इन्हीं गद्दारों ने दो साल पहले विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस नेता चंद्रकांत हंडोरे की हार सुनिश्चित की थी।

पटोले ने किसी का नाम लिए बिना कहा, इस बार जाल बिछाया गया और उनकी पहचान की गई है। उन्हें सजा दी जाएगी ताकि कोई भी फिर से विश्वासघात करने की हिमाकत न करे। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया है कि क्रॉस-वोटिंग हुई है और वे कार्रवाई करेंगे। राउत ने आरोप लगाया, क्या अयोग्य घोषित किये जाने का सामना कर रहे विधायकों द्वारा विधान परिषद सदस्य चुना जाना असंवैधानिक नहीं है। विधायकों को खरीदना असंवैधानिक नहीं है।

असमः बाढ़ में सुधार, तेजी से घट रहा पानी

गुवाहाटी, एजेंसी

- बाढ़ से 8,40,000 से अधिक लोग प्रभावित, अब तक 107 की हो चुकी है मौत

असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार जारी रहा और जलस्तर तेजी से घट रहा है। गुवाहाटी स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने बराक घाटी और मध्य असम के कुछ जिलों में बारिश की भविष्यवाणी के अलावा कोई चेतावनी जारी नहीं की है। शनिवार रात असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार धेमाजी जिले के गोगामुख राजस्व सर्कल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अब तक कुल 107 लोगों की मौत हो चुकी है।

बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर और दक्षिणी सलमारा जिलों में बाढ़ से 8,40,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि कछार सबसे अधिक प्रभावित है, जहां लगभग डेढ़ लाख लोग बाढ़ से पीड़ित हैं, इसके बाद धुबरी में 1.27 लाख लोग और नागांव में 88,500 से अधिक लोग बाढ़ से पीड़ित हैं। प्रशासन 13 जिलों में 221 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहा है, जिसमें 72046 लोग है।

लोस में गौरव गोगोई बने कांग्रेस के उपनेता सुरेश मुख्य सचेतक

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने रविवार को सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाने के साथ ही पार्टी सांसद के. सुरेश को मुख्य सचेतक तथा दो सचेतक नियुक्त किए।

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में कांग्रेस के उपनेता, मुख्य सचेतक और सचेतकों की नियुक्ति के बारे में सूचित किया है।

जीटीबी अस्पताल में गोली मारकर मरीज की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- मामला दर्ज कर दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए गठित की टीम

राजधानी दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में गोली मारकर एक मरीज की हत्या कर दी गई। रियाजुद्दीन (23) को 23 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वार्ड नंबर 24 में उसका पेट में संक्रमण का उपचार किया जा रहा था। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि वार्ड नंबर 24 में शाम को करीब 4 बजे 18 वर्षीय एक युवक आया था और रियाजुद्दीन पर गोली चला दी। डीसीपी ने कहा कि मामला दर्ज किया जा रहा है और हमलावर को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं। प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का लग रहा है।

इस बीच, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सभी अस्पतालों की सुरक्षा समीक्षा की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने वार्ड में घुसकर मरीज को गोली मारी और भाग गए।

कारोबार/कृषि

एक नजर

10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करे झारखंडः केंद्र

नई दिल्ली। खान मंत्रालय ने झारखंड सरकार से सोने की खदान सहित 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करने को कहा है। साथ ही मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य ऐसा करने में विफल रहा, तो केंद्र इन खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। सूत्रों ने कहा कि ये ब्लॉक खोज के जी2 (सामान्य) और जी3 (प्रारंभिक) स्तर के हैं। 10 ब्लॉक में एक तांबे की खदान, एक चूना पत्थर की खदान और एक ग्रेफाइट खदान शामिल है। 2021 में खनन नियमों में संशोधन के अनुसार, यदि राज्य सरकार पारस्परिक रूप से सहमत अवधि के भीतर खदानों की नीलामी करने में विफल रहती है, तो केंद्र के पास खनिज ब्लॉक की नीलामी करने का अधिकार है।

मर्सिडीज की भारत में और ईवी असेंबल की योजना

नई दिल्ली। जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज न केवल लागत लाभ हासिल करने बल्कि शून्य उत्सर्जन वाले परिवहन और कार्बन निरपेक्षता लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देश में अपने संयंत्र में अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को असेंबल करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया फिलहाल अपने चाकन संयंत्र में अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक लक्जरी सेडान ईक्यूएस को असेंबल करती है।

2030 तक डिजिटल भुगतान होगा 7,000 अरब डॉलर

नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में भारत में खुदरा डिजिटल भुगतान 2030 तक मौजूदा स्तर से दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कीर्ने और अमेज़न पे ने अपने एक अध्ययन में यह बात कही है।

बजट सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक

कंपनियों को स्वास्थ्य या सामान्य बीमा पॉलिसियों को अंडरराइट करने की मिलेगी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

- इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता

सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी। बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं।

इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है। सूत्रों ने बताया कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है। वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि इसे आगामी सत्र में पेश किया जाएगा।

आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करे सरकार

कोलकाता। प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के निकाय ने सरकार से आगामी बजट में आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के अध्यक्ष नारायण जैन ने रविवार को कहा कि सरकार को आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करना चाहिए। उन्होंने अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जैन ने वित्त मंत्री दिए ज्ञापन में कहा कि पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय पर 10 प्रतिशत, 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के लिए 20 प्रतिशत और 20 लाख रुपये से अधिक की आय पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाए। जैन कलकत्ता सिटीजंस इनिशिएटिव के भी अध्यक्ष हैं।

महंगाई को ध्यान में रख मानक कटौती किए जाए एक लाख

नई दिल्ली। परामर्श एजेंसी केपीएमजी ने उम्मीद जताई है कि 23 जुलाई को संसद में पेश होने वाले आम बजट 2024-25 में मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये किए जाने, आवास ऋण पर दिए जाने वाले ब्याज पर कर छूट बढ़ाने और पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने की उम्मीद है। केपीएमजी ने एक टिप्पणी में कहा कि चिकित्सा व्यय, ईंधन लागत और समग्र मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे में व्यक्तिगत व्यय में हुई बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए मानक कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किए जाने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि अधिक खर्च करने योग्य आय उपभोक्ताओं के हाथ में देने के लिए उम्मीद है कि नयी कर व्यवस्था के तहत मूल कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया जाएगा।

एफपीआई ने पहले पखवाड़े में शेयरों में किए 15,352 करोड़ रुपये निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुधार की प्रतिबद्धता व मजबूत मांग से एफपीआई का भारतीय बाजार में प्रवाह बढ़ा

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजारों में 15,352 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। सरकार की सुधारों को जारी रखने की प्रतिबद्धता और मजबूत घरेलू मांग से एफपीआई का भारतीय बाजार में प्रवाह बढ़ा है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए आम बजट आर्थिक वृद्धि के लिए सरकार की योजनाओं को समझने का सबसे प्रमुख घटनाक्रम है।

डिपॉजिटरी के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (12 जुलाई तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 15,352 करोड़ रुपये डाले हैं। इससे पहले जून में उन्होंने शेयरों में 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया था। आम चुनाव को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने मई में शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की थी। एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉण्ड बाजार में 8,484 करोड़ का निवेश किया है। इससे इस साल अबतक बॉण्ड बाजार में उनका निवेश 77,109 करोड़ पहुंच गया। एफपीआई ने जनवरी, अप्रैल और मई में कुल मिलाकर 60,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।

एमटीएनएल के बॉण्ड ब्याज का भुगतान करेगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी राशि : सूत्र

सरकार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के बॉण्ड बकाया का भुगतान करेगी। दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एमटीएनएल के सामने खड़ा संकट टल जाएगा।

कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष से कुछ बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई, 2024 को देय है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने कहा कि सरकार कदम उठाएगी और उक्त बकाया का भुगतान करेगी, और जोर देकर कहा कि इसपर कोई चूक नहीं होगी। एमटीएनएल ने कहा कि टीपीए के प्रावधानों के मद्देनजर, यह सूचित किया जाता है कि अपर्याप्त कोष के कारण, एमटीएनएल एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं कर सकी है।

इंडियन ऑयल ने रेसिंग कार के ईंधन स्टॉर्म-एक्स का शुरू किया उत्पादन

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल ने एड्रेनालाइन-पंपिंग मोटर रेसिंग के ईंधन का उत्पादन शुरू किया है और इसकी पहली खेप भेज दी है। कंपनी ने कहा कि ओडिशा के पारादीप में उसकी रिफाइनरी ने स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू कर दिया है।

यह हाई-ऑक्टेन पेट्रोल विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के निदेशक वी सतीश कुमार ने स्टॉर्म-एक्स की पहली खेप को रवाना किया। आईओसी की ईंधन बाजार में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

10 में 7 कंपनियों की पूंजी 1.72 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सबसे अधिक लाभ में आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस रही

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,72,225.62 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 522.74 अंक या 0.65 प्रतिशत के लाभ में रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजी 62,393.92 करोड़ बढ़कर 15,14,133.45 करोड़ रुपये पहुंच गया। टीसीएस का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रहा है। शुक्रवार को टीसीएस का शेयर 7 प्रतिशत चढ़ा। आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 31,858.83 करोड़ रुपये बढ़कर 5,73,258.78 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 26,905.14 करोड़ बढ़कर 7,10,827.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि एलआईसी 22,422.12 करोड़ रुपये बढ़कर 6,64,947.01 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर 17,668.92 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,156.81 करोड़ रुपये पर और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 9,066.19 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 21,60,628.75 करोड़ पर पहुंच गया। भारती एयरटेल 1,910.5 करोड़ रुपये बढ़कर 8,15,705.36 करोड़ रुपये हो गई।

इन कंपनियों की बाजारी पूंजी में आई गिरावट

एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 18,069 .29 करोड़ रुपये घटकर 12,35,825 .35 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 356 .99 करोड़ रुपये घटकर 7,67,204 .26 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 210 .5 करोड़ रुपये घटकर 8,67,668 .16 करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

अल्काराज ने जीता चौथा ग्रैंडस्लैम

लंदन, एजेंसी

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से हराकर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विंबलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह ऑल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था जिसमें अल्काराज ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था।

सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेला गया फाइनल अल्काराज के लिए काफी आसान रहा जिसमें दर्शकों में कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन ने ट्रॉफी भेंट की। अल्काराज सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाए, पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2022 अमेरिकी ओपन में किशोर के तौर पर अपना पहला स्लैम खिताब जीता था। किसी भी खिलाड़ी ने 22 साल का होने से पहले उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीते हैं। इससे मेजर फाइनल्स में उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया। वहीं 37 वर्षीय जोकोविच अपने आठवें विंबलडन और 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब से चूक गए। वह सर्जरी हुए घुटने पर पट्टी लगाए थे।

● लगातार दूसरे विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराकर कार्लोस बने चैंपियन

<< अल्काराज को विंबलडन की ट्रॉफी भेंट करतीं वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन।

सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने जीता महिला युगल खिताब

लंदन। कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। वहीं, हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता।

ओलंपिक का जश्न मनाने के लिए मैराथन

PARIS 2024

ओलंपिक 12 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के ओलंपिक अभियान और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां पेरिस में भारत मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान करता है। इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ जोड़ना है। इस अवसर पर गिरिराज ने कहा डिजिटल इंडिया के बढ़ते अवसर ईस्पोर्ट्स जैसे नए खेलों का लाभ उठाने की बहुत संभावनाएं प्रदान करते हैं।

हजारों युवाओं ने भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ लिया मैराथन जश्न में हिस्सा। ● एजेंसी

खेल डायरी

अंशुमन की मदद के लिए बीसीसीआई ने बढ़ाए हाथ

मुंबई। कैंसर से लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ की मदद के लिये भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाथ बढ़ाए हैं। बीसीसीआई पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता देगा। यह निर्णय 71 वर्षीय दिग्गज के समर्थन में क्रिकेट जगत और प्रशंसकों की व्यापक अपील के बाद आया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान समर्थन और सांत्वना देने के लिए गायकवाड़ के परिवार से व्यक्तिगत रूप से बात की। शाह ने कहा बीसीसीआई शीर्ष परिषद ने वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है, और हमने गायकवाड़ के इलाज के लिए तत्काल प्रभाव से एक करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमें विश्वास है कि वह इस बीमारी से उबरेंगे और मजबूत होकर उभरेंगे। प्रसिद्ध बल्लेबाज और कोच गायकवाड़ ने 1975 और 1987 के बीच 40 टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

सनीथ, तस्नीम ने वीवी नाटू मेमोरियल में जीते खिताब

पुणे। कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर खिताब जीता। तस्नीम ने बेंगलुरू में पिछला रैंकिंग टूर्नामेंट जीतने वाली देविका को महिला एकल फाइनल में 21-16, 21-13 से हराया। असम के सूरज गोएला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने पुरुष युगल खिताब जीता जबकि महिला युगल खिताब आरती सारा सुनील और वीएस वर्षिणी की जोड़ी के नाम रहा। शिखा गौतम और नितिन कुमार की दूसरी वरीय जोड़ी ने मिश्रित युगल खिताब जीता।

अनहत और शौर्य स्क्वाश चैंपियनशिप के चौथे दौर में

नई दिल्ली। भारत की अनहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कियों और लड़कों के वर्ग के चौथे दौर में प्रवेश किया। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनहत ने तीसरे दौर में अमेरिका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना जापान की अकारी मिडोरिकावा से होगा। वहीं बावा ने तीसरे दौर में अमेरिका के रस्टिन विसर को 4-11, 11-7, 12-10, 11-6 से पराजित किया जिससे प्री क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टाबेल्स से होगी।

पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का निधन



लाहौर। पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का शुक्रवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1964 और 1967 के बीच चार टेस्ट खेले और टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले पाकिस्तान के पहले बल्लेबाज थे। इबादुल्ला ने 1964 में कराची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और पहली पारी में 166 रन बनाए। वह अपने साथी डेब्यूटेंट और विकेटकीपर अब्दुल क़ादिर के साथ 249 रन की ओपनिंग साझेदारी का हिस्सा थे। यह साझेदारी एक कीर्तिमान थी, जो आज तक कोई भी नहीं तोड़ पाया है। यह टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए दो पदार्पण करने वालों बल्लेबाजों के बीच की सर्वोच्च साझेदारी थी।

आखिरी टी-20 में भारत ने जिम्बाब्वे को 42 रन से हराया, 4-1 से कब्जाई ट्रॉफी, मुकेश ने चटकाए चार विकेट

भारतीय युवा ब्रिगेड ने जीती श्रृंखला

हरारे, एजेंसी

संजू सैमसन (58) की मुश्किल समय में खेली गई अर्धशतकीय पारी और मुकेश कुमार (22 रन पर चार विकेट) की उम्दा गेंदबाजी की मदद से भारत ने पांचवें टी-20 मैच में रविवार को जिम्बाब्वे को 42 रन से धो दिया और इसके साथ ही भारत की युवा ब्रिगेड ने सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया।

हरारे स्पोर्टस क्लब मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुए छह विकेट पर 167 रन बनाए जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की पूरी टीम 125 रन पर सिमट गई। भारत की युवा टीम ने विदेशी दौरे में शानदार प्रदर्शन किया। पहला टी-20 मैच हारने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पलटवार करते हुए सीरीज के बचे हुए सभी चार मैच एकतरफा अंदाज में जीते। आज के मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम एक समय 40 रन पर तीन अहम विकेट गंवा कर मुश्किल में फंस गई थी। ऐसे में संजू ने एक छोर संभाल कर मेजबान गेंदबाजी आक्रमण का संयम से सामना किया और रियान पराग (22) के साथ भारत के स्कोर को तीन अंको तक पहुंचाया। ब्लेसिंग मुजाराबानी की गेंद पर आउट होने से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज ने कई दर्शनीय शाट्स खेले जिसमें उनके चार ऊंचे छक्के शामिल थे। रियान के आउट होने के बाद संजू का साथ देने आए शिवम दुबे (26) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और महज 12 गेंदो की पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े, हालांकि वह पारी के आखिरी ओवर में रन चुराने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे लेकिन दूसरे छोर पर रिंकू सिंह (11 नाबाद) ने स्कोरबोर्ड को 167 रनो तक पहुंचाने में सफलता हासिल की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे का पहला विकेट पहले ही ओवर में मुकेश कुमार ने झटक कर अपने इरादे जता दिए थे। मुकेश ने स्पेल के अगले ओवर में ब्रायन बेनेट (10) को चलता कर मेजबान टीम को दूसरा झटका दिया। तड़िवनाशे मारुमानी (27) और डिओन मेयर्स (34) ने कुछ देर तक भारतीय आक्रमण के सामने टिकने की कोशिश की लेकिन वशिंगटन सुंदर ने मारुमानी को पगबाधा आउट कर पनप रही साझीदारी का अंत किया। कप्तान सिंकदर रजा (8) को शिवम ने सीधे थ्रो से रन आउट किया। मेयर्स की पारी का अंत शिवम दुबे ने ही किया। पुछल्ले बल्लेबाज में सिर्फ फराज अकरम (27) ही कुछ देर चले। उन्होने दो चौके और दो छक्के लगा कर दर्शकों का मनोरंजन किया मगर यह भारत को जीत से दूर करने के लिये अपर्याप्त पारी थी। भारत के लिए मुकेश कुमार के अलावा शिवम दुबे ने दो विकेट निकाले जबकि तुषार देशपांडे, अभिषेक शर्मा और वशिंगटन सुंदर को एक एक विकेट मिला।

पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में जिम्बाब्वे को 4-1 से हराने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती भारतीय युवा टीम। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

भारत 167/6 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो रजा	12	5	0/2
शुभमन गिल का रजा बो नगारवा	13	14	2/0
अभिषेक शर्मा का मेडेंडे बो मुजरबानी	14	11	1/1
संजू सैमसन का मरूमानी बो मुजरबानी	58	45	1/4
रियान पराग का नगारवा बो मावुता	22	24	0/1
शिवम दुबे रन आउट	26	12	2/2
रिंकू सिंह नाबाद	11	9	0/1
वाशिंगटन सुंदर नाबाद	1	1	0/0

अतिरिक्त : 10, **गेंदबाजी :** रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1

जिम्बाब्वे 125/10 (18.3 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश	0	3	0/0
ताडिवनाशे मरूमानी पगबाधा बो सुंदर	27	24	5/0
ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश	10	8	2/0
डियोन मायर्स का अभिषेक बो दुबे	34	32	4/1
सिकंदर रजा रन आउट	8	12	0/0
जॉनाथन कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे	4	7	0/0
क्लाइव मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक	1	4	0/0
फराज अकरम का सैमसन बो मुकेश	27	13	2/2
ब्रेंडन मावुता का एवं बो देशपांडे	4	7	0/0
ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद	1	2	0/0
रिचर्ड नगारवा बो मुकेश	0	1	0/0

अतिरिक्त : 9, **गेंदबाजी :** मुकेश 3 .3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2

शुभंकर 61वें और थेगाला चौथे स्थान पर

नॉर्थ बेरविक, एजेंसी

भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में इवन पार 70 का स्कोर बनाया जिससे वह जेनेसिस स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 61वें स्थान पर पहुंच गए। शुभंकर ने छह बर्डी लगाई लेकिन इसके साथ वह इतनी ही बोगी कर बैठे।

तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन अंडर है। स्वीडन के लुडविग एबर्ग ने 17 अंडर के कुल स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्ट मैकइंटायर 15 अंडर के साथ दूसरे जबकि पीजीए टूर विजेता एडम स्कॉट 14 अंडर का कुल स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी साहित थेगाला (65-66-66) अमेरिका के कोलिन मोरिकावा (66), दक्षिण कोरिया के सुंगजे इम (67) और फ्रांस के एंटोनी रोजनर (68) के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन सभी का कुल स्कोर 13 अंडर है।

अदिति एवियन चैंपियनशिप में 22वें स्थान पर पहुंचीं

एवियन लेस बैंस (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे दौर के आखिरी चार होल में तीन बर्डी लगाकर चार अंडर 67 का कार्ड बनाया जिससे वह 22 पायदान की छलांग लगाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गईं। अब तक 30 से अधिक मेजर खेल चुकी अदिति का कुल स्कोर तीन दौर के बाद पांच अंडर पर है। इस प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि 80 लाख अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से विजेता को 12 लाख डॉलर मिलेंगे। तीसरे दौर के बाद ऑस्ट्रेलिया की स्टेफनी काइरियाकौ जापान की अयाका फुरु और अमेरिका की लॉरेन कफ़लिन से एक स्ट्रोक आगे चल रही हैं।

पेरिस ओलंपिक में पदक का रंग बदलना चाहता हूं : निशांत देव

नई दिल्ली, एजेंसी

आत्मविश्वास से लबरेज मुक्केबाज निशांत देव की निगाहें इस महीने पेरिस ओलंपिक में भारत के मुक्केबाजी पदकों के रंग को कांसे से बदलकर स्वर्ण में करने पर लगी हैं। भारत के लिये तीन मुक्केबाज विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकॉम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2021) ने ओलंपिक पदक जीते हैं जिसमें सभी का रंग कांस्य पदक रहा है।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा मेरा लक्ष्य मुक्केबाजी में मिले पदकों का रंग बदलना है। हमारे देश के मुक्केबाजों ने अब तक कांस्य पदक जीते हैं, पर स्वर्ण और रजत पदक नहीं जीत सके हैं। देव ने कहा मैं कांस्य को रजत नहीं बल्कि स्वर्ण में बदलना चाहता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सकता हूं।

● जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा, मुझे भरोसा है मैं यह उपलब्धि हासिल करूंगा

बॉलीवुड हलचल

रवि के साथ काम करेंगी उर्वशी

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा के साथ फिल्म प्रजाला मनीषी में काम करती नजर आ सकती हैं। प्रजाला मनीषी एक हाई-वोल्टेज मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी। प्रोडक्शन हाउस, पीपल मीडिया फैक्ट्री, इस प्रोजेक्ट का निर्माण करेगा। यह फिल्म एक दमदार मास एंटरटेनर होगी। इस फिल्म में रवि तेजा, उर्वशी रौतेला और डिंपल हयाती मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म प्रजाला मनीषी को बहुत बड़े बजट में बनाया जाएगा। रवि तेजा, हरीश शंकर की मिस्टर बच्चन और भानु भोगवरपु द्वारा निर्देशित अपनी अनाम 75वीं फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। वे इस साल इन दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इसके बाद अगले साल फिल्म प्रजाला मनीषी की शूटिंग शुरू होगी।

श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाएंगे सिद्धार्थ आनंद

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाने जा रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के जीवन की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कोलंबिया के 52 साल पुराने गृहयुद्ध को बिना एक भी गोली चलाए सुलझा दिया था। नीतू महावीर जैन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। यह एक वीडियो पोस्ट है जिसमें श्री श्री रविशंकर को अलग-अलग इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित किया जा रहा है। नीतू महावीर जैन ने वीडियो पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी है कि सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने के लिये साथ आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में बताया है कि इस कहानी को बताना जरूरी है क्योंकि 52 साल पहले गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की वजह से ही बिना एक भी गोली चलाए कोलंबिया का गृहयुद्ध सुलझा था। इस फिल्म की कहानी लैटिन अमेरिका की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए बनाया गया है। इसमें दुनिया भर से कई मशहूर कलाकार और क्रू मेंबर्स शामिल हैं।

कनाडा को हराकर तीसरे स्थान पर रहा उरुग्वे

चार्लोट (अमेरिका), एजेंसी

स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।

उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा। पेनल्टी शूट आउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज बॉम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। इससे पहले बेंटानकुर ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी थी लेकिन कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

कोपा कप के अपने आखिरी मुकाबले में कनाडा के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद उरुग्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : लोरेंजो

न्यू जर्सी। कैफेटेरोस के मैनेजर नेस्टर लोरेंजो ने शनिवार को कहा कि कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मौजूदा कोपा अमेरिका और विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना, फीफा की नवीनतम विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, कोलंबिया जो अपने दूसरे और 2001 के बाद से पहले कोपा अमेरिका खिताब की तलाश में है। 2022 की शुरुआत में 28 गेम अजेय रहने के बावजूद, रैंकिंग में 12वें स्थान पर है। लोरेंजो ने कहा हमें हर चीज के चैंपियन को हराने के लिए कोलंबिया का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने की जरूरत है। लोरेंजो ने 2022 कॉनमबोल-यूईएफए कप ऑफ चैंपियंस में इटली पर अर्जेंटीना की जीत का भी संकेत दिया। उन्होने कहा "अगर हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो हम यहां नहीं होते। लेकिन अर्जेंटीना को हराने के लिए आपके पास प्रत्येक खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ संस्करण होना चाहिए और उसे गुणा करना होगा। केवल 10 खिलाड़ियों के साथ 45 मिनट से अधिक समय तक खेलने के बावजूद, कोलंबिया अपने आखिरी मैच में उरुग्वे को 1-0 से हराकर फाइनल में पहुंचा। दूसरे सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर आगे बढ़ाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल पर इजराइली हमले में 15 मरे

गाजा, एजेंसी

- गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या 38,584 तक पहुँच गई है, जबकि 88,800 से अधिक हुए घायल

गाजा के मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर में स्थित नियर ईस्ट (यूएनआरडब्ल्यूए) स्कूल में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी पर इजराइली हमले में पंद्रह लोगों की मौत हो गई और 80 घायल हो गए। स्थानीय सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा, इजराइल के कब्जे ने नुसीरात शिविर में अबू ओरेइबन स्कूल में विस्थापित लोगों का भीषण नरसंहार किया है, जिसमें 15 लोग मारे गए और 80 घायल हो गए।

सात अक्टूबर, 2023 को, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। इसके बाद इज़राइल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। फ़िलिस्तीनी एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, पिछले अक्टूबर से गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या 38,584 तक पहुँच गई है, जबकि 88,800 से अधिक घायल हुए हैं।

केपी शर्मा ओली नेपाल के नए प्रधानमंत्री नियुक्त

काठमांडू। नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली को नयी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। ओली (72) ने पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह ली है, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली को नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली नयी मंत्रिपरिषद के साथ सोमवार को शपथ लेंगे।

नेपाल में बस हादसे में मृतक संख्या पांच हुई

काठमांडू, एजेंसी

- चितवन जिले में भूस्खलन के कारण उफनती नदी में दो बसें बह जाने के बाद से लापता थे

नेपाल में बचावकर्मियों ने रविवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया जो पिछले सप्ताह चितवन जिले में भूस्खलन के कारण उफनती नदी में दो बसों के बह जाने के बाद लापता हो गया था। यह जानकारी पुलिस ने दी। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जिनमें एक भारतीय भी शामिल है। बचाव दल को रविवार को गैंडाकोट-7 में पांचवां शव मिला।

बचाव दल शुक्रवार को भूस्खलन के बाद उफनती त्रिशूली नदी में दो बसों के बह जाने के बाद लापता यात्रियों की तलाश कर रहे थे। मायरिपब्लिका न्यूज पोर्टल ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि तलाशी अभियान के दौरान अब तक एक भारतीय समेत केवल पांच शव बरामद किए गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक समेत तीन मृतकों की पहचान सार्वजनिक कर दी गई है, जबकि दो अन्य शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि पहला शव शनिवार सुबह दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर बरामद किया गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के ऋषि पाल शाही (40) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत में दबा हुआ मिला था और उसकी जेब से एक भारतीय पहचान पत्र मिला है।

एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर की संख्या 10 करोड़ के पार पहुंची

नयी दिल्ली, एजेंसी

- पिछले तीन साल में फॉलोअर की संख्या में तीन करोड़ की वृद्धि हुई

सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फॉलोअर की संख्या रविवार को 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन साल में उनके फॉलोअर की संख्या में तीन करोड़ की वृद्धि हुई है। वैश्विक स्तर पर वह पहले से ही इस सोशल मीडिया मंच पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले सरकार प्रमुख हैं। अधिकारियों ने बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जैसे विपक्षी नेताओं के क्रमशः 2.75 करोड़ और 2.64 करोड़ फॉलोअर के मुकाबले मोदी के फॉलोअर की संख्या कई गुना अधिक है। अन्य देशों की सरकार प्रमुखों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के 3.81 करोड़ और तुर्की के राष्ट्र प्रमुख रजब तैयब एर्दोआन के 2.15 करोड़ फॉलोअर हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक्स पर 100 करोड़! इस जीवंत माध्यम पर आकर और चर्चा, बहस, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना तथा बहुत कुछ का हिस्सा बनकर खुश हूं। भविष्य में भी इसी प्रकार से लोगों से जुड़े रहने को उत्सुक हूं। एक अधिकारी ने कहा, मौजूदा वैश्विक खिलाड़ियों जैसे विराट कोहली (6.41 करोड़), ब्राजील के फुटबॉलर नेमार जूनियर (6.36 करोड़) और अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स (5.29 करोड़) से भी ज्यादा फॉलोअर प्रधानमंत्री मोदी के हैं। अधिकारी ने कहा, वह टेलर स्विफ्ट (9.53 करोड़), लेडी गागा (8.31 करोड़) और किम करदाशियां (7.52 करोड़) जैसी हस्तियों से भी आगे हैं। साल 2009 में ट्विटर से जुड़ने के बाद से ही प्रधानमंत्री लगातार इस माध्यम से लोगों से जुड़े रहे हैं।

एक नजर

इजराइल ने दमिश्क में स्थलों को निशाना बनाया

दमिश्क। इजराइल ने रविवार की आधी रात को सीरिया की राजधानी दमिश्क में सिलसिलेवार हमला करते हुए कई ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे पूरे शहर विस्फोट से गूंज उठा। सीरियाई राज्य टीवी ने कहा कि सीरियाई हवाई सुरक्षा दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में इजरायली हमले को रोक रही है। सीरियाई वायु रक्षा मिसाइलों की लगातार आवाज के बीच इस बार का हमला सामान्य हमलों से बड़ा था। राजधानी के कुछ हिस्सों में एम्बुलेंस के सायरन सुने गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि यह हमला बहुत हिंसक था।

कंबोडिया में लापता सैन्य हेलीकाप्टर, तलाश जारी

नोम पेन्ह। कंबोडिया में लापता सैन्य हेलीकाप्टर के लिए खोज एवं बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि खराब मौसम की स्थिति के बीच खोज और बचाव अभियान जारी है। लापता सैन्य हेलीकॉप्टर में दो लोग सवार हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पुरसैट और कोह कांग प्रांतों में घने जंगलों वाले कार्डामोन पर्वत श्रृंखला के ऊपर से उड़ान भरते समय हेलिकॉप्टर का वायुसेना मुख्यालय से संपर्क टूट गया। इसका कारण खराब मौसम बताया गया है। बयान में कहा गया, हेलीकॉप्टर में दो व्यक्ति सवार है जिनमें एक कैप्टन और एक पायलट। बयान में कहा गया कि खराब मौसम और धुंध के बावजूद खोज और बचाव अभियान जारी है।

दक्षिण अफ्रीका के जंगलों में आग से सात की मौत

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के क्वाज़ुलु-नताल प्रांत के जंगल में लगी भीषण आग के कारण सात लोगों की मौत हो गई और 196 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए। यह जानकारी प्रांतीय सरकार ने शनिवार को दी। सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के प्रांतीय विभाग ने एक बयान में कहा कि एक सप्ताह पहले लगी जंगल की आग ने कुल 751 लोगों को प्रभावित किया है और किंग सेत्सवेयो, इलेम्बे, उथुकेला और ज़ुलुलैंड सहित जिलों में खेतों और घरों को नुकसान पहुंचाया है। विभाग ने कहा कि आग से 14,000 हेक्टेयर से अधिक चरागाह भूमि नष्ट हो गई है और 1,600 जानवर मारे गए हैं। परिवहन और मानव बस्तियों की प्रांतीय परिषद के एक अधिकारी सिबोनिसो ड्यूमा ने कहा कि नष्ट हुए घरों की संख्या बढ़ रही है क्योंकि जंगल की आग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वे प्रभावित परिवारों को खोजने का काम कर रहे हैं।

प. जापान में भूस्खलन में तीन लोगों की मौत

टोक्यो। जापान के पश्चिमी क्षेत्र एहिमे में भूस्खलन में फंसने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन कर्मियों और पुलिस ने एहिमे प्रान्त के मात्सुयामा में शनिवार दोपहर को आपदा प्रभावित क्षेत्र की तलाशी ली जहां दो पुरुष और एक महिला मृत पाए गए। बाद में पुष्टि की गई कि वे उस परिवार के सदस्य थे जो भूस्खलन के बाद से लापता थे। यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग चार बजे हुई जब एक पहाड़ से लगभग 50 मीटर चौड़ी और 100 मीटर ऊंची ढलान ढह गई, जिससे मिट्टी आसपास के घरों में चली गई। पीड़ितों में 90 साल का एक पुरुष, 80 साल की एक महिला और 40 साल का उनका बेटा था, परिवार के सभी लोग एक लकड़ी के घर में रहते थे जो भूस्खलन के कारण ढह गया किसी के लापता होने की कोई रिपोर्ट नहीं है और भूस्खलन स्थल पर तलाश बंद कर दी गई है।

राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा देगा ट्रंप पर हमला

अमेरिकी मीडिया ने पूर्व राष्ट्रपति पर हुए हमले को भयावह क्षण करार दिया और गंभीर खतरे से चेताया

वाशिंगटन, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद अमेरिका मीडिया में प्रकाशित खबरें। ● एजेंसी

- द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि दोनों दलों के नेता सामूहिक रूप से भड़काऊ बयानों का विरोध करें
- द वॉल स्ट्रीट जनरल ने कहा कि राजनीतिक शत्रुता और घृणित बयानबाजी से बढ़ती है ऐसी घटना

अमेरिकी मीडिया ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को रविवार को भयावह क्षण करार दिया और कहा कि यह देश में लोकतंत्र के समक्ष राजनीतिक हिंसा से उत्पन्न होने वाले खतरे की गंभीर चेतावनी है। ट्रंप (78) पर शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान एक युवा हमलावर ने गोली चलाई, जो उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि शनिवार को अमेरिकियों को हमारे लोकतंत्र के समक्ष मौजूद राजनीतिक हिंसा के खतरे की चेतावनी मिली। समाचार पत्र ने कहा, अब दोनों दलों के नेताओं और व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से अमेरिकियों की यह जिम्मेदारी है कि वे हिंसा और इसे बढ़ावा देने वाले भड़काऊ बयानों का विरोध करें। अमेरिकियों को भी इस चुनौती के बारे में स्पष्ट रूप से सोचना चाहिए जिसका सामना यह देश कर रहा है। शनिवार की घटना को अपवाद नहीं माना जा सकता। हिंसा अमेरिकी राजनीति को संक्रमित व प्रभावित कर रही है।

द वॉल स्ट्रीट जनरल ने कहा कि हत्या का प्रयास अमेरिका के लिए एक भयावह क्षण है जो इससे भी बदतर हो सकता था, लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक है। समाचार पत्र ने कहा कि राजनीतिक शत्रुता और घृणास्पद बयानबाजी एक ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जिसकी वजह से अमेरिका में हिंसा व हत्या के प्रयास हुए हैं और हममें से कुछ लोगों को अब भी 1968 की घटना अच्छी तरह याद है। हमलावर अपने किए के लिए खुद ही जिम्मेदार है, लेकिन दोनों पक्षों के नेताओं को चुनाव के दौरान भड़काऊ बातें कहनी बंद कर देनी चाहिए, अगर कोई एक उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है तो लोकतंत्र खत्म नहीं होगा। समाचार पत्र ने कहा, अगर ट्रंप जीतते हैं तो देश में तानाशाही नहीं आ जाएगी।

सीएनएन ने एक लेख में कहा कि एक पूर्व राष्ट्रपति और नवंबर में होने वाले चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से नामांकन स्वीकार करने से कुछ ही दिन पहले एक चुनावी रैली में ट्रंप को निशाना बनाया जाना निश्चित रूप से लोकतंत्र और अपना नेता चुनने के प्रत्येक अमेरिकी के अधिकार पर हमला है।

हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा

वाशिंगटन। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार बेन मैकर नामक एक व्यक्ति ने कहा कि उसने हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा। उसने एक अधिकारी को बताया कि ट्रंप अपने समर्थकों को जिस स्थान से संबोधित कर रहे थे, उससे लगभग 200 से 250 गज दूरी पर हमलावर था। मैकर ने कहा, जब मैं वापस अपनी जगह पर जाने के लिए मुड़ा तो गोलियां चलने लगीं और फिर चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। हम सब वहां से भाग गए। बटलर निवासी रयान नाइट ने भी कहा कि उसने संदिग्ध हमलावर को अमेरिकन ग्लास रिसर्च बिल्डिंग के ऊपर देखा था। नाइट ने कहा, मैं गोलीबारी से करीब 20 मिनट पहले उस घेराबंदी के पास जाकर खड़ा हो गया, जहां ट्रंप थे। जब मैं ऐसा कर रहा था तो मैं एजीआर बिल्डिंग के निकट ही था और हमलावर वहीं था। उसने कहा, जब मैं वहां बैठा था तो एक व्यक्ति ने कहा कि उसके पास एक बंदूक है। जब मैंने ऊपर देखा तो इमारत के ऊपर एक आदमी था जिसके पास एक एम16 और एक कंबल था और उसका निशाना राष्ट्रपति की ओर था। उसने गोली चलानी शुरू कर दी। चार से पांच गोलियां चलीं। मैं नीचे कूद गया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने कहा कि वह रैली के चौंकाने वाले दृश्यों से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, किसी भी रूप में राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और मेरी संवेदनाएं इस हमले के सभी पीड़ितों के साथ हैं।

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने हत्या के प्रयास को एक त्रासदी करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, यह हमारे लोकतंत्रों के लिए एक त्रासदी है। फ्रांस अमेरिकावासियों के सदमे और आक्रोश को साझा करता है।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वह ट्रम्प के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव अभियान के आने वाले महीनों में संवाद और जिम्मेदारी नफरत तथा हिंसा पर हावी हो सकती है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने एक्स पर लिखा, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अभियान रैली के दौरान हुई गोलीबारी से मैं बहुत स्तब्ध हूं। उन्होंने ट्रंप के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश की कड़ी निंदा की और शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानी ने कहा, यह उन लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत एक अक्षम्य हमला था, जो ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी साझा करते हैं तथा स्वतंत्रता, जिसे हम संजोते हैं। ये मूल्य वे हैं जो दोनों देशों को एकजुट करते हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वे पेंसिल्वेनिया में चुनावी रैली में ट्रम्प पर गोली चलाए जाने की घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और दुनिया में कहीं भी इसके लिए कोई जगह नहीं है।

ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, हमारे लोकतंत्र में किसी भी प्रकार की राजनीतिक हिंसा स्वीकार्य नहीं है। मैं हमले से प्रभावित पीड़ितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि दुनिया को लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ़ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।

इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह और उनकी पत्नी ट्रम्प के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सारा और मैं राष्ट्रपति ट्रंप पर हुए हमले से स्तब्ध हैं। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

अमेरिकी राजनेताओं पर हुए हमलों का इतिहास

वाशिंगटन। अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले से पहले भी इस देश में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 1776 से देश के राजनीतिक इतिहास में हत्या और हत्या के प्रयासों की कुछ ऐसी ही घटनाएं इस प्रकार हैं :

- **अब्राहम लिंकन** : अब्राहम लिंकन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे, जिनकी जॉन वाइक्स बूथ ने 14 अप्रैल 1865 की गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान वह अपनी पत्नी मेरी टॉड लिंकन के साथ वाशिंगटन के फोर्ड थियेटर में अवर अमेरिकन कजिन नाटक देख रहे थे। बूथ की 26 अप्रैल 1865 को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वह वर्जीनिया के बाउलिंग ग्रीन के समीप खेत में छिपा मिला था।
- **एम्स गारफील्ड** : गारफील्ड देश के दूसरे राष्ट्रपति थे जिनकी कार्यभार संभालने के छह महीने बाद हत्या कर दी गयी थी। वह दो जुलाई 1881 को वाशिंगटन में एक ट्रेन स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी चार्ल्स गितेऊ ने उन्हें गोली मार दी थी। गितेऊ को जून 1882 में दोषी ठहराया गया और मृत्युदंड दिया गया।
- **विलियम मैकिनले** : मैकिनले को छह सितंबर 1901 में न्यूयॉर्क के बफेलो में तब गोली मारी गई थी जब वह भाषण देने के बाद लोगों से हाथ मिला रहे थे। एक व्यक्ति ने नजदीक से उनकी छाती में दो गोली मारी। मैकिनले की 14 सितंबर 1901 में मौत हो गयी थी। उनके बाद उपराष्ट्रपति थियोडर रूजवेल्ट देश के राष्ट्रपति बने थे। डेट्रॉइट के 28 वर्षीय लियोन एफ ने गोली चलाने का अपराध स्वीकार किया गया था। उसे 29 अक्टूबर 1901 को करंट देकर मृत्युदंड दिया गया था।
- **फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट** : रूजवेल्ट ने मियामी में एक खुली कार से भाषण दिया ही था कि तभी गोलियां चलने की आवाज सुनायी दी। फरवरी 1933 में हुई इस घटना में रूजवेल्ट घायल नहीं हुए लेकिन इसमें शिकागो के मेयर एंटन कर्माक की जान चली गयी। इस हमले के दोषी गिसिप्पे जंगारा को मौत की सजा दी गयी।
- **हैरी एस. ट्रूमैन** : ट्रूमैन नवंबर 1950 में वाशिंगटन के ब्लेयर हाउस में थे तभी दो बंदूकधारी उसमें घुस गए थे। बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में ट्रूमैन तो बच गए थे लेकिन व्हाइट हाउस का एक पुलिसकर्मी और एक हमलावर मारा गया था। व्हाइट हाउस के दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस हमले में ऑस्कर कैलाजो को गिरफ्तार किया गया था और उसे मौत दी गयी थी। 1952 में ट्रूमैन ने उसकी मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने 1979 में उसे जेल से रिहा कर दिया था।
- **जॉन एफ. केनेडी** : केनेडी नवंबर 1963 में जब प्रथम महिला जैकलीन केनेडी के साथ डलास गए थे तो एक बंदूकधारी ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया था। केनेडी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने कुछ घंटों बाद ली हार्वे ओस्वाल्ड को गिरफ्तार कर लिया था और दो दिन बाद ओस्वाल्ड की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जब उसे पुलिस मुख्यालय से जेल ले जाया जा रहा था।
- **गेराल्ड फोर्ड** : फोर्ड पर 1975 में कुछ ही हफ्तों के भीतर दो जानलेवा हमले किए गए थे और वह दोनों घटना में बच गए।
- **रोनाल्ड रीगन** : रीगन मार्च 1981 में वाशिंगटन में भाषण देकर निकल रहे थे तभी भीड़ में शामिल जॉन हिंकले जूनियर ने उन्हें गोली मार दी। वह उपचार के बाद स्वस्थ हो गए थे।
- **जॉर्ज डब्ल्यू बुश** : बुश 2005 में जॉर्जिया के राष्ट्रपति मिखाइल साकाश्विली के साथ रैली में भाग ले रहे थे तभी एक हथगोला फेंका गया। हथगोला फटा नहीं और कोई भी हताहत नहीं हुआ था।
- **प्रत्याशी थियोडोर रूजवेल्ट** : पूर्व राष्ट्रपति रूजवेल्ट को 1912 में मिलवाकी में प्रचार के दौरान गोली मारी गयी थी। उन्हें इस हमले में कोई गंभीर चोट नहीं आयी थी।
- **प्रत्याशी रॉबर्ट एफ. केनेडी** : केनेडी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बनने की दौड़ में शामिल थे तभी 1968 में लॉस एंजिलिस में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।
- **प्रत्याशी जॉर्ज सी. वालेस** : वालेस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल थे तभी 1972 में मैरीलैंड में एक प्रचार अभियान के दौरान गोली मारी गयी थी। इस घटना के कारण उन्हें कमर के निचले हिस्से में लकवा मार गया था।

ट्रंप के फेसबुक, इंस्टाग्राम पर लगा प्रतिबंध हटाया

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

- प्रवक्ता ने कहा कि वह संभावित उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति बिडेन के बराबर में ला रहा

मेटा ने कहा कि कंपनी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहले लगाए गए किसी भी जुर्माने और प्रतिबंध को हटा रही है। मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह संभावित जीओपी उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति बिडेन के बराबर में ला रहा है।

वाशिंगटन डी.सी. में 6 जनवरी, 2021 के विद्रोह के तुरंत बाद कंपनी ने पहली बार ट्रम्प के सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके अकाउंट को दो वर्षों के लिए निलंबित कर दिया था।

जनवरी 2023 में मेटा ने कहा कि वह ट्रम्प को अपने मंच पर बहाल करेगा और अगले महीने उन्हें अपने अकाउंट तक पहुंच प्राप्त हुई लेकिन फिर भी उन पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाए गए। मेटा की नवीनतम घोषणा के बाद, अगर ट्रम्प मेटा के सामुदायिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें बहुत कम संभावित निलंबन का सामना करना पड़ेगा जो केवल कुछ दिनों तक रह सकता है। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष, निक क्लेग ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा है कि मूल निलंबन और दंड चरम और असाधारण परिस्थितियों की प्रतिक्रिया थी, और इसे लागू करने की आवश्यकता नहीं थी। क्लेग ने लिखा, अगले सप्ताह रिपब्लिकन सम्मेलन सहित पार्टी सम्मेलन जल्द ही होने के साथ, अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों को जल्द ही औपचारिक रूप से नामांकित किया जाएगा। राजनीतिक अभिव्यक्ति को स्वतंत्र रखना हमारी ज़िम्मेदारी है।

बंधुआ मजदूरी के आरोप में दो भारतीय नागरिक गिरफ्तार

रोम। इटली के वेरोना प्रांत में 33 कृषि श्रमिकों से बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में दो भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी मजदूर भारतीय हैं। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। इससे कुछ दिन पहले एक सिख कृषि मजदूर की मौत से देश स्तब्ध हो गया था। समाचार एजेंसी एएनएसए ने शनिवार को खबर दी कि वित्त पुलिस ने संदिग्धों की 4,75,000 यूरो की संपत्ति भी जब्त की है, जो कृषि क्षेत्र की दो कंपनियों के मालिक हैं और इनमें कोई कर्मचारी नहीं है और उन पर कर चोरी का आरोप भी है। इतालवी समाचार एजेंसी ने बताया कि दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ बंधुआ मजदूरी और श्रमिकों के शोषण सहित अन्य अपराधों के लिए जांच की जा रही है।

इमरान खान और बुशरा बीबी फिर गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

भ्रष्टाचार मामला

- अदालत ने दोनों को 22 जुलाई को पेश करने का आदेश दिया

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कथित भ्रष्टाचार के एक नये मामले की जांच के वास्ते रविवार को आठ दिनों की हिरासत के लिए भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों को सौंप दिया।

जिला एवं सत्र अदालत ने शनिवार को गैर इस्लामी शादी मामले में दोनों की दोषसिद्धि खारिज कर दी थी, जिसके शीघ्र बाद उन्हें राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने गिरफ्तार कर लिया था। इस अदालत के संक्षिप्त आदेश में यह भी कहा गया था कि यदि अन्य मामलों में दोनों वांछित नहीं हैं तो उन्हें तत्काल रिहा कर दिया जाए। खान दंपती के विरूद्ध नया तोशखाना मामला दर्ज करने वाली एनएबी ने रविवार को दोनों को जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अली वारिच के सामने पेश किया। न्यायाधीश ने कड़े सुरक्षा कारणों से अडियाला जेल के अंदर ही सुनवाई की।

खान दंपती को गिरफ्तार करने वाली टीम की अगुवाई करने वाले एनएबी के उपनिदेशक मोहसिन हारून ने अदालत से अनुरोध किया कि दोनों को ब्यूरो की हिरासत में भेजा जाए। अदालत ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद दोनों को आठ दिनों के लिए एनएबी की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने दोनों को 22 जुलाई को पेश करने का भी आदेश दिया।

पाकिस्तान में अस्थिरता और अनिश्चितता फैलाने में लगी ताकतों को बेनकाब किया जाए : शाहबाज

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देश में अस्थिरता एवं अनिश्चितता फैलाने में लगे तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत पर बल दिया है क्योंकि आर्थिक रूप से खस्ताहाल उनकी सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। एआरवाई न्यूज की खबर है कि शरीफ ने सीनेट (पाकिस्तानी संसद के एक सदन) में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के संसदीय दल के नेता तथा विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष इरफान सिद्दिकी के साथ बैठक के दौरान परोक्ष रूप से विपक्ष की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। किसी भी दल का नाम लिये बगैर प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को सरकार, देश एवं राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थानों के विरुद्ध चल रहे संगठित अभियान को विफल करने की प्रभावी रणनीति विकसित करने पर जरूर ध्यान देना चाहिए। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी सभी मोर्चों पर सरकार का विरोध कर रही है और आरोप लगा रही है कि पीएमएल-एन ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के जनादेश को चुरा लिया है। खान जेल में बंद हैं। विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सिद्दिकी को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जतायी कि उनके नेतृत्व में यह समिति दुनिया में पाकिस्तान की सकारात्मक और शांतिपूर्ण छवि को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देगी।